वर्ष 72 अंक 324 पृष्ठ 12
रीवा, शुक्रवार 22 अगस्त, 2025
भाद्रपद कृष्ण पक्ष 14, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

कोई काम शुरू करने से पहले स्वयं से 3 प्रश्न कीजिए, मैं यह क्यों कर रहा हूं, इसके परिणाम क्या हो सकते हैं और क्या मैं सफल होगा और जब गहराई से सोचने पर इन प्रश्नों के संतोषजनक उत्तर मिल जाए तभी आगे बढ़ें। -**चाणक्य**

**ऑफ बीट**

## पृथ्वी से टकराने वाला है रहस्मय स्पेसयान



*क्या ब्रह्मांड में हम अकेले हैं या किसी अलौकिक शक्तियों का भी वास है? यह एक ऐसा सवाल है, जो सदियों से इंसान को परेशान करता रहा है। लेकिन अब अंतरिक्ष की दुनिया से एक ऐसी खबर सामने आई है, जिसने वैज्ञानिकों को भी हिलाकर रख दिया है। स्पेस से एक रहस्यमय वस्तु तेजी से धरती की ओर बढ़ रही है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के एक जाने माने वैज्ञानिक का दावा है कि यह कोई सामान्य धूमकेतु नहीं, बल्कि एक एलियन स्पेसशिप हो सकती है। इस वस्तु को थ्रीआई-एटलस नाम दिया गया है। 1 जुलाई को इसका पता चला था, और तब से ही वैज्ञानिक इस पर नजर रख रहे हैं। इसकी रफ्तार बहुत चौंकाने वाली है। यह 1,35,000 मील प्रति घंटे की रफ्तार से हमारी ओर आ रही है।*

**जीएसटी**
**जीओएम ने दी मंजूरी**

# 12 व 28% वाले स्लैब खत्म होंगे, राहत मिलने की उम्मीद!

**नई दिल्ली, जेएनएन।** वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी) रेट्स को युक्तिसंगत बनाने को लेकर मंत्रिसमूह (जीओएम) ने गुरुवार को हुई खास बैठक में केंद्र सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस प्रस्ताव के तहत अब जीएसटी में दो स्लैब 5 फीसदी और 18 फीसदी कर दिए जाएंगे। बाकी 12 फीसदी और 28 फीसदी को हटा दिया जाएगा।

बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में 6 सदस्यीय जीओएम ने 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत की मौजूदा चार दरों वाली स्ट्रक्चर को 2 स्लैब से बदलने की योजना को स्वीकार कर लिया है। 5 प्रतिशत अच्छी वस्तुओं और सेवाओं के लिए, 18 प्रतिशत टैक्स मानक वस्तुओं के लिए होगा। वहीं तंबाकू वाले प्रोडक्ट्स पर 40 प्रतिशत हाई रेट लगेगा। यानी 12 और 18 प्रतिशत वाले टैक्स स्लैब खत्म हो सकते हैं। पैनल ने यह भी सिफारिश की है कि लक्जरी कारों पर 40 फीसदी की दर से कर लगाया जाए, जो पहले 50 फीसदी से ज्यादा था।




**समूह में ये हैं शामिल**

मंत्री समूह के सदस्यों में उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, राजस्थान के स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह, प. बंगाल की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य, कर्नाटक के राजस्व मंत्री कृष्ण बायरे गौड़ा और केरल के वित्त मंत्री केएन बालगोपाल शामिल हैं।

### मिडिल क्लास किसानों को बड़ी राहत होगी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि जीएसटी में इस बदलाव से मिडिल क्लास, किसानों और एमएसएमई को बड़ी राहत मिलेगी, साथ ही एक सरल, पारदर्शी टैक्स स्ट्रक्चर मिलेगा।

**चीजें होंगी सस्ती:** अगर जीएसटी काउंसिल इसकी मंजूरी देता है, तो 12 फीसदी के तहत 99 प्रतिशत वस्तुओं को 5 फीसदी वाले टैक्स स्ट्रक्चर में डाला जाएगा, जबकि 28 प्रतिशत रेट्स वाले 90 फीसदी वस्तुओं की कैटेगरी चेंज करके 18 फीसदी वाले कैटेगरी में शिफ्ट कर दिया जाएगा। इससे वस्तुओं के दाम में कमी आएगी। केंद्र का तर्क है कि इस बदलाव से जीएसटी सरल होगा और नियम पालन करने वालों की संख्या बढ़ेगी।

**बीमा और हेल्थ पर टैक्स छूट से 9700 करोड़ का बोझ:** मंत्री समूह ने व्यक्तियों के लिए स्वास्थ्य और जीवन बीमा पर जीएसटी छूट देने के केंद्र के प्रस्ताव की भी समीक्षा की, जिससे सालाना करीब 9,700 करोड़ का राजस्व प्रभावित होगा। अधिकांश राज्यों ने इसका सपोर्ट किया है, लेकिन यह भी कहा है कि इसका लाभ सीधे पॉलिसी होल्डर्स को मिलना चाहिए।

**अभी अंतिम फैसला नहीं:** हालांकि, अभी ये अंतिम फैसला नहीं है, यह सिर्फ जीएसटी काउंसिल से एक सिफारिश है। जीएसटी काउंसिल द्वारा अपनी आगामी बैठक में अंतिम मंजूरी के लिए इन सिफारिशों पर विचार किए जाने की उम्मीद है।

**ड्रग तस्कर पर शिकंजा:** सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

# मछली परिवार का रसूख जमींदोज

**30** साल बाद अवैध कोठी पर सख्ती

**1990** में सरकारी भूमि पर निर्माण

**15000** वर्गफीट की कोठी में थे 30 कमरे

**25** करोड़ रु. कोठी की मौजूदा कीमत

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** ड्रग तस्करी के आरोपी यासीन मछली और उसके चाचा शाहवर मछली के परिवार की तीन मंजिला कोठी को गुरुवार को जमींदोज कर दिया गया। मछली परिवार ने करीब 15 हजार वर्गफीट जमीन पर कब्जा कर यह कोठी बनाई थी। तीन मंजिला कोठी में 30 से ज्यादा कमरे थे, जिसमें राजनेता, अफसरों सहित रसूखदारों का आना-जाना लगा रहता था। गुरुवार को जैसे ही कोठी पर जिला प्रशासन ने कार्रवाई शुरू की, कुछ लोग धार्मिक नारे लगाने लगे। इस पर मछली परिवार सहित कुछ लोगों ने आपत्ति जताई, तो प्रशासन और पुलिस के आला अधिकारियों ने सख्ती बरतते हुए इन लोगों को वहां से हटा दिया। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में जिला प्रशासन का अमला सुबह 10.30 बजे पहुंचा। इसके पहले मछली परिवार को कोठी में रखे सामान को बाहर निकालने के लिए समय दिया गया। इसके बाद प्रशासन ने कार्रवाई शुरू की। शाम 4.30 बजे जैसे ही पोकलेन मशीन ग्राउंड फ्लोर पर स्थित खंभे तोड़ रही थी, पूरी इमारत भरभराकर जमींदोज हो गई।

इसके पहले 30 जुलाई को हथाईखेड़ा के अनंतपुरा इलाके में स्थित मछली परिवार के 6 अन्य ठिकानों को जमींदोज किया गया था। इस दौरान करीब 50 एकड़ जमीन से कब्जा हटवाया गया था। मछली परिवार ने जिस जगह पर सरकारी जमीन घेर रखी है। वहां आसपास छोटी-छोटी बस्तियां हैं। इलाके में सबसे आलीशान मकान मछली परिवार का था, जो हथाईखेड़ा डैम से कुछ ही मीटर की दूरी पर था। हालांकि, अब यह निर्माण पूरी तरह से जमींदोज हो गया है।

मछली परिवार ने करीब 25 करोड़ रुपए खर्च कर यह आलीशान कोठी बनाई थी। इसमें 30 से ज्यादा कमरे थे, जहां अक्सर बड़ी महफिलें सजती थीं। शाम के समय कोठी तक बड़े वाहनों की आवाजाही शुरू हो जाती थी। रात में देर तक लोग यहां मौजूद रहते थे। कई बार देर रात हवाई ■ शेष पृष्ठ 7 पर




4.30 बजे कोठी धराशायी

### तिरंगा लेकर पहुंचा शख्स बोला-उससे मारपीट की

कार्रवाई के दौरान एक व्यक्ति हाथ में तिरंगा झंडा लेकर मछली परिवार के खिलाफ नारेबाजी करने लगा। राजेश तिवारी नामक इस युवक की मानें तो 2021 में उनका अपहरण कर यासीन का चाचा शारिक उन्हें अपने साथ फार्म हाउस ले गया था। यहां उनके साथ मारपीट की गई और मादक पार्थ देकर वहीं रखा गया और मोबाइल से 50 हजार रुपए ट्रांसफर भी कराए गए थे।

### हथाईखेड़ा डैम से 500 मीटर में किया था निर्माण

मछली परिवार के पास हथाईखेड़ा डैम से मछलियां निकालने का ठेका है। परिवार ने डैम से करीब 500 मीटर की दूरी पर यह कोठी बना रखी थी, जहां से परिवार रसूख संचालित करता था। परिवार के सदस्यों पर ड्रग तस्करी और लव जिहाद के आरोपों के बाद कार्रवाई की गई। इस दौरान जिला प्रशासन, नगर निगम और पुलिस बल के 300 से ज्यादा अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। कोठी को तोड़ने 2 पोकलेन मशीन के साथ 6 बुलडोजर भी लगाए गए थे। कोठी इतनी मजबूत थी कि दोनों भारी मशीन को इसे तोड़ने में 6 घंटे से अधिक समय लगा, जबकि 30 जुलाई की कार्रवाई में इतने समय में 6 अवैध निर्माण हटाए गए थे।

"शासकीय जमीन पर बनी अवैध कोठी को जिला प्रशासन के अमले ने कार्रवाई कर जमींदोज कर दिया है। इसके पहले कब्जाधारियों को 3 सप्ताह का समय दिया गया था, ताकि वे अपना सामान कोठी से निकाल लें।
**-विनोद सोनकिया**, एसडीएम, हुजूर

**द्विपक्षीय सीरीज पर पाबंदी:** बहुराष्ट्रीय इंवेट को हरी झंडी

# एशिया कप: टी-20 में भिड़ेंगे भारत-पाकिस्तान

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत सरकार ने बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भारत का पाकिस्तान के खिलाफ मैच खेलने का रास्ता साफ कर दिया है। आगामी एशिया कप (टी-20 टूर्नामेंट) और महिला वनडे विश्व कप 2025 में भारत-पाकिस्तान मैच खेल सकेंगे। हालांकि, खेल मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि भारत, पाकिस्तान के खिलाफ द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेलेगा। अंतरराष्ट्रीय स्पोर्टिंग इवेंट को लेकर जारी निर्देशों में युवा मामले और खेल मंत्रालय ने कहा, जहां तक एक-दूसरे के देश में द्विपक्षीय सीरीज की बात है, तो भारत, पाकिस्तान में किसी भी सीरीज में हिस्सा नहीं लेगा और न ही पाकिस्तान को भारत में द्विपक्षीय सीरीज खेलने की अनुमति देगा। भारत और विदेश में अंतरराष्ट्रीय और बहुराष्ट्रीय इवेंट में हम अंतरराष्ट्रीय खेल संगठनों और हमारे खिलाड़ियों के हितों के पक्षधर हैं। भारतीय खिलाड़ी और भारतीय टीम उन अंतरराष्ट्रीय इवेंट में खेलेगी, जिसमें ■ शेष पृष्ठ 7 पर




**संसद की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित**

# सत्र: लोकसभा में 120 में से सिर्फ 37 घंटे हुई चर्चा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** 21 जुलाई से शुरू हुआ संसद का मानसून सत्र का गुरुवार को समाप्त हो गया। विपक्ष के हंगामे के चलते आखिरी दिन लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई है। हंगामे को लेकर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने सांसदों को फटकार भी लगाई। इस सत्र में बिहार में एसआईआर को लेकर खूब विवाद हुआ, जिसने दोनों सदनों की कार्यवाही को प्रभावित किया। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने बताया कि सदन में सिर्फ 37 घंटे ही चर्चा हो सकी, जबकि 120 घंटे का समय निर्धारित किया गया था। साथ ही 2 बार स्थगन के बाद लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। उन्होंने बताया कि सत्र में 419 सवाल किए गए, जिनमें से 55 के उत्तर दिए गए। स्पीकर ने हंगामे पर नाराजगी भी जताई। संसद के दोनों ही सदनों में प्रश्नकाल नहीं हो सका। सत्र के दौरान लोकसभा से 12 और राज्यसभा से 14 विधेयक पारित हुए। इनमें लोकसभा से मर्चेंट शिपिंग विधेयक, मणिपुर जीएसटी संशोधन विधेयक, राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक, आयकर विधेयक, टैक्सेशन लॉज (संशोधन) विधेयक, ■ शेष पृष्ठ 7 पर

**लोस में 12 राज्यसभा में 14 बिल पास**




**संक्षिप्त खबरें**

### असम में 18+वालों का नहीं बनेगा नया आधार कार्ड

**गुवाहाटी, जेएनएन।** असम में 18 साल से ज्यादा उम्र के लोगों का नया आधार कार्ड नहीं बनेगा। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा-असम कैबिनेट ने अवैध प्रवासियों को भारतीय नागरिकता से रोकने के लिए यह फैसला लिया है। सीएम सरमा ने बताया कि राज्य में 18 साल से अधिक उम्र के जिन लोगों के पास अभी तक आधार कार्ड नहीं है, उन्हें आवेदन के लिए एक महीने का समय दिया जाएगा। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और चाय जनजाति के 18+आयु वाले एक साल तक आधार कार्ड बनवा सकेंगे। उन्होंने कहा कि असम में कुछ खास वर्गों को छोड़कर बाकी सभी लोगों को आधार कार्ड मिल चुका है।

### मनु सहित 5 खिलाड़ी पद्म पुरस्कार के लिए नामित

**नई दिल्ली, जेएनएन।** केंद्रीय खेल मंत्रालय ने पांच खिलाड़ियों को पद्म पुरस्कारों के लिए नामित किया है। इनमें चार खिलाड़ी मनु भाकर, सरबजोत सिंह, स्वप्निल कुशाले और अमन सहरावत पेरिस ओलिंपिक के मेडलिस्ट हैं। वहीं, एक नाम चेस के मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन डी. गुकेश का है। मंत्रालय की ओर से ये नाम पद्म पुरस्कार समिति के पास भेजे गए हैं। पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन 1 मई से 15 सितंबर के बीच करना होता है। पुरस्कार समिति 26 जनवरी (गणतंत्र दिवस) के मौके पर पुरस्कारों की घोषणा करती है। पिछले साल पूर्व हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश को पद्म भूषण और दिग्गज स्पिनर आर अश्विन पद्मश्री मिला था। पद्म पुरस्कार भारत ने पिछले साल अगस्त-सितंबर में आयोजित पेरिस ओलिंपिक गेम्स में 6 मेडल जीते थे।

**संचालन एवं संधारण नीति की बैठक**

## 2 साल में हर ग्रामीण परिवार को नल से जल : मुख्यमंत्री

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** राज्य सरकार दो साल में हर ग्रामीण परिवार को नल से जल उपलब्ध कराएगी। इसके लिए लक्ष्य तय किए गए हैं। राजधानी भोपाल में भी 700 किमी पाइप लाइन से 30 हजार घरेलू नल कनेक्शन उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को इन दोनों लक्ष्यों के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निवास पर ग्रामीण जल-प्रदाय योजनाओं के संचालन एवं संधारण नीति की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि हर घर तक सतत जलापूर्ति सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता में है। इस दिशा में प्रदेश ने 70 प्रतिशत से अधिक लक्ष्य प्राप्त कर लिया है, शेष लक्ष्य हर हाल में मार्च 2027 तक पूरा करना है। उन्होंने कहा, पेयजल सुविधा आने वाले वर्षों तक सतत, गुणवत्तापूर्ण रूप में उपलब्ध हो। डॉ. यादव ने ■ शेष पृष्ठ 7 पर



## दादी बीमार, डॉक्टर ने पोते को लगा दिए 2 इंजेक्शन!

**जागरण, अशोकनगर।** जिले में एक डॉक्टर की गंभीर लापरवाही सामने आई है। खामखेड़ी गांव की एक महिला बेटे व 8 साल के पोते आदित्य के साथ स्थानीय डॉक्टर के क्लीनिक पर इलाज कराने पहुंची। महिला के इलाज के दौरान जब बेटा कृष्णपाल यादव बाहर गया, तब डॉक्टर ने बिना किसी बीमारी के बाहर बैठे बच्चे को दो इंजेक्शन लगा दिए। बच्चे के मना करने व दादी के साथ इलाज के लिए आने की बात बताने के बावजूद डॉक्टर ने मासूम की बात को अनसुना कर दिया। परिवार ने जब विरोध किया तो डॉक्टर ने धमकाकर भगा दिया। पीड़ित पुलिस चौकी पहुंचा। उसका आरोप है कि डॉक्टर के किसी से फोन कराने के बाद पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। डॉक्टर ने फोन पर भी परिवार को धमकी दी। घटना 18 अगस्त की है। गुरुवार को मामले की कलेक्टर, एसपी से शिकायत के बाद खुलासा हुआ। इधर, सीएमएचओ डॉ. अलका त्रिवेदी ने बताया कि मामले की जांच के लिए ईसागढ़ बीएमओ कुलदीप रघुवंशी को ढाकोनी भेजा गया है। जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



## 9वीं के छात्र ने टीचर को मारी गोली

### थप्पड़ मारने पर विवाद, लंच बॉक्स में लेकर आया था तमंचा

**देहरादून, जेएनएन।** उत्तराखंड के ऊधम सिंह नगर जिले के काशीपुर में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। एक निजी स्कूल में पढ़ने वाले 9वीं के छात्र ने अपने शिक्षक पर तमंचे से गोली चला दी। गोली शिक्षक के दाएं कंधे के नीचे लगी, जिसके बाद उन्हें गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

काशीपुर में कुंडेश्वरी रोड स्थित निजी स्कूल में बुधवार को शिक्षक गगनदीप सिंह कोहली सुबह 9.45 बजे भौतिक विज्ञान की क्लास लेने पहुंचे। लंच बाद वह क्लास रूम से बाहर निकले तभी पीछे से एक छात्र ने टिफिन बॉक्स से तमंचा निकाला और उन पर फायर झोंक दिया। छात्र भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन शिक्षकों ने उसे पकड़ लिया। घायल शिक्षक को निजी अस्पताल में पहुंचाया। बताया जाता है कि शिक्षक ने छात्र को थप्पड़ मार दिया था। इससे गुस्साए छात्र ने अपने लंच बॉक्स में तमंचा छिपाकर स्कूल पहुंचा और कक्षा में ही शिक्षक पर गोली चला दी। इस सनसनीखेज घटना के बाद पूरे जिले में शिक्षकों में रोष है। उत्तराखंड के सीबीएसई बोर्ड से जुड़े अध्यापक इस घटना के विरोध में धरने और हड़ताल पर बैठ गए हैं। काशीपुर सहित कई जगहों पर गुरुवार को स्कूल बंद रहे। पुलिस ने छात्र को हिरासत में ले लिया है और तमंचा बरामद कर जांच शुरू कर दी है। शिक्षक की हालत गंभीर बनी हुई है।

**यूएस नगर जिले में आज बंद रहेंगे निजी स्कूल**

शिक्षक को गोली मारने के विरोध में गुरुवार को जिले के सभी सीबीएसई और मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय बंद रहे। ऊधमसिंह नगर इंडिपेंडेंट स्कूल एसोसिएशन की बैठक में यह निर्णय लिया है। घटना के विरोध में शिक्षक काला दिवस मनाएंगे।

**पेशा**

**अमेरिका में शीर्ष 15 सबसे अधिक वेतन वाली नौकरियों में प्रोफेसनल पद**

# डॉक्टर, पायलट व इंजीनियर को 2 करोड़ तक वेतन

**वॉशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिका में नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर व रेडियोलॉजिस्ट जैसे विशेष चिकित्सा पेशेवर सबसे अधिक वेतन वाली नौकरियों की सूची में सबसे ऊपर हैं। ये सालाना 239,200 डॉलर (२.०९ करोड़) से अधिक वेतन मिलता है। एयरलाइन पायलट भी उच्च वेतन प्राप्त करते हैं, जो यात्री सुरक्षा और कुशल उड़ान संचालन के लिए उनकी जिम्मेदारी को दर्शाता है, जिसका औसत वार्षिक वेतन 226,600 डॉलर है। ये वेतन उनकी भूमिका, व्यापक शिक्षा, कठोर प्रशिक्षण और महत्वपूर्ण निर्णय लेने की क्षमता तय करती हैं।

यह आंकड़े अमेरिकी श्रम सांख्यिकी ब्यूरो की रिपोर्ट में सामने आए हैं। विशेषज्ञ चिकित्सक, शल्य चिकित्सक और अन्य विशेषज्ञ पेशेवर सबसे ज्यादा वेतन वाले पदों पर होते हैं, जो इन भूमिकाओं के व्यापक शिक्षा, कठोर प्रशिक्षण और महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों को दर्शाता है। इन क्षेत्रों में करियर के लिए सटीकता, उन्नत तकनीकी कौशल और महत्वपूर्ण निर्णय लेने की क्षमता की जरूरत होती है, जो उन्हें आर्थिक रूप से फायदेमंद और पेशेवर रूप से सम्मानित बनाता है। उच्च वेतन उनके काम की जीवन-प्रभावी प्रकृति, जटिल प्रक्रियाओं को करने के लिए आवश्यक विशेषज्ञता को भी दर्शाता है। श्रम सांख्यिकी ब्यूरो द्वारा अमेरिका में शीर्ष 15 सबसे ज्यादा वेतन वाली नौकरियों के लिए व्यापक मार्गदर्शिका बनाई गइ है, जिसे अंतिम बार 18 अप्रैल 2025 को संशोधित किया गया। इसमें उनके औसत वार्षिक वेतन और प्रत्येक पेशे के दायरे, जिम्मेदारियों और कमाई की क्षमता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है।



**सर्वाधिक वेतन वाली नौकरियां**

| | |
|---|---|
| 1. नेत्र रोग विशेषज्ञ (बाल चिकित्सा को छोड़कर) | 239,200+ |
| 2. चिकित्सक, अन्य सभी | 239,200+ |
| 3. रेडियोलॉजिस्ट | 239,200+ |
| 4. मनोचिकित्सक | 239,200+ |
| 5. पैथोलॉजिस्ट | 239,200+ |
| 6. प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ | 239,200+ |
| 7. न्यूरोलॉजिस्ट | 239,200+ |
| 8. आपातकालीन चिकित्सा चिकित्सक | 239,200+ |
| 9. त्वचा विशेषज्ञ | 239,200+ |
| 10. हृदय रोग विशेषज्ञ | 239,200+ |
| 11. एनेस्थिसियोलॉजिस्ट | 239,200+ |
| 12. सर्जन (अन्य सभी) | 239,200+ |
| 13. ऑर्थोपेडिक सर्जन (बाल चिकित्सा को छोड़कर) | 239,200+ |
| 14. फैमिली मेडिसिन फिजिशियन | 238,380 |
| 15. एयरलाइन पायलट, कोपायलट, फ्लाइट इंजीनियर | 226,600 |

(आंकड़े वार्षिक: स्रोत: अमेरिकी श्रम सांख्यिकी ब्यूरो)

**प्रसव पीड़ा बढ़ी तो बस ड्राइवर ने बढ़ा दी स्पीड**

# अस्पताल के गेट पर बस में गूंजी किलकारी, दोनों स्वस्थ

**जागरण, पन्ना।** जिला मुख्यालय में एक गर्भवती ने अस्पताल के गेट पर ही बस में बच्चे को जन्म दिया। यह वॉकया फिल्मी सीन से कम नहीं था। एक तरफ पीड़ा से प्रसूता तड़पती रही थी, तो दूसरी तरफ बस ड्राइवर, कंडक्टर की सूझबूझ से प्रसूता अस्पताल तक पहुंच गई। उधर अस्पताल स्टॉफ भी गेट पर पहुंचा और बस में ही डिलीवरी कराई। थोड़ी देर बाद बस में ही किलकारी गूंजने लगीं। जच्चा-बच्चा अस्पताल में भर्ती हैं।

अमानगंज निवासी निशा कुशवाह को प्रसव के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल रेफर किया गया था। स्टॉफ और परिजनों ने कई बार 108 एंबुलेंस को फोन किया, लेकिन वह नहीं पहुंची। परिजन गर्भवती निशा को लेकर भोपाल से पन्ना जा रही बस में सवार हो गए। पन्ना पहुंचने के पहले प्रसव पीड़ा होने लगी, कराहते देख कंडक्टर आशीष पाल ने सीट खाली कराकर लेटा दिया। फिर ड्राइवर सिद्दीक राइन ने जल्द अस्पताल पहुंचाने के लिए तेज रफ्तार में दौड़ाते हुए बस को जिला अस्पताल के गेट पर खड़ा कर दिया। उधर, अस्पताल प्रबंधन को भी सूचना दी। महिला की स्थिति देख दो दाई व अन्य स्टॉफ बस में ही आ गया और उसी में डिलीवरी कराई गई। थोड़ी देर में सुरक्षित प्रसव होने की खुशखबरी के बाद दोनों को अस्पताल ले जाया गया।



# अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मंच पर आकार रंगमंच के कलाकारों की प्रस्तुति




**जागरण, सतना**

राजधानी भोपाल के भारत भवन मे आयोजित 7 दिवसीय मध्यप्रदेश रंगोत्सव का शुभारम्भ आकार वेलफेयर सोसाइटी सतना के नाटक आनन्द रघुनन्दन से हुआ नाटक आनन्द रघुनन्दन 1841 मे रीवा मे महाराजा विश्वनाथ सिंह ने लिखा जिसका बघेली रूपांतरण एवं सम्पादन योगेश त्रिपाठी ने किया है इस नाटक के निर्देशक अमित कुमार शुक्ल एवं शुभम बारी है तथा प्रस्तुति प्रबंधन अनामिका सिंह ने किया है नाटक रामजन्म से लेकर रावण वध तक की कथा को 1 घंटे 50 मिनट की अवधि मे दर्शाता है जिसकी खास बात इसमें प्रयुक्त 28 लोकगीतए बघेली बोली एवं सभी पात्रों के परिवर्तित नाम है निर्देशकों द्वारा दृश्यों व गीतों का संयोजन इतना रोचक है की नाटक लगातार दर्शकों मे कौतूहल पैदा करता है इस नाटक का यह आठवां मंचन हुआ जिसमे नृत्य प्रस्तुति व कोरियोग्राफी के लिए बनारस से अपराजिता पटेल आयींए संगीत संयोजक पुष्पेंद्र पाण्डेय गायक शिवम त्रिपाठी तालवादक वीरेन्द्र जनी बांसुरी पर अजय सोनी रहेए प्रकाश परिकल्पना सौरभ सिंह व सहायक देवेंद्र वर्मा रहे रुपसज्जा प्रिया भदौरिया परिधान मानसी नामदेव का रहा साथ ही नाटक के पात्र रहे . अंकित कुशवाहा, अक्षय वलेजा, सागर सेन, अनुराग श्रीवास्तव, अमित शुक्ल, मयंक अग्निहोत्री, शितांशु पाल, अमन वर्मा, पारुल, नैंसी, अन्वेशा, रोहिणी, चेतना, अनामिका सिंह, कृष्णा शुक्ला, वैभव, शिवम चौधरी, अभिषेक चौधरी, आदित्य, देवांशु सिंह, लखन त्रिपाठी, शुभम।

# जन्माष्टमी पर रूप सज्जा प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**रामपुर बाघेलान।** भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी के छठी के दिन डेफोडिल पब्लिक स्कूल पडरिया में पुरानी परंपरा अनुसार श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नर्सरी से लेकर कक्षा 9 तक के छात्र.छात्राओं ने भाग लिया जिसमें रूप सज्जा प्रतियोगिता में नर्सरी से यूकेजी के छात्रों में श्री कृष्णा स्वरूप में प्रथम स्थान अद्विका पांडेय द्वितीय स्थान निष्ठा पटेल तृतीय स्थान श्रेया शुक्ला वही राधा रानी के वेश में समीक्षा द्विवेदी प्रथम स्थान नैंसी साकेत द्वितीय स्थान एवं अक्षिता सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त कर मेडल और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित हुए वहीं कक्षा 1 से 5 तक में श्री कृष्ण स्वरूप में प्राची सिंह प्रथम स्थान ऋषभ द्विवेदी द्वितीय स्थान सार्थक द्विवेदी तृतीय स्थान प्राप्त किया वही राधा स्वरुप में दिव्यांशी द्विवेदी प्रथम दीपिका द्विवेदी द्वितीय एवं परिधि सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया और मेडल के साथ प्रशस्ति पत्र से सम्मानित हुई। कक्षा छठवीं के छात्र शक्ति साकेत ने श्री कृष्ण के परिधान में प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं आरव सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर मेडल और प्रसस्ति पत्र से पुरुस्कृत हुए ।आयोजित कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका पर संदीप गुप्ता सचिन त्रिपाठी एवं पुष्पराज कुशवाहा उपस्थित रहे वही कार्यक्रम में विद्यालय के चेयर मैन श्रीप्रकाश पांडेय श्रीमती ममता पांडेय आर एस एस तहसील प्रचारक बसंत भाई त्र्यंबकेश्वर शुक्ला पुष्पेंद्र मिश्रा ध्रुवेश्वर सिंह व्यवसायी संघ के नगर अध्यक्ष मोहित सोनी के साथ विद्यालय के डायरेक्टर विजयंत पांडेय प्राचार्य जयंत पांडेय हेमंत पांडेय एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं कार्यक्रम में उपस्थिति रहे और अपनी परंपराओं को बच्चों तक पहुंचाने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें अपनी परंपरा को याद रखने पर जोर दिया गया।

# पुरोहित रामनिवास मिश्रा को पुरस्कृत कर प्रशस्ति पत्र किये जाने का ग्राम सभा से प्रस्ताव पारित

**मुकुंदपुर।** मैहर जिले के अमरपाटन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रामगढ़ से रामगढ़ निवासी पुरोहित राम निवास मिश्रा को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत सरकार एवं प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को पुरस्कृत कर प्रशस्ति पत्र प्रदान किये जाने का ग्राम सभा से सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया।विदित हो कि श्री मिश्रा मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रशिक्षित जनस्वास्थ्य रक्षक हैं तथा श्री मिश्रा नशा मुक्ति के लिए जगह.जगह जन.जन प्रचार प्रसार कर अथक प्रयास निरंतर किया जा रहा है।साथ हीं शराब पैकारी का खुलकर विरोध विगत वर्षों से निरंतर किया जा रहा है। नशामुक्ति अभियान के कारण काफी लोग जागरूक हुए हैं। जिससे ज्योति गुप्ता सरपंच ग्राम पंचायत रामगढ़ के द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत सरकार,मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भोपाल को पुरस्कृत कर प्रशस्ति पत्र दिये जाने का पत्र लेखकर भेजा गया है।साथ ही अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अमरपाटन को भी पत्र भेजा गया है। हर समाज के गरीब, असहाय,लाचार,बेबस लोगों के हित के लिए यथासंभव प्रयास भी किया जा रहा है।साथ ही क्षेत्र में हो रहे शासकीय भूमियों पर हो रहे अत्याधिक अतिक्रमण का भी विरोध किया जा रहा है।

# अमावस्या मेले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त

**जागरण, सतना।** अमावास्या मेला पर प्रसिद्ध धर्म नगरी पावन चित्रकूट धाम में विभिन्न प्रांतों से अत्यधिक संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुये अनुविभागीय अधिकारी मझगवां महिपाल सिंह गुर्जर ने शांति, कानून एवं प्रशासनिक व्यवस्था बनाये रखने संपूर्ण मेला क्षेत्र को 8 जोन में विभक्त करते हुये कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती की है। प्रत्येक कार्यपालिक मजिस्ट्रेट को मेला ड्यूटी के दौरान सहयोग प्रदान करने पटवारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है। जारी आदेशानुसार प्रथम जोन (प्रदक्षिणा द्वार राम मोहल्ला) में रात्रि 8 बजे से प्रातः 8 बजे तक नायब तहसीलदार कमलेश सिंह भदौरिया, द्वितीय जोन (प्राचीन मंदिर) में रात्रि 8 बजे से प्रातः 8 बजे तक प्रभारी तहसीलदार शैलेन्द्र बिहारी शर्मा, तृतीय जोन (मेला कंट्रोल रुम) में रात्रि 8 बजे से प्रातः 8 बजे तक तहसीलदार हिमांशु शुक्ला, चतुर्थ जोन (भरत घाट एवं प्रयाग घाट में रात्रि 8 बजे से प्रातः 8 बजे तक नायब तहसीलदार सुदामा प्रसाद कोरी की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार पंचम जोन (हनुमान धारा) में रात्रि 8 बजे से प्रातः 8 बजे तक राजस्व निरीक्षक चित्रकूट प्रबुद्ध शुक्ला, षष्टम जोन (गुप्त गोदावरी) में रात्रि 8 बजे से प्रातः 8 बजे तक राजस्व निरीक्षक मझगवां रामकुमार रावत, सातवां जोन (सती अनुसुइया) में रात्रि 8 बजे से प्रातः 8 बजे तक राजस्व निरीक्षक बरौंधा रजनीश शर्मा तथा आठवां जोन (पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस) में 22 अगस्त को रात्रि 8 बजे से प्रातः 8 बजे तक तथा 23 अगस्त को प्रातः 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक डयूटी लगाई गई है। सभी अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि निर्धारित समय एवं स्थल पर उपस्थित होकर सौपे गये दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

# सिविल न्यायालयों में लंबित राजस्व के प्रकरणों पर चर्चा



**जागरण, सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने गुरूवार को राजस्व और लोक अभियोजकों के साथ बैठक कर राजस्व विभाग से संबंधित सिविल न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के स्टेटस, जबाव दावे की स्थिति की समीक्षा की। इस मौके पर आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, लोक अभियोजक रमेश मिश्रा, सहायक लोक अभियोजक सुनील निगम, राजीव शुक्ला बी.के.त्रिपाठी सहित शासकीय अभिभाषक उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि सतना जिला अंतर्गत कुल 8 तहसीलों में प्रभारी अधिकारी की नियुक्ति की जाकर नागौद, उचेहरा, मझगवां, बिरसिंहपुर, रामपुर बघेलान, कोटर, रघुराजनगर कोठी अंतर्गत कुल 1311 प्रकरणों के लिए प्रभारी अधिकारी बनाये गये हैं। राजस्व विभाग से संबंधित व्यवहार वाद शाखा से हाईकोर्ट में लंबित रिट और अवमानना याचिकाओं में जबावदावे की स्थिति की समीक्षा भी की गई। बताया गया कि सतना जिले में रघुराजनगर, नागौद, उचेहरा, रामपुर बघेलान एवं मझगवां अंतर्गत कुल प्रकरणों की संख्या 946 है। जिनमें 133 में जबाव दावा प्रस्तुत किया गया है। निराकृत प्रकरणों की संख्या 270 और लंबित प्रकरणों की संख्या 402 है। कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक माह के एक गुरूवार को सिविल न्यायालयों में राजस्व से संबंधित लंबित मामलों में यथा स्थिति जबाव दावा प्रस्तुत करने और पैरवी की समीक्षा की जायेगी।

# जिला पंचायत सीईओ एवं तत्कालीन कलेक्टर को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित



**सतना।** नीति आयोग के संपूर्णता अभियान के तहत आकांक्षी ब्लॉक में योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक पहुंचाने और सिचुरेशन की स्थिति तक लाने पर सतना के तत्कालीन कलेक्टर अनुराग वर्मा और जि पं सीईओ संजना जैन आईएएस को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित।

# गार्ड ऑफ ऑनर के साथ मेडिकल कॉलेज को सौंपी पहली महिला की पार्थिव देह



**जागरण, सतना।** संत मोतीराम के महंत स्वामी खिम्यादास ने जगत कल्याण के लिए एवं मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए देहदान की अलख ज्योति जगाई है अभी तक 115 लोगों ने मरणोपरांत देहदान संकल्प लिया है जबकि रीवा मेडिकल एवं सतना मेडिकल कॉलेज को 11देह सोपी जा चुकी हैं। आश्रम के सेवादारी अतुल दुबे ने बताया गार्ड ऑफ ऑनर के साथ 13 अगस्त को पहली देह मेडिकल कॉलेज को सौंपी गई थी श्री दुबे ने बताया योग शिवानंद आश्रम के स्वामी हरी श्रद्धानंद सरस्वती की ममतामई माता कमला देवी शर्मा का 81 वर्ष की आयु में स्वर्गवास हो गया परिवार ने माताजी द्वारा लिये गए संकल्प को पूरा करते हुए उनका अंतिम संस्कार ना करके पार्थिक देह को सतना मेडिकल कॉलेज को सौंप दिया ताकि मेडिकल के विद्यार्थी अध्ययन कर सकें। इस अवसर पर मध्य प्रदेश शासन की ऐतिहासिक पहल पर देहदानी ममतामई माता के पार्थिव शरीर को गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। आश्रम के सेवादारी विनोद गेलानी ने बताया माता जी ने देहदान का फैसला लेते हुए कहा था कि शरीर मृत्यु और दाह संस्कार के बाद केवल राख का ढेर रह जाता है यदि मानव कल्याण में हमारे अंग या देह किसी के काम आए तो इससे बढ़कर मेरे लिए सौभाग्य की ओर बात क्या हो सकती है। इस अवसर पर भाई प्रहलाद जी अतुल दुबे गोपीचंद कापड़ी आशुतोष पांडे मनोहर मोरयानी राजू जानवानी अखिलेश सिंह,कमलाकांत शुक्ला, हंसराज , संतोष उपाध्याय, संतोष चौरसिया, अशोक दीक्षित,राजराखन मिश्रा, मिथलेश अतुल दुबे एवं अन्य आदि की उपस्थिति रहे। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. एस पी गर्ग डॉअंकित जैन डॉ पंकज चौरसिया डॉय रोशनी चतुर्वेदी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# पीएम आवास योजना की उच्चस्तरीय जांच हो : सुरेंद्र शर्मा

**सतना।** जदयू राष्ट्रीय कार्यसमिति के पूर्व सदस्य अधिवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि गरीबों के लिए चलाई गई योजनाओं में व्यापक स्तर पर अनियमितता बरती जा रही है जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना संदेह के घेरे में है कमोवेश यह सम्पूर्ण प्रदेश हो रहा है गरीबों के आशियाने अमीरों की झोली में जा रहे है आवंटन की प्रक्रिया शत.प्रतिशत पारदर्शी प्रतीत नहीं होती इसमें भ्रष्टाचार और अनियमितता को शिरे से नकारा नहीं जा सकता जरूरतमंद लोग इसी के चलते योजनाओं के वास्तविक लाभ से वंचित हैं इस तरह की आवंटन प्रक्रिया में पात्र कितने है और अपात्र कितने है इसकी एक बार उच्चस्तरीय जांच कराई जानी चाहिए जिससे सच्चाई सामने आ सके । श्री शर्मा ने कहा कि इसके अलावा भी शासन की कयी जनकल्याणकारी योजनाएं हैं जिसमें अन्तोदय अन्न योजना,प्रधानमंत्री जनधन योजनाए आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना, उज्ज्वला योजना है इनकी भी समीक्षा और जाच की जानी चाहिए जिसके लिए कमेटी बने और पारदर्शिता के साथ उच्चस्तरीय जांच की जाए और अनियमितता पाये जाने पर कार्रवाई भी हो।

# पितृहीन बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दे रहा नवज्योति स्कूल




**जागरण, सतना।** एक तरफ जहां जिले से लेकर पूरे प्रदेश भर के अधिकांश प्राईवेट विद्यालय मनमानी फीस वसूली के लिए चर्चित हैं वहीं जिले की कोटर तहसील अंतर्गत अबेर के युवा समाजसेवी रवि कुमार कुशवाहा के द्वारा संचालित नव ज्योति विद्या मंदिर अबेर में आज भी लगभग एक दर्जन ऐसे बच्चे निः शुल्क शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं जिनके पिता की मृत्यु हो चुकी है इतना ही नहीं संचालक श्री कुशवाहा ने जानकारी देते हुए बताया कि एलकेजी से कक्षा आठ तक संचालित इस स्कूल मे पढ़ाई में कमजोर बच्चों को स्कूल टाइम के अलावा निरूशुल्क कोचिंग के साथ . साथ कम्प्यूटर शिक्षा व नवोदय की तैयारी भी कराई जाती है।

# रेडीमेड वस्त्र व्यापारी संघ का 34वां अधिवेशन रविवार को

**सतना।** व्यापारियों की अग्रणी संस्था रेडीमेड वस्त्र व्यापारी संघ का 34 वा वार्षिक अधिवेशन 24 अगस्त रविवार को रीवा रोड स्थित मोती महल मैं प्रातः 11 बजे से आयोजित किया गया है। कार्यक्रम की जानकारी होते देते हुए संस्था के मंत्री राम अग्रवाल ने बताया कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती प्रतिमा बागरी ख्राज्य मंत्री मध्य प्रदेश शासन, विशिष्ट अतिथि सतीश सुखेजा अध्यक्ष विंध्य चेंबर ऑफकॉमर्स, होंगे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक वाधवानी अध्यक्ष रेडीमेड वस्त्र व्यापारी संघ, करेंगे।


## प्रख्यात हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ शांतनु सिंह के द्वारा प्रतिदिन नियमित OPD रीवा में



**रीवाः** अहमदाबाद के प्रख्यात हड्डी व जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ शांतनु सिंह, MBBS, MS (ऑर्थोपेडिक्स) FIJR, OIJR (अहमदाबाद) फेलोशिप इन ज्वाइंट रिप्लेसमेंट, ज्वाइंट रिप्लेसमेंट। कॉम्प्लेक्स ट्रॉमा। ऑर्थोस्कोपिक सर्जन, पूर्व सर्जन गवर्मेन्ट मेडिकल कॉलेज सागर, हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ के द्वार कामता मेडिकल (कामता मल्टीस्पेशलिटी डे-केयर क्लीनिक/ डायग्नोस्टिक×विजन हार्ट सेंटर), A ब्लॉक समदड़िया कॉम्प्लेक्स न्यू बस स्टैंड रीवा में, प्रतिदिन नियमित सुबह 10 से दोपहर 02 बजे तक एवं शाम 04 से 06 बजे तक हड्डी व जोड़ रोग से सम्बंधित समस्त फ्रैक्चर एवं ट्रॉमा उपचार, घुटना एवं कुल्हा प्रत्यारोपण TKR, THR, ऑर्थोस्कोपी (दूरबीन द्वारा लिगामेंट की सर्जरी), डिजिटल एक्स-रे, प्लास्टर POP एवं स्पिलटिंग, घुटनो में दर्द/सूजन, कंधे का जकड़ना/ दर्द होना, कमर व कूल्हों के जोड़ों का दर्द, साईटिका/गठियावात, कंधे के मांस का कटना, घुटने का न मुड़ना, चलने में लड़खड़ाना, जमीन पर न बैठ पाना, गाउट एवं रूमेटाइड ऑर्थराइटिस का उपचार, जोड़ो में इंजेक्शन द्वारा उपचार (इंटर-आर्टिकुलर इंजेक्शन), CTEV (क्लबफुट) जन्मजात टेड़े मेड़े पाँव का उपचार, रीढ़ की हड्डी से सम्बंधित समस्याएं, सामान्य एवं जटिल फ्रैक्चर, आधुनिक तकनीक द्वारा जोड़ प्रत्यारोपण, बच्चों के हाथ व पैरों की विकृतिया, पुराने फ्रैक्चरों का न जुड़ना, हड्डी में पस पड़ना आदि बीमारियों का परामर्श/ ऑपरेशन द्वारा इलाज किया जाता है, डॉ शांतनु को दुरबीन विधि से सम्बंधित सभी प्रकार के आपरेशन में महारथ हासिल है, अधिक जानकारी हेतु कामता मेडिकल रीवा में संपर्क करें। -Advt.


# एकेएस के प्रबंधन संकाय में हुआ इंडक्शन कार्यक्रम



**जागरण, सतना।** एकेएस के प्रबंधन संकाय में नवागंतुक छात्रों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक परंपराओं,अनुशासन, राष्ट्रीय शिक्षा नीति.2020 तथा सतत मूल्यांकन प्रणाली से परिचित कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ अवसर पर वरिष्ठ शिक्षाविद डॉ हर्षवर्धन श्रीवास्तव ने स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । एनएएसी विशेषज्ञ प्रोजीसी मिश्रा ने नई शिक्षा नीति 2020 की प्रासंगिकता और गुणवत्ता सुधार में एनएएसी की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा और जीवन मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक डॉ शेखर मिश्रा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय की परीक्षा और सतत मूल्यांकन प्रणाली विद्यार्थियों की निरंतर प्रगति और व्यावहारिक सीखने पर केंद्रित है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे परीक्षा को केवल अंकों तक सीमित न मानेंए बल्कि इसे आत्ममूल्यांकन और ज्ञान.विकास का माध्यम बनाएं।डॉण्कौशिक मुखर्जी डीन एवं विभागाध्यक्षए ने प्रबंधन शिक्षा की नई दिशाओं और शोध संभावनाओं पर व्याख्यान देते हुए कहा कि प्रबंधन शिक्षा केवल नौकरी तक सीमित नहीं है बल्कि यह नेतृत्व क्षमताए समस्या.समाधान कौशल और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने का माध्यम है।

# ग्रामोदय में बौद्धिक संपदा अधिकार पर राष्ट्रीय कार्यशाला का उदघाटन



**जागरण, सतना।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के बाल्मीकि सभागार में दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का उदघाटन हुआ। आर के डी एफ विश्वविद्यालय भोपाल के कुलगुरु प्रो वी के अग्रवाल उदघाटन सत्र के मुख्य अतिथि रहे ।महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने अध्यक्षता की। युवा शोधकर्ताओं के बीच नवाचार को प्रोत्साहित करने हेतु बौद्धिक सम्पदा अधिकार इस राष्ट्रीय कार्यशाला का विषय रहा। यह कार्यशाला 21 और 22 अगस्त 2025 तक संपन्न होगी। कार्यशाला ऊर्जा और पर्यावरण विभाग ए विज्ञान एवं पर्यावरण संकाय के तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। कार्यशाला का संयोजन प्रो घनश्याम गुप्ता कर रहे हैं। इस मौके पर मुख्य व्याख्यान देते हुए आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी भोपाल के कुलगुरु प्रो वी के अग्रवाल ने शोध में नवाचार के महत्व और उसकी वैश्विक उपयोगिता पर प्रकाश डाला। अध्यक्षीय व्याख्यान में ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे शोध नवाचारों की दिशा में किए जा रहे सतत प्रयास को बताया। कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों द्वारा किए गए दीप प्रज्वलन से हुआ। विज्ञान और पर्यावरण संकाय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।

# आजाद अध्यापक शिक्षक संघ की प्रांतीय बैठक 24 को

**जागरण, सतना।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के प्रांतीय प्रवक्ता विनय कनौजिया व जिलाध्यक्ष केशव प्रताप सिंह ने बताया की प्रांताध्यक्ष भरत पटेल और प्रांतीय आह्वान पर संघ एक प्रांतीय बैठक आगामी 24 अगस्तए रविवार को राजधानी भोपाल में आयोजित किया जाएगा। इसमें मध्यप्रदेश के सभी जिलों के पदाधिकारी शामिल होंगे। सम्मेलन में अध्यापक संवर्ग की समस्याओं को लेकर विभागीय अधिकारियोंए शिक्षा मंत्री और जनजातीय कार्य विभाग के आयुक्त से भेंट कर ई.अटेंडेंस की व्यवहारिक कठिनाइयों से अवगत कराया जाएगा और इस पर रोक लगाने की मांग की जाएगी। अध्यापक संवर्ग की प्रमुख मांगें नियुक्ति दिनांक से अध्यापकों की वरिष्ठता एवं सेवा अवधि की गणना हो। गुरुजी संवर्ग को भी नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता दी जाए। छच्ै के स्थान पर व्ै लागू किया जाए। अनुकंपा नियुक्ति नियमों को सरल बनाया जाए। विज्ञान विषय के शिक्षकों को गणित व अन्य विषयों के साथ स्थाई पदों पर नियुक्ति मिले। 12 वर्षीय एवं 24 वर्षीय क्रमोन्नति एरियर व समयमान वेतनमान के आदेश जारी हों।

# प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा

**सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने गुरूवार को सभी एसडीएम और नगरीय निकायों के सीएमओ की बैठक लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 में प्राप्त आवेदन और पात्रता अनुसार स्वीकृति की जानकारी लेकर समीक्षा की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर विकास सिंह, एसडीएम नागौद जीतेन्द्र वर्मा, सोमेश द्विवेदी, एलआर जांगडे, आरएन खरे, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण बीआर सिंह सहित सभी नगर पंचायतों के सीएमओ उपस्थित रहे।


## नाम परिवर्तन सूचना

मै सुनील कुमार कुशवाहा पिता मनरंजन कुशवाहा उम्र 39 साल ग्राम बांधी तहसील बिरसिंहपुर जिला सतना का निवासी हूॅ मेरी पुत्री स्नेहा कुशवाहा के आधार कार्ड में भूलवस उसका नाम अंजू कुशवाहा लेख कर दिया गया है।जिसे सुधारकर स्नेहा कुशवाहा पिता सुनील कुमार कुशवाहा आधार कार्ड में दर्ज किया जाये। जबकि उसके अंकसूची एवं अन्य दस्तावेजो में उसका नाम स्नेहा कुशवाहा दर्ज है। स्नेहा और अंजू दोनो नाम एक ही व्यक्ति के है। अतः आधार कार्ड में उसका नाम सुधारकर स्नेहा कुशवाहा पिता सुनील कुमार कुशवाहा दर्ज किया जाये जो सही एवं सत्य है।

सूर्य उदय - अस्त
06.31 अस्त : आज
05.39 उदय : कल

शहर का तापमान
30.0 0 अधिकत
25.0 0 न्यूनतम



# सुबह से ही आधार केंद्र में लग जाती है लंबी कतारें



जागरण लापरवाही

## प्रधान डाक घर सीधी की अव्यवस्थाओं का हाल

### एक दिन में केवल 50 टोकन से होता है कार्य

जागरण, सीधी

जिले में आधार संबंधित कार्यों के लिए लोगों को काफी परेशान होना पड़ रहा है। शहर में प्रधान डाक घर के सामने भोर से ही आधार संबंधी कार्य के लिए लोगों की लंबी-लंबी कतारें लग जाती हैं। सुबह करीब 10 बजे डाक घर के कर्मचारी 50 टोकन वितरित करते हैं। जिसको टोकन मिल गया उसका काम होगा, शेष जिम्मेदार कर्मचारियों के आगे घंटों गिड़गिड़ाते रहते हैं और काम न होने पर अगले दिन फिर से भोर में कतार लगाने के लिए पहुंच जाते हैं। प्रधान डाक घर के सामने लगने वाली लंबी कतार में छोटे-छोटे बच्चों के साथ महिलाएं और बुजुर्ग भी घंटों खड़े रहने के लिए मजबूर रहते हैं। चर्चा के दौरान आधार केंद्र के बाहर कतार लगाने वाले कुछ लोगों ने



बताया कि 50 से 70 किलोमीटर दूर से आधार संबंधित काम कराने के लिए यहां आए हैं। एक दिन में काम न होने पर शहर में ही कहीं रात गुजारते हैं और अगले दिन सुबह 5 बजे कतार में सबसे आगे लगने का प्रयास करते हैं। लोगों का कहना था कि प्रधान डाक घर में सबसे ज्यादा आधार संबंधी कार्य के लिए भीड़ लगती है और यहां एक दिन में सिर्फ 50 लोगों को टोकन दिया जाता है। जिनको टोकन नहीं मिलता उनको अगले दिन आने के लिए कहा जाता है। यह समस्या प्रधान डाक घर सीधी में आरंभ से ही बनी हुई है। जबसे यहां आधार संबंधित कार्य शुरू किया गया है इस अव्यवस्था को दूर करने के लिए न तो प्रधान डाक घर सीधी की ओर से कोई प्रयास किए गए और न ही जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा यह प्रयास किया गया कि यदि यहां पर आधार संबंधी कार्य के लिए सबसे ज्यादा लोग आ रहे हैं तो यहां पर काउंटरों की संख्या बढ़ाकर आधा दर्जन कर दी जाए। जिससे लोगों को बिना भटकाव के आसानी से आधार संबंधी कार्य कराने में मदद मिल सके। सीधी शहर में आधार संबंधी कार्य कलेक्ट्रेट के पीछे यूनियन बैंक, मध्यांचल बैंक कलेक्ट्रेट मार्ग के साथ ही कुछ अन्य स्थानों में भी होता है। इन स्थानों में प्रशासनिक व्यवस्था से आधार संबंधी कार्य होता है। फिर भी शुल्क को लेकर प्रधान डाक घर सीधी के अलावा ज्यादा वसूली की शिकायतें हैं। मनमानी शुल्क देने के बाद भी इन स्थानों में घंटों लोगों को मशक्कत करनी पड़ रही है तब जाकर कहीं नंबर लगता है। वर्तमान में आधार संबंधित त्रुटि को लेकर सबसे ज्यादा शिकायतें बनी हुई हैं। जिसके चलते छोटे-छोटे बच्चों को भी यहां अभिभावक लेकर पहुंचते हैं। स्कूल का प्रवेश कार्य शुरू होने के साथ ही आधार संबंधित त्रुटियों को सुधारने के लिए आधार केंद्रों में सबसे ज्यादा भीड़ लगना शुरू हो जाती है। कुछ लोगों के नाम एवं पते में त्रुटि का सुधार तो कुछ का आधार को लेकर अन्य त्रुटियां शामिल रहती हैं। अधिकांश कार्य काफी छोटे होते हैं जिनके लिए शुल्क भी नाममात्र के लिए है। लेकिन बेजा वसूली जारी है।

### कम्प्यूटर सेंटरों में निर्धारित से ज्यादा वसूली

शहर के कुछ कम्प्यूटर सेंटरों में भी आधार संबंधित काम किए जाते हैं। अधिकांश कम्प्यूटर सेंटरों द्वारा जुगाढ़ बनाकर आधार संबंधी कार्य किया जाता है। लेकिन इसके लिए निर्धारित से कई गुना ज्यादा शुल्क की वसूली की जाती है। सरकारी स्तर पर आधार संबंधित सामान्य कार्य के लिए महज 30 रुपए शुल्क निर्धारित है। आधार का अपडेशन कराने पर 100 रुपए शुल्क निर्धारित है। जिसमें बायोमेट्रिक का कार्य भी किया जाता है। देखा यह जा रहा है कि निजी कम्प्यूटर सेंटरों द्वारा आधार संबंधित छोटे काम के लिए भी 200 रुपए से कम नहीं लिए जाते। उसमें भी कई कम्प्यूटर सेंटरों में स्थिति यह है कि शुल्क लेने के बाद भी संबंधित व्यक्ति के आधार संबंधित त्रुटियों का सुधार कार्य नहीं हो पाता। लिहाजा वह फिर से सुधार कराने के लिए भटकना शुरू कर देता है। प्रशासनिक स्तर से जिन स्थानों में आधार संबंधित कार्य किए जाते हैं वहां पर गांव के अशिक्षित लोगों से मनमानी तौर पर राशि ऐंठी जाती है। उनको अकारण घंटों बैठाया जाता है और तरह-तरह की कमियां निकाली जाती हैं। बाद में निर्धारित से कई गुना ज्यादा शुल्क बताकर रुपए ऐंठ लिए जाते हैं। इस तरह की शिकायतें आधार केंद्रों में आम है। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इसको पूरी तरह से नजर अंदाज कर रहे हैं। आधार के कार्य के सिलसिले में सबसे ज्यादा परेशान कम पढ़े-लिखे एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लोग ही होते हैं। उनको जानकारी न होने पर हजारों रुपए खर्च करने के बाद भी त्रुटि का सुधार न होने पर कई बार आधार केंद्रों का चक्कर काटने के लिए मजबूर रहते हैं।

# नाबालिग की हुई लात-घूंसो से पिटाई का वीडियो हुआ वायरल

## पुलिस की कार्यवाही से संतुष्ट नहीं है पीड़ित परिवार

जागरण, सीधी

जिले में पुलिस और कानून का खौफ नहीं दिख रहा है। दिनदहाड़े एक नाबालिक की लात घुसो से जमकर पिटाई हो रही है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। खनिज माफिया के ऊपर पुलिस का संरक्षण होने के बाद कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। शंकर कोरी के द्वारा नाबालिक लडके अजय कोरी की जमकर पिटाई कर दी गई। बताया जा रहा है कि शंकर कोरी गिट्टी बालू का अवैध व्यापार करता है और जिससे पुलिस उसका पूरा संरक्षण करती है। पूरा मामला खनिज माफिया से जुड़ा हुआ है जिस कारण पिपराव चौकी पीड़ित के द्वारा आवेदन दिया गया लेकिन आरोपी पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। पूरा मामला रामपुर नैकिन थाना क्षेत्र के पिपराव चौकी के भरतपुर गांव का मामला बताया गया है। इस मामले में पुलिस द्वारा जो यह कृत्य कर रहे हैं उस पर कार्यवाही करने से परहेज किया जा रहा है। जबकि आरोपी पर पासों एक्ट व अन्य धाराओं के तहत कार्रवाई होनी चाहिए। नाबालिग के परिवार आरोपी से काफी डरा हुआ है। शंकर कोरी आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति और खनिज माफिया है। वह आए दिन किसी न किसी के साथ गाली-गलौच व मारपीट की घटनाओं को अंजाम देता रहता है।



नाबालिग के साथ हुई मारपीट के आरोपी शंकर लाल कोरी, निरंजन कोरी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है।

**शेषमणि मिश्रा, चौकी प्रभारी पिपरांव**

# शहर एवं ग्रामीण अंचल की खबरें

## आंशिका गुप्ता का नीट में चयन



**जागरण, सीधी।** बाणभट्ट की नगरी बाणसागर में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। सत्र 2025-26 में शाउमावि बाणसागर की पितृहीन प्रतिभाशाली छात्रा कु. आंशिका गुप्ता पिता स्व. रामदरस गुप्ता, माता श्रीमती अरुणेश गुप्ता सुपर 100 की नीट परीक्षा में शहडोल जिले से चयनित होने वाली एकमात्र छात्रा हैं। जिसने अपने विद्यालय, अपने माता-पिता एवं जिले का नाम रोशन किया है। उक्त छात्रा ने माध्यमिक शिक्षा मंण्डल की हाई स्कूल परीक्षा में 500 में से 487 अंक प्राप्त किया है। इसका श्रेय इन्होने विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती साधना गुप्ता का मार्गदर्शन एवं विद्यालय परिवार के सभी शिक्षकों को दिया है। इसके पूर्व भी विद्यालय के कई छात्रों का आईआईटी, पीएमटी एवं आईपीएस जैसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों पर चयन हुआ है। समाज सेवी अध्यक्ष नगर परिषद खांड सुशीला सिंह, गया प्रसाद पयासी, चेयरमैन अन्त्योदय समिति बाणसागर, आशुतोष सिंह, बीरेन्द्र बैस, नृपेन्द्र सिंह, शारदा गुप्ता एवं मोतीलाल बैस ने छात्रा की सफलता पर प्रशन्नता व्यक्त करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## सीएम हेल्पलाइन में दर्ज हो रही झूंठी शिकायतें

**जागरण, सीधी।** लोक सेवा प्रबंधन के माध्यम से आम जनता के जनकल्याण हेतु मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित की गई सीएम हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 181 का दुरुपयोग अपने निजी स्वार्थों के लिए कुछ लोगों द्वारा किया जा रहा है। झूंठी शिकायत दर्ज कराकर प्रशासन को गुमराह किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। वाकया तहसील रामपुर नैकिन अन्तर्गत ग्राम पटना का है। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम पटना के अवनीश मिश्रा तथा उनके पिता राजभान मिश्रा द्वारा मनगढ़ंत कहानी बनाकर शिक्षा व राजस्व प्रशासनिक विभागों में प्राथमिक विद्यालय आदिवासी बस्ती पटना का संचालन शासन के नियमों के अनुकूल न होने तथा आम रास्ता अवरूद्ध होने की झूठी शिकायतें विभिन्न प्रकार से तीन माहो में शिकायत क्रमांक 33345513, 33582935, 33806159, 33390617, 32796125 की गई। शिकायतों की जांच विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा संकुल शिक्षा केन्द्र भरतपुर तथा तहसीलदार रामपुर नैकिन द्वारा राजस्व निरीक्षक व पटवारी के माध्यम से कराये जाने पर शिकायती सभी बिंदू झूंठे पाए गए। जांच प्रतिवेदन में लेख किया गया है कि शिकायत कर्ताओं द्वारा अपने निजी जमीनी विवाद के चलते प्रशासन पर दबाव बनाने तथा संबंधित व्यक्ति को बदनाम करने की नियत से सीएम हेल्पलाइन पर दुर्भावना पूर्वक शिकायत दर्ज कराई गई है। झूंठी शिकायतों पर कलेक्टर को पत्र प्रेषित किया गया।

## हर विद्यालय में हो स्काउटिंग डे: डॉ. अजय



**जागरण, सीधी।** भारत स्काउट एवं गाइड का एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग विगनर्स कोर्स का समापन सत्र भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष डॉ. अजय मिश्रा के मुख्य आतिथ्य एवं भारत स्काउट गाइड के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र मणि दुबे की अध्यक्षता में उत्कृष्ट विद्यालय के सभागार में संपन्न हुआ। समापन सत्र को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि डॉ. अजय मिश्रा ने कहा कि स्काउटिंग हर छात्र एवं छात्राओं के लिए आवश्यक है। विश्व का सबसे बड़ा गणवेश धारी छात्रों का स्काउट एवं गाइड संगठन है। हर विद्यालय में अनिवार्य रूप से स्काउटिंग डे हो, जिसमें विद्यालय के छात्र एवं छात्राएं स्काउटिंग की गणवेश में विद्यालय आए। समापन सत्र के अध्यक्षीय उद्बोधन में भारत स्काउट गाइड के जिला अध्यक्ष सुरेंद्रमणि दुबे ने प्रशिक्षण वर्ग में सीधी और सिहावल विकास खण्डो से आए हुए शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि हर विद्यालय में अनिवार्य रूप से छात्र एवं छात्राओं का दल गठित हो। विद्यार्थी स्काउटिंग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। स्काउटिंग के माध्यम से महामहिम राज्यपाल से लेकर महामहिम राष्ट्रपति पुरस्कार तक छात्र-छात्राओं के साथ.साथ शिक्षक भी अर्जित कर सकते हैं। एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में प्रशिक्षक की भूमिका में जिला काउंसलर डॉ. शास्त्री प्रसाद मिश्रा, सचिव वरिष्ठ शिक्षक हरिशंकर पाण्डेय, जिला प्रशिक्षण आयुक्त राकेश रतन पाण्डेय, संयुक्त सचिव शशि गौतम और प्रशिक्षक राजेंद्र प्रसाद मिश्र ने विभिन्न ब्लॉक से आए हुए शिक्षकों को स्काउटिंग का दाल कैसे प्रारंभ करें और स्काउटिंग क्यों आवश्यक है के पाठ्यक्रम अनुसार प्रशिक्षण दिए। इसमें सीधी और सिहावल ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों से स्काउटिंग में रुचि रखने वाले शिक्षक शामिल हुए।

## जिले में औसत वर्षा 994.6 मि.मी. दर्ज

**जागरण, सीधी।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 21 अगस्त को सीधी जिले में 3.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 6.0 मि.मी., चुरहट 0.0 मि.मी., गोपद बनास में 2.6 मि.मी., सिहावल में 0.0 मि.मी., बहरी में 18.0 मि.मी., मझौली में 0.0 मि.मी. और कुसमी में 1.0 मि.मी. वर्षा हुई है। उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 994.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 1 जून से 21 अगस्त तक तहसील मझौली में सर्वाधिक वर्षा 1125.0 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 818.3, चुरहट में 942.0, गोपद बनास में 954.4, सिहावल में 1072.6 मि.मी., बहरी में 1081.9 मि.मी. और कुसमी में 968.0 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 857.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 137.2 मि.मी. औसत वर्षा अधिक हुई है।




# हर्ष जिले से अकेला छात्र चयनित होकर विधानसभा क्षेत्र को गौरवान्वित किया : शरद जुगलाल कोल



**बाणसागर।** शहडोल जिले के लिए यह गर्व का क्षण है कि शासकीय हाई स्कूल चचाई (तहसील ब्यौहारी) के मेधावी छात्र हर्ष त्रिपाठी ने मध्यप्रदेश शासन की प्रतिष्ठित सुपर-100 योजना की परीक्षा में दोहरी सफलता अर्जित की है। हर्ष का चयन न केवल जेईई (इंजीनियरिंग) बल्कि नीट (मेडिकल) दोनों परीक्षाओं हेतु हुआ है। जिले से जेईई हेतु चयनित होने वाले वे एकमात्र छात्र हैं। हर्ष त्रिपाठी ने प्राथमिक से लेकर 10वीं कक्षा तक की पढ़ाई अपने ही गांव स्थित शासकीय हाई स्कूल चचाई से पूरी की। ग्रामीण अंचल से निकलकर इस मुकाम तक पहुँचना उनकी मेहनत, लगन और संकल्प का परिणाम है। हर्ष ने कहा—विद्यालय का वातावरण हमेशा पढ़ाई और शैक्षणिक गतिविधियों पर केंद्रित रहा। धीरेंद्र कुमार पाण्डेय सर ने सुपर-100 योजना के बारे में बताया और लगातार मार्गदर्शन दिया। मेरी सफलता का श्रेय मैं अपने शिक्षकों, प्राचार्य और परिजनों को देता हूँ। विद्यालय में उत्साह और उल्लास का माहौल है। विद्यालय की प्राचार्या मीना सिंह ने कहा—हर्ष की सफलता विद्यालय और जिले दोनों के लिए गर्व की बात है। हमारे विद्यालय से पूर्व में भी छात्र सुपर-100 योजना और राष्ट्रीय मेरिट में चयनित हुए हैं, हर्ष ने इस गौरव को और बढ़ाया है। हर्ष की इस उपलब्धि पर पूरे जिले के जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और शिक्षाविदों ने बधाई दी। संतोष उपाध्याय (राष्ट्रीय अध्यक्ष, ब्राह्मण सेवा संस्थान) ने कहा—हर्ष की सफलता प्रेरणादायी है। आगे की पढ़ाई में यदि आवश्यकता पड़ी तो संस्थान हर संभव सहयोग करेगा। माननीय विधायक शरद जुगलाल कोल (ब्यौहारी) ने कहा—हर्ष त्रिपाठी की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से न केवल विद्यालय और परिवार गौरवान्वित हुए हैं बल्कि पूरे क्षेत्र का मान बढ़ा है। ग्रामीण अंचल से निकलकर राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचना निश्चित ही प्रेरणादायी है।

## सम्पूर्णत अभियान सम्मान समारोह एवं आकांक्षा हाट आज

**गोहपारू।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह द्वारा जारी पत्र के अनुसार विकासखण्ड गोहपारू के शासकीय आईटीआई परिसर में आज दोपहर 12 बजे से सम्पूर्णत अभियान सम्मान समारोह एवं आकांक्षा हाट का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर सम्पूर्णत अभियान के तहत उल्लेखनीय कार्य करने वाले प्रतिभागियों, स्वसहायता समूहों और विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। समारोह में जनप्रतिनिधियों के साथ ही प्रशासनिक अधिकारी, सामाजिक संगठन और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल होंगे। आकांक्षा हाट में स्थानीय स्वसहायता समूहों की महिलाओं द्वारा निर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी एवं बिक्री की जाएगी। इससे न केवल महिलाओं को बाजार उपलब्ध होगा बल्कि उनके आर्थिक सशक्तिकरण को भी बढ़ावा मिलेगा। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रोत्साहित करना तथा शिक्षा, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता की दिशा में समाज की भागीदारी सुनिश्चित करना है। गोहपारू क्षेत्र के लिए यह कार्यक्रम विकास और जनजागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।


## नाम सुधार सूचना

मैं नागेन्द्र सिंह उम्र-36 साल पिता श्री आर बी सिंह निवासी गायत्री नगर विश्वविद्यालय के पीछे तहसील हुजूर जिला रीवा (म.प्र.) शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि- मेरी पुत्री आस्था पटेल के सभी रिकार्ड जैसे आधारकार्ड समग्र आई.डी. आदि समस्त रिकार्ड में मेरे पुत्री का नाम आस्था पटेल पिता श्री नागेन्द्र सिंह दर्ज है जो कि सही व सत्य है, जबकि मेरी पुत्री के अंकसूची एवं स्कूल के सभी रिकार्ड में आस्था पटेल पिता श्री नागेन्द्र पटेल दर्ज है, जो कि गलत है। नागेन्द्र पटेल एवं नागेन्द्र सिंह एक ही व्यक्ति का नाम है जो कि सही एवं सत्य है। अत: मेरी पुत्री के अंकसूची एवं स्कूल के सभी रिकार्ड में मेरी बेटी के पिता का नाम अर्थात मेरा नाम नागेन्द्र पटेल की जगह नागेन्द्र सिंह दर्ज किया जाए एवं पढ़ा लिखा व जाना जाए।

RN-82748 — नागेन्द्र सिंह

## In The Court Of I Civil Judge Class-I District Court Rewa

Presiding Officer श्रीमती शिवानी शर्मा

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम

सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000023/2025)

अजय प्रकाश साकेत ......... आवेदक

VS

रिलायंस जीवन बीमा कंपनी लिमिटेड .........अनावेदक

Process Id:-/2025

पेशी दिनांक – 29/09/2025

प्रेषिती–
1. हर आम व खास पता–रीवा म.प्र.
2. आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अजय प्रकाश साकेत पता ने मृतक स्व. श्री S/o. कमला प्रसाद साकेत पिता स्व. छोटेलाल साकेत निवासी वार्ड क्रमांक 25 विवेकानन्द नगर विद्यास्थली स्कूल के पास रीवा म.प्र. की राशि/ संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक /संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 29 सितंबर 2025 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 29 सितंबर 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 20 अगस्त 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

यदि किसी कारणवस उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

मुद्रा

(शिवानी शर्मा)
प्रथम व्यवहार
न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड,
जिला–रीवा (म.प्र.)

RN- 82749

## NDVSU- College of Vety. Sci. & A.H., Rewa, (M.P.)

No.3162./Pur./Store/Vety/Rewa/2025 — Date-20.08.25

**TENDER NOTICE (Second Call)**

E-tenders are invited from the reputed firms for the supply of food items at the college for financial year 2025-26. The detailed information is available on website https://mptenders.gov.in Purchase of tenders from 20.08.25 to 02.09.25. The last date of submission of tender bid upto 02.09.25. Corrigendum, if any, will only be posted in the above website. No press notice will be issued separately.

DEAN

## उत्तर मध्य रेलवे

पत्र सं : JHS/Commercial/E-Auction/2025/129 — दिनांक : 18.08.2025

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)-झांसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है:-

श्रेणी : पार्किंग — केटलोग संख्या : झाँसी - पार्किंग-42

एसेट्स डिटेल्स : झाँसी मण्डल के अलग-अलग श्रेणी के रेलवे स्टेशनों में दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों के पार्किंग ठेके हेतु:-

| क्र. सं. | स्टेशन केटेगरी | स्टेशन |
|---|---|---|
| 1 | एनएसजी-2 | ग्वालियर स्टेशन के पश्चिम दिशा में। |
| 2 | एनएसजी-3 | महोबा स्टेशन |
| 3 | एनएसजी-6 | ओरछा स्टेशन |

ई-नीलामी प्रारम्भ की तिथि व समय : दिनांक 02.09.2025 को समय 15:30 से

ई-नीलामी समाप्त की तिथि व समय : दिनांक 02.09.2025 को समय 16:20 से

नोट : उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाईन वेवसाइट www.ireps.gov.in के e-auction module के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। 1498/25 (C)

@CPRONCR | North central railways | cproncrly | CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

## उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना संख्या:-वरि.म.बि.इंजि./चलस्टाक/वि.लो.शेड/कानपुर/2025-26/ ई.टी.-09 & आर.ई.टी.-04 दिनांक : 19.08.2025

**ई-निविदा सूचना**

वरि. मंडल विद्युत अभियन्ता, चल स्टाक, उत्तर मध्य रेलवे, अनवरगंज, कानपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ई-निविदा में आमन्त्रित की जाती है, जो कि निविदा खुलने की तारीख एवं समय तक प्राप्त की जायेंगी। निविदा विवरण निम्न प्रकार है:

क्र.सं.: 1: निविदा सं.: ELS-CNB-2025-26-ET-09

कार्य का विवरण : फैब्रिकेशन, सप्लाई एण्ड फिटमेन्ट ऑफ मॉडीफाइड फुट स्टेप अरेंजमेन्ट ऐज पर लेटेस्ट ड्राइंग इन थ्री फेज लोको एट ई.एल.एस./सी.एन.बी. क्वांटिटी 250 लोकोस फॉर ए पीरियड ऑफ टू ईयर्स।

अनुमानित मूल्य (₹): ₹ 21,37,415.00 (रू ईक्कीस लाख सैंतीस हजार चार सौ पन्द्रह मात्र)

बिड सिक्यूरिटी (₹): ₹ 42,800.00 (रू बयालीस हजार आठ सौ मात्र)

कार्य सम्पादन की अवधि : चौबीस महीने।

क्र.सं.: 2: निविदा सं.: ELS-CNB-2025-26-RET-04

कार्य का विवरण : रिवाडिंग ऑफ थ्री फेज ईलैक्ट्रिक लोको ट्रैक्शन मोटर स्टेटर टाईप 6एफ.आर.ए.6068 ऑफ ई.एल.एस./सी.एन.बी.।

अनुमानित मूल्य (₹): ₹ 2,02,20,480.00 (रू दो करोड़ दो लाख बीस हजार चार सौ अस्सी मात्र)

बिड सिक्यूरिटी (₹): ₹ 2,51,100.00 (रू दो लाख इक्यावन हजार एक सौ मात्र)

कार्य सम्पादन की अवधि : छ. महीने।

निविदा दस्तावेज की कीमत (₹): क्र.सं. 1 एवं 2 के लिये:- शून्य

निविदा खुलने की तारीख एवं समय: क्र.सं. 1 एवं 2 के लिये:-12.09.2025 & 15:30 hrs.

नोट: (1) उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) www.ireps.gov.in पर खुलने की तिथि और समय तक उपलब्ध है। (2) उपरोक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको I.T. Act-2000 के अन्तर्गत CCA द्वारा जारी Digital हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। (3) निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेंसियल रेट शेड्यूल पेज पर ही विचारणीय है। दरे तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी डाक्यूमेंट/फार्म/लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। (4) संलग्न किये जाने सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिये। (5) निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाइट www.ncr.indianrailways.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। (6) किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 1497/25 (MG)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

## उत्तर मध्य रेलवे

खुली निविदा संख्या : JHS-RCNK-M-VSS-25-26-23

**ई-निविदा सूचना**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, झाँसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए अनुभवी और इच्छुक ठेकेदारों से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

कार्य की लागत : Rs. 29,52,95,172.30/- (18% जीएसटी सहित)

कार्य का नाम : भारतीय रेलवे की कोचों में आईपी आधारित वीडियो निगरानी प्रणाली (वीएसएस) की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग (एसआईटीसी)।

अग्रिम राशि : Rs. 16,26,500.00/- — कार्य पूरा होने का समय : दस महीने

ऑनलाइन निविदा समापन तिथि एवं समय : 18.09.2025 समय 11:00 बजे तक

निविदा एवं निविदा प्रारूप के बारे में विस्तृत जानकारी www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। 1490/25 (C)

@CPRONCR | North central railways | cproncrly | CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

## कार्यालय प्राचार्य शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय रीवा (म.प्र.)

क्रमांक/जीपीसीआर/भंडार/निविदा/2025/381 — रीवा दिनांक 11/08/2025

शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय रीवा में सुरक्षा व्यवस्था एवं साफ-सफाई व्यवस्था हेतु निविदा (टेण्डर) आमंत्रित किया जाना है। निविदा हेतु पात्र व्यक्ति/फर्मों से तालिका में दर्शाये समय चक्र के अनुसार निविदा दरें आमंत्रित हैं।

| No. | Description | Earnest Money Deposit | Bid Document Price |
|---|---|---|---|
| 1 | Security guard & Man Power | 25,000/- Only | Nil |

1. ऑनलाईन निविदा करने के लिये विवरण https://gem.gov.in पर उपलब्ध है। टेण्डर से संबंधित मुख्य तिथियां एवं समय निम्नानुसार है–

| S.N. | Particulars | Date & Time |
|---|---|---|
| 1 | Tender Publishing Date | 19/08/2025, 12:30 Hrs |
| 2 | Tender Download start Date | 19/08/2025, 12:30 Hrs |
| 3 | Bid Submission Start Date | 19/08/2025, 13:30 Hrs |
| 4 | Bid Submission Closing Date | 08/09/2025, 12:30 Hrs |
| 5 | Technical Bid Opening | 09/09/2025, 12:30 Hrs |
| 6 | Financial Bid Opening | After completion technical Bid |

1. ऑनलाईन निविदा दस्तावेज तथा अन्य विवरण https://gem.gov.in है।
2. अर्नेस्ट मनी का भुगतान ऑनलाईन माध्यम https://gem.gov.in से किया जावेगा।

प्राचार्य
शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय
रीवा (म.प्र.)

G-17505/25

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला मैहर (म.प्र.)

क्रमांक-पु.अ./मैहर/रनि./225/25 — दिनांक-13/08/2025

**-: निविदा आमंत्रण विज्ञप्ति :-**

वित्तीय वर्ष 2025-26 में पुलिस इकाई जिला मैहर में शासकीय कार्यालय हेतु एक नग डीजी सेट (जनरेटर) की आवश्यकता है। उक्त जनरेटर का क्रय खुली ई-निविदा के माध्यम से www.mptenders. gov.in पर आमंत्रित की जा रही है। निम्नलिखित तालिका 1 में दर्शाये गये विशेष विवरण अनुसार एवं तालिका क्रमांक 2 में दर्शाये समय सारणी अनुसार निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदा से संबंधित विवरण www.mptenders. gov.in की साईट से प्राप्त की जा सकती है।

तालिक क्र.-1

| क्र. | सामग्री शीर्ष | विशेष विवरण | मात्रा | राशि /दर (जीएसटी सेट) | खरीदी का माध्यम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जनरेटर 58.5 KVA | DG SET 58.5 KVA III PH, LIQUID COOLED, 46.8 KW. 4 CYL. 75.5 BHP WITH 156 LTR FULE TANK. WITH AMF PANNEL, INCLUDED UNLOADING. INCLUDED PLATEFORM FOR DG SET, INCLUDING EARTHING 4 no INSTALLATION, CABLE. | 1 | 9,70,000/- | Mptenders ई-निविदा प्रणाली |

तालिका क्र.-2

| क्र. | विवरण | दिनांक/समय |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रकाशन दिनांक | 20/08/2025 |
| 2 | निविदा जमा करने की प्रारंभ तिथि | 25/08/2025 |
| 3 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 07/09/2025 |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि | 08/09/2025 |
| 5 | निविदा खोलने का समय एवं स्थान | पुलिस अधीक्षक कार्यालय मैहर समय 12.00 |

सुधीर अग्रवाल (भा.पु.से.)
पुलिस अधीक्षक
जिला मैहर (म.प्र.)

G-17470/25


**झूलेलाल मंदिर में समाजजनों ने मनाया चालिहा महोत्सव : कटनी।** उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर कैरिन लाइन स्थित श्री झूलेलाल मंदिर परिसर में सुमधुर झूलेलाल साईं गीतों से वातावरण गूंजता रहा। झूलेलालजी के 40 दिन से चल रहे चालिहा महोत्सव का समापन धूमधाम से हुआ। इस अवसर पर मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष रामरतन पायल, पूर्व केडीए अध्यक्ष पीतांबर टोपनानी, चेतन हिंदुजा, खीयल चावला, पार्षद गोविंद चावला, ईश्वर बहरानी, निरंजन पंजवानी की उपस्थिति में गायकों ने शानदार प्रस्तुतियां दीं।


## उत्तर मध्य रेलवे

**निविदा सूचना**

उप मुख्य इंजीनियर/गति शक्ति यूनिट, ग्वालियर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा (टू-पैकेट सिस्टम) ऑनलाइन (ई-टेन्डरिंग) पद्धति से आमन्त्रित की जाती है:-

ई-टेन्डर क्रमांक: DYCEGSUGWL0525

कार्य का विवरण: "उत्तर मध्य रेलवे के ग्वालियर-भिंड सेक्शन के बीच किमी 1283/5-6 पर एलसी संख्या 40, झाँसी-ग्वालियर सेक्शन के बीच किमी 1188/12-14 पर एलसी संख्या 398 और झाँसी-बीना सेक्शन के बीच किमी 993/30-32 पर एलसी संख्या 315 के स्थान पर 02 लेन आरओबी (एप्रोच सहित अंत से अंत तक) का निर्माण के संबंध में"

| अनुमानित मूल्य | निविदा बंद होने की तिथि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|
| ₹ 119.60 Crore | 24.09.2025 | 18 माह |

- आन लाइन निविदा दिनांक 24.09.2025 को 11.00 बजे तक जमा की जा सकती है।
- पूर्ण जानकारी तथा निविदा जमा करने के लिए कृपया भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें।

1500/25 FA

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला मैहर (म.प्र.)

क्रमांक-पु.अ./मैहर/रनि./723/25 — दिनांक- 13/08/2025

**-: निविदा आमंत्रण विज्ञप्ति :-**

वित्तीय वर्ष 2025-26 में पुलिस इकाई जिला मैहर के शासकीय कार्यालयों थाना/चौकियों में साफ-सफाई व्यवस्था हेतु अंशकालीन अस्थाई सफाई कर्मी लगाये जाने हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखनीय है कि खुली निविदा समय सारणी अनुसार www.mptenders. gov.in पर आमंत्रित की जा रही है। इच्छुक निविदाकर्ता www.mptenders. gov.in की साईट से अथवा पुलिस अधीक्षक कार्यालय मैहर से कार्य का विवरण प्राप्त कर सकता है।

समय सारणी:-

| क्र. | विवरण | दिनांक/समय |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रकाशन दिनांक | 20/08/2025 |
| 2 | निविदा जमा करने की प्रारंभ तिथि | 25/08/2025 |
| 3 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 07/09/2025 |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि | 08/09/2025 |
| 5 | निविदा खोलने का समय एवं स्थान | पुलिस अधीक्षक कार्यालय मैहर समय 12.00 |

पुलिस अधीक्षक
जिला मैहर

G-17551/25

## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

## जमीन बेचना है

पद्मधर कॉलोनी के पीछे नदी से लगा व 11,500 वर्गफिट फार्म हाउस मात्र 1200 रूपये वर्गफिट बेचना है। सम्पर्क करें। पंकज सिंह मो. 9753664665
आरएन-जीएमसर(23/8)

## लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944


## संसारपुर में शराब ठेकेदार ने कार से ग्रामीणों को कुचला

**कटनी।** स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम संसारपुर में मंगलवार रात उस समय सनसनी फैल गई जब शराब ठेकेदार की दबंगई ने ग्रामीणों को अस्पताल पहुँचा दिया। बताया जा रहा है कि गांव में लंबे समय से हो रही शराब की पैकारी का ग्रामीण विरोध कर रहे थे। इसी बीच ठेकेदार मंचू असाटी और उसके गुर्गे मौके पर पहुंचे और जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों का आरोप है कि विवाद बढ़ने पर ठेकेदार ने कार से लोगों को कुचल दिया जिससे कई ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर भगदड़ मच गई और लोग जान बचाकर इधर उधर भागे। घटना के समय जिस वाहन का इस्तेमाल ग्रामीणों को कुचलने के लिए किया गया उसमें देसी शराब की पेटियां लदी हुई थीं। ग्रामीणों का कहना है कि यही शराब आसपास के गांवों में पैकारी के जरिए बेची जाती है। संसारपुर और आसपास के गांवों के ग्रामीणों ने कई बार प्रशासन और पुलिस से अवैध पैकारी बंद करने की शिकायत की थी। लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।


## आवश्यकता है

रीवा शहर में शुद्ध शाकाहारी खाना बनाने हेतु कुक (cook) की आवश्यकता है एवं नवजात बच्चे की देखभाल के लिए नर्स/आया चाहिए रहने की सुविधा उपलब्ध है।
मो. 9425735577, 8770082649
आरएन-84502 (24/8)

## दुकान बेचना/ किराये से देना है

शहर के मध्य शिल्पी प्लाजा के बी-ब्लाक में बी-4/10 साइज 7.60×3.45 मीटर की दुकान बेचना एवं किराये से देना है। इच्छुक व्यक्ति निम्न मोबाइल नं. पर संपर्क कर सकते हैं।
मो. नं. 7979818519, 7566405999
आर.एन. जीएम सर (22/8)

## न्यायालय अपर कलेक्टर, जिला रीवा (म0प्र0)

प्रकरण क्रमांक/0064/निगरानी/2025-26
रीवा दिनांक 18/8/2025

01. वंशराज सिंह पिता श्रीमान सिंह निवासी ग्राम बैकुण्ठपुर तहसील सिरमौर जिला रीवा (म.प्र.) ...........निगरानीकर्ता।

बनाम

01. दिलीप कुमार सिंह तनय स्व. प्रहलाद सिंह निवासी ग्राम बैकुण्ठपुर तहसील सिरमौर जिला रीवा (म.प्र.) 02. संदीप सिंह तनय भूपेन्द्र सिंह, 03. प्रदीप सिंह तनय भूपेन्द्र सिंह 04. सुरेन्द्र सिंह तनय खेलाड़ी सिंह, 05. नारेन्द्र सिंह तनय खेलाड़ी सिंह, 06. विजय शंकर सिंह तनय गौरी शंकर सिंह सभी निवासी ग्राम बैकुण्ठपुर तहसील सिरमौर जिला रीवा (म.प्र.) 07. अरूणा पत्नी विनोद कुमार सिंह निवासी ग्राम तेंदुन तहसील सिरमौर जिला रीवा (म.प्र.) ..........गैर निगरानीकर्तागण

//आम इश्तहार//

गैर निगरानीकर्ता क्रमांक 06 विजय शंकर सिंह तनय गौरी शंकर सिंह निवासी ग्राम बैकुण्ठपुर तहसील सिरमौर जिला रीवा (म.प्र.) एवं गैर निगरानीकर्ता क्रमांक 07 अरूणा पत्नी विनोद कुमार सिंह निवासी ग्राम तेंदुन तहसील सिरमौर जिला रीवा (म.प्र.) को सूचित किया जाता है कि निगरानीकर्ता वंशराज सिंह पिता श्रीमान सिंह निवासी ग्राम बैकुण्ठपुर तहसील सिरमौर जिला रीवा (म.प्र.) के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी तहसील सिरमौर जिला रीवा के राजस्व प्रकरण क्रमांक 0013/अपील/2025-26 आदेश दिनांक 28.04.2025 के विरुद्ध मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 50 के तहत निगरानी प्रस्तुत की गई है। उक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु दिनांक 29/08/2025 को पेशी नियत है। अत: गैर निगरानीकर्तागण क्रमांक 06 एवं 07 को सूचित किया जाता है कि उक्त प्रकरण की पेशी दिनांक 29/08/2025 को समय 11:00 बजे दिन स्वत: या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर प्रकरण की सुनवाई की कार्यवाही में भाग लें, गैर निगरानीकर्तागण के उक्त दिनांक एवं समय में अनुपस्थित रहने पर गैर निगरानीकर्तागण के विरुद्ध प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

अपर कलेक्टर
जिला-रीवा (म.प्र.)

RN- 82747

## कार्यालय कलेक्टर, जिला सतना एवं पदेन उपसचिव म.प्र. शासन राजस्व विभाग सतना

क्र.1346/भू-अर्जन/2025 — सतना, दिनांक 06/08/2025

**घोषणा**

चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के पद (2) में उल्लिखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है। अत: भू-अर्जन अधिनियम 2013, संशोधन (क्र.-एक सन् 2013) की धारा 19 के अंतर्गत इसके द्वारा यह घोषित किया जाता है कि उक्त भूमि की उक्त प्रयोजन के लिये आवश्यकता है:-

**अनुसूची**

(1) भूमि का वर्णन:-(म.प्र. शासन/निजी खाता)
(क) जिला-सतना
(ख) तहसील-रघुराजनगर
(ग) नगर/ग्राम-बरहा
(घ) क्षेत्रफल-1.0090 हे.

| क्र. | भूस्वामी का नाम/पिता का नाम | खसरा नं. | अर्जित रकवा |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | सरमनिया पत्नी लालमन 1/5, कुंजी लाल पिता लालमन साकिन बरहा 1/5, मुन्नीलाल पिता लालमन 1/5, शिवलाल पिता लालमन 1/5, कमली पुत्री लालमन 1/5 साकिन बरहा भूमि स्वामी | 11 | 0.1830 |
| 2 | सरमनिया पत्नी लालमन 1/5, कुंजी लाल पिता लालमन साकिन बरहा 1/5, मुन्नीलाल पिता लालमन 1/5, शिवलाल पिता लालमन 1/5, कमली पुत्री लालमन 1/5 साकिन बरहा भूमि स्वामी | 12 | 0.0130 |
| 3 | सुखीलाल पिता मंगल चमार | 13/2 | 0.1600 |
| 4 | सुखीलाल पिता मंगल चमार | 14/2 | 0.0130 |
| 5 | बसंतलाल पिता दुर्गा प्रसाद निगम साकिन उचेहरा | 39 | 0.1050 |
| 6 | बीरेन्द्र कुमार पिता गिरजा प्रसाद निगम साकिन देह भूमि स्वामी | 40 | 0.0900 |
| 7 | सुरेन्द्र पिता राजेन्द्र निगम साकिन देह भूमि स्वामी | 41/3 | 0.0100 |
| 8 | सुनील कुमार पिता विश्वनाथ प्रसाद 1/5, प्रदीप कुमार पिता विश्वनाथ 1/5, नवीन पिता विश्वनाथ 1/5, रेखा पिता विश्वनाथ 1/5, संध्या पिता विश्वनाथ निगम 1/5 साकिन देह भूमि स्वामी | 41/4 | 0.0150 |
| 9 | रामानंद पिता राजाराम साकिन इटौरा | 42/1 | 0.0540 |
| 10 | अवधेश प्रसाद पिता राजाराम इटौरा | 42/2 | 0.0600 |
| 11 | महेन्द्र कुमार पिता राजाराम साकिन इटौरा | 42/3 | 0.0610 |
| 12 | चंद्रिका प्रसाद पिता स्व. रंजित राम पाण्डेय साकिन इटौरा | 64/1 | 0.0460 |
| 13 | शैल पत्नी लालमणि पाण्डेय 1/7, मिथलेश पिता लालमणि 1/7, कमलेश पिता लालमणि 1/7, लवकेश पिता लालमणि 1/7, रजनीश पिता लालमणि 1/7, किरण उर्फ मुन्नी पुत्री लालमणि 1/7, आशा पुत्री लालमणि 1/7, साकिन इटौरा | 64/2 | 0.0470 |
| 14 | मनोज कुमार पिता रामाधार त्रिपाठी 1/2, विनोद कुमार पिता रामाधार त्रिपाठी 1/2 | 65 | 0.0650 |
| 15 | मनोज कुमार पिता रामाधार त्रिपाठी 1/2, विनोद कुमार पिता रामाधार त्रिपाठी 1/2 | 77/2 | 0.0800 |
| 16 | मनोज कुमार पिता रामाधार त्रिपाठी 1/2, विनोद कुमार पिता रामाधार त्रिपाठी 1/2 | 78 | 0.0070 |
| | योग | | 1.0090 |

(2) सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिये अर्जन आवश्यक है-बरगी व्यपवर्तन परियोजना अंतर्गत नागौद-सतना शाखा नहर की सोहावल वितरिका की मसनहा माइनर के निर्माण हेतु।

(3) भूमि के नक्शे (प्लान) का निरीक्षण कलेक्टर (भू-अर्जन) जिला सतना के न्यायालय में किया जा सकता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार

(डॉ. सतीश कुमार एस.)
कलेक्टर
जिला सतना (म.प्र.)
एवं पदेन उप सचिव म.प्र. शासन
राजस्व विभाग

G-17493/25

## कार्यालय कलेक्टर, जिला सतना एवं पदेन उपसचिव म.प्र. शासन राजस्व विभाग सतना

क्र.1343/भू-अर्जन/2025 — सतना, दिनांक 06/08/2025

**घोषणा**

चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के पद (2) में उल्लिखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है। अत: भू-अर्जन अधिनियम 2013, संशोधन (क्र.-एक सन् 2013) की धारा 19 के अंतर्गत इसके द्वारा यह घोषित किया जाता है कि उक्त भूमि की उक्त प्रयोजन के लिये आवश्यकता है:-

**अनुसूची**

(1) भूमि का वर्णन :- (म.प्र. शासन/निजी खाता)
(क) जिला-सतना
(ख) तहसील-कोठी
(ग) नगर/ग्राम-बड़ोर
(घ) क्षेत्रफल-2.1050 हे.

| क्र. | भूस्वामी का नाम/पिता का नाम | खसरा नं. | अर्जित रकवा |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | काशी प्रसाद पिता होरीलाल सा. देह भूमिस्वामी | 55/3 | 0.0550 |
| 2 | श्रीमती संतोष शर्मा पत्नी विष्णुकांत शर्मा पता बड़ोर, कोठी भूमिस्वामी | 62/1 | 0.1050 |
| 3 | गौरव पिता विष्णुकांत शर्मा पता सा. देह भूमिस्वामी | 61 | 0.1290 |
| 4 | राहुल नाबा. सर. पिता विष्णुकांत पता सा. देह भूमिस्वामी | 66 | 0.1690 |
| 5 | राहुल नाबा. सर. पिता विष्णुकांत पता सा. देह भूमिस्वामी | 65 | 0.0140 |
| 6 | मनोज कुमार पिता बद्री प्रसाद पता सात्र कोठी भूमिस्वामी | 80/1/1 | 0.0880 |
| 7 | मु. सुधा बेवा गोपी प्रसाद सावित्री पिता गोपी प्रसाद मु. विनीता बेवा सुरेन्द्र कुमार अर्चना सालनी हर्ष नारायण पिता सुरेन्द्र कुमार नारेन्द्र नाथ पिता गोपी प्रसाद मु. सुशीला बेवा धानेन्द्र नाथ रूमी देवेन्द्र कुमार पिता धानेन्द्र नाथ जाति ब्रा. पता मौहार भूमिस्वामी | 80/1/2 | 0.0010 |
| 8 | रामशिरोमणि पिता रामऔतार ब्रा. सा. मौहार भूमिस्वामी | 80/2/1 | 0.2230 |
| 9 | राजेन्द्र प्रसाद उर्फ रजेऊ पिता रामप्रसाद ब्रा. सा. मौहार | 80/2/2/2 | 0.0020 |
| 10 | मु. राजाबाई बेवा रामप्रकाश संतोश रेखा पुत्री रामप्रकाश गर्ग पता मौहार भूमिस्वामी | 80/3/1/1/1/1 | 0.0580 |
| 11 | श्रीमती कविता पत्नी देवेन्द्र व सुधा पत्नी प्रमोद गर्ग राजकुमारी पत्नी रघुवंश प्रसाद गर्ग सुधा पत्नी सुनील गर्ग पता सा. देह भूमिस्वामी | 80/3/1/1/1/2 | 0.0240 |
| 12 | प्रमोद कुमार गर्ग पुत्र शिवप्रसाद गर्ग जाति ब्रा. पता मौहार | 80/3/2/1/1 | 0.0560 |
| 13 | देवेन्द्र पिता शिवप्रसाद जाति ब्रा. पता मौहार भूमिस्वामी | 80/3/2/1/3 | 0.0800 |
| 14 | सुनील कुमार पिता शिवप्रसाद जाति ब्रा. पता मौहार भूमिस्वामी | 80/3/2/1/4 | 0.0030 |
| 15 | रामधनी, मधवप्रसाद, सवित्री पिता गोपीप्रसाद, नरेन्द्रनाथ पिता गोपी प्रसाद, सुशीला बेवा धनेन्द्रनाथ अंकित रश्मी देवेन्द्र पिता धनेन्द्र नाथ, शांति बेवा रमाकांत राहुल रानू पिता रमाकांत, श्रीकांत पिता रामसखा, राजेश पिता रामसखा, राकेश, उमेश, सरोज, गीता पिता रामसखा हर्ष नारायण पिता सुरेन्द्र विनीता अर्चना शालिनी पिता सुरेन्द्र पता मौहार भूमिस्वामी | 79/1 | 0.0090 |
| 16 | सीताराम पिता माधव प्रसाद जाति ब्रा. पता मौहार भूमिस्वामी | 79/2 | |
| 17 | दशरथ पिता बुद्धा साहू सा. कोठी भूमिस्वामी | 191/1 | 0.0140 |
| 18 | नीलकण्ठ पिता दशरथ साहू सा. कोठी भूमिस्वामी | 191/2 | 0.0980 |
| 19 | रामरतन पिता दशरथ साहू सा. कोठी भूमिस्वामी | 191/3 | 0.0020 |
| 20 | प्रमोद कुमार पिता दशरथ साहू सा. कोठी भूमिस्वामी | 191/4 | 0.0120 |
| 21 | शिवप्रसाद पिता दशरथ साहू सा. कोठी भूमिस्वामी | 191/5 | 0.1100 |
| 22 | सतीला पत्नी छोटेलाल प्रजापति पता रोयनी भूमिस्वामी | 217/1 | 0.0430 |
| 23 | दिनेश कुमार पुत्र चुनकाई पता बड़ोर, कोठी भूमिस्वामी | 217/2 | 0.1120 |
| 24 | केदार प्रसाद पांडेय पिता शंकरदत्त जाति ब्रा. पता कोठी भूमिस्वामी | 216/1 | 0.0160 |
| 25 | सियासखी बेवा त्रिभुवन प्रसाद गर्ग, रमेश कुमार गर्ग पुत्र त्रिभुवन प्रसाद गर्ग, अरूण कुमार गर्ग पुत्र त्रिभुवन प्रसाद गर्ग पता कोठी भूमिस्वामी | 224/3 | 0.1580 |
| 26 | सियासखी बेवा त्रिभुवन प्रसाद गर्ग, रमेश कुमार गर्ग पुत्र त्रिभुवन प्रसाद गर्ग, अरूण कुमार गर्ग पुत्र त्रिभुवन प्रसाद गर्ग पता कोठी भूमिस्वामी | 225/1 | 0.1320 |
| 27 | सियासखी बेवा त्रिभुवन प्रसाद गर्ग, रमेश कुमार गर्ग पुत्र त्रिभुवन प्रसाद गर्ग, अरूण कुमार गर्ग पुत्र त्रिभुवन प्रसाद गर्ग पता कोठी भूमिस्वामी | 226/1 | 0.0160 |
| 28 | पुष्पा मिश्रा बेवा रामाश्रय मिश्रा, सूरजकांत मिश्रा पुत्र रामाश्रय मिश्रा, शोभराज मिश्रा पुत्र रामाश्रय मिश्रा पता बड़ोर, कोठी भूमिस्वामी | 227 | 0.0960 |
| 29 | मनमोहन प्रसाद मिश्रा पुत्र रामनरेश मिश्रा जाति ब्रा. पता सा. देह भूमिस्वामी | 223/1/1 | 0.0060 |
| 30 | छोटेलाल पिता गुन्ने, अनिल कुमार, कमला पिता गुन्ने विश्वकर्मा सा. देह भूमिस्वामी | 194/3 | 0.1900 |
| 31 | जगदीश प्रसाद पिता बदी प्रसाद सा. देह भूमिस्वामी | 194/1 | 0.0020 |
| 32 | लोली प्रजापति पिता दुर्गा प्रजापति सा. कोठी भूमिस्वामी | 218/1 | 0.0460 |
| 33 | छंगा पिता बुद्धा सा. कोटी भूमिस्वामी | 218/2 | 0.0360 |
| | योग | | 2.1050 |

(2) सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिये अर्जन आवश्यक है-बरगी व्यपवर्तन परियोजना अंतर्गत नागौद-सतना शाखा नहर की टेल वितरिका की कोठी माइनर के निर्माण हेतु।

(3) भूमि के नक्शे (प्लान) का निरीक्षण कलेक्टर (भू-अर्जन) जिला सतना के न्यायालय में किया जा सकता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार

(डॉ. सतीश कुमार एस.)
कलेक्टर
जिला सतना (म.प्र.)
एवं पदेन उप सचिव म.प्र. शासन राजस्व विभाग

G-17492/25

# 28 आवासीय विद्यालयों एवं छात्रावासों में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

## 1229 बच्चों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

जागरण मंडला

कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न विकासखंडों में स्वास्थ्य विभाग की ओर से गठित दलों द्वारा सभी आवासीय छात्रावासों में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच के लिए विशेष शिविरों का जनजातीय कार्यविभाग के सहयोग से आयोजन किया जा रहा है। शिविरों के माध्यम से सभी छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य का परीक्षण करने के साथ-साथ आवश्यकतानुसार दवाईयों का वितरण किया जा रहा है। जुकाम, बुखार आदि लक्षणों को देखते हुए जरूरत के आधार पर जांच के लिए रक्त के नमूने भी लिए जा रहे हैं।



इसी कड़ी में विगत दिवस आदिवासी कन्या आश्रम मंडला, आदिवासी अंग्रेजी माध्यम कन्या आश्रम निवास, आदिवासी अंग्रेजी माध्यम बालक आश्रम बीजाडांडी, आदिवासी कन्या आश्रम निवास, आदिवासी कन्या आश्रम बिंझिया मंडला, आदिवासी कन्या आश्रम भीमडोंगरी, आदिवासी कन्या आश्रम मवई, आदिवासी कन्या आश्रम सालीवाड़ा, आदिवासी बालक आश्रम खुर्सीपार, आदिवासी बालक आश्रम टिकरिया, बैगा कन्या आश्रम खजरी भैंसवाही, बैगा कन्या आश्रम जमठार, बैगा कन्या आश्रम बसनी, बैगा बालक आश्रम पद्दीकोना, आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास टाटरी, आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास सलवाह, आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास घुटास, आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास भीमडोंगरी, आदिवासी जूनियर बालक छात्रावास बर्रई, आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास माधोपुर, उत्कृष्ट आदिवासी सीनियर कन्या छात्रावास निवास, आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास विजयपुर, आदिवासी सीनियर बालिका छात्रावास बरवाही, अनुसूचित जाति सीनियर बालिका छात्रावास निवास, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय निवास तथा नवीन आदिवासी सीनियर कन्या छात्रावास मंडला में छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इन 28 स्वास्थ्य शिविरों में 1229 विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। मौसमी बीमारियों के हल्के लक्षण वाले विद्यार्थियों को आवश्यकतानुसार दवाओं का वितरण किया गया। शिविर के दौरान क्षेत्रीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं संबंधित स्टॉफ मौजूद रहा। मेडीकल टीमों द्वारा लगातार स्वास्थ्य शिविर आवासीय विद्यालयों एवं छात्रावासों में लगाए जा रहे हैं।

# नियमों के विपरीत आदेश जारी करने पर शासन ने खींची लगाम, डिंडौरी में बड़े पैमाने पर तबादले रद्द



जागरण डिंडोरी। मध्यप्रदेश शासन जनजातीय कार्य विभाग ने डिंडौरी जिले के कलेक्टर (जनजातीय कार्य) कार्यालय द्वारा जारी तबादला, युक्तियुक्तकरण एवं पदस्थापना आदेशों को निरस्त कर दिया है। शासन ने यह कार्रवाई विभिन्न शिकायतों के आधार पर संभागीय उपायुक्त जनजातीय कार्य जबलपुर के प्रतिवेदन और आयुक्त जनजातीय कार्यालय की अनुशंसा के बाद की है।जारी आदेश में कहा गया है कि कलेक्टर कार्यालय डिंडौरी द्वारा 17 जून 2025 को जारी आदेश क्रमांक 478 के तहत तीन प्राचार्यों (द्वितीय श्रेणी) का जिला स्तरीय स्थानांतरण, तथा आदेश क्रमांक 479 के तहत बारह उच्च माध्यमिक शिक्षकों का स्थानांतरण किया गया था। ये आदेश स्थानांतरण नीति 2025 में निर्धारित जिला स्तरीय अधिकारिता के अनुरूप न होने के कारण तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिए गए हैं। इसी प्रकार, आदेश क्रमांक 604, 605 और 606 दिनांक 3 जुलाई 2025 के तहत कुल 438 शिक्षकों की युक्तियुक्तकरण पश्चात पदस्थापना की गई थी। इन आदेशों को भी विभागीय दिशा-निर्देशों के विपरीत पाए जाने पर रद्द कर दिया गया है और पुनः विभागीय निर्देश दिनांक 27 अगस्त 2024 के अनुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं।इसके अतिरिक्त, कलेक्टर कार्यालय द्वारा 11 जुलाई 2025 को जारी आदेश क्रमांक 740 से 139 छात्रावास अधीक्षकों की पदस्थापना की गई थी। यह पदस्थापनाएं भी शासन के 16 मार्च 2015 को जारी निर्देशों के अनुरूप न होने से रद्द कर दी गई हैं।

# पति के दोस्त ने महिला को बनाया हवस का शिकार

**छतरपुर।** एक शादीशुदा महिला ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर अपने पति के दोस्त पर जबरन दुष्कृत्य करने, गाली-गलौज करने और पति को जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित महिला ने बताया कि वह शादीशुदा है और उसका विवाह गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के ग्राम उर्दमऊ में हुआ था। वर्तमान में वह छतरपुर के नारायणपुरा रोड पर किराए के मकान में रहती है। उसका पति भेलगांव में गढ़ीमलहरा निवासी संस्कार पुत्र भानु कुमार अरजरिया के साथ नौकरी करता है। तीन महीने पहले वह भेलगांव अपने पति से मिलने गई थी, जहां उसकी मुलाकात संस्कार से हुई। परिचय के कारण संस्कार उसके घर आने-जाने लगा। एक दिन संस्कार ने उसने प्रेम का इजहार कर शादी की इच्छा जताई, जिसे महिला ने शादीशुदा होने के कारण ठुकरा दिया। इसके बाद करीब एक माह पहले संस्कार रात को उसके घर आया और बाहर से आने का बहाना बनाकर रुकने की अनुमति मांगी। परिचय के कारण महिला ने उसे रुकने दिया, लेकिन उसी रात संस्कार ने महिला को पति की हत्या करने की धमकी देकर जबरन दुष्कृत्य किया। महिला ने अपने पति को पूरी घटना बताई, जिसके बाद पति के कहने पर उसने ओरछा रोड थान में शिकायत दर्ज कराई थी, जिस पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से संस्कार अरजरिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

# जिला जेल में बंद कैदी को लगा आकाशीय बिजली का झटका, अस्पताल में भर्ती

**छतरपुर।** बीती शाम छतरपुर में हुई बारिश के दौरान जिला जेल में बंद एक कैदी को आकाशीय बिजली का झटका लगने के बाद उसकी हालत बिगड़ गई और उसे फौरन जिला अस्पताल लाना पड़ा। हालांकि समय पर उपचार मिल जाने के कारण कैदी का हालत में सुधार है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बीती रात करीब 8 बजे बारिश के दौरान मेघ गर्जना के साथ ही तेज चमक हुई और तभी जेल में बंद कैदी मुकीम पुत्र अनवर उम्र 20 वर्ष निवासी सबनीगर मोहल्ला छतरपुर झटका खाकर जमीन पर गिर गया। जिला जेल में पदस्थ आरक्षक ज्ञान सिंह तुरंत मुकीम को एंबुलेंस से जिला अस्पताल लेकर आए, जहां कैदी वार्ड में डॉ. द्विवेदी द्वारा उसका इलाज किया गया। डॉ. द्विवेदी ने बताया कि इलाज के बाद कैदी की हालत में सुधार है। एहतियात के तौर पर कैदी को अभी अस्पताल में ही रखा गया है।

# किराएदार ने की बुजुर्ग मकान मालकिन की हत्या, बेटी भी घायल

## धारदार हथियार से किया हमला, आरोपी फरार, तलाश में जुटी पुलिस

**छतरपुर।** शहर की विश्वनाथ कॉलोनी में गुरुवार दोपहर एक किराएदार ने अपनी 60 वर्षीय मकान मालकिन की धारदार हथियार से हत्या कर दी। इतना ही नहीं आरोपी ने मकान मालकिन की बेटी पर भी हमला किया, जो कि बुरी तरह घायल हुई है। चूंकि आरोपी वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से भाग निकला था इसलिए पुलिस की टीमें लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई हैं।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक गुरुवार की दोपहर करीब साढ़े 12 बजे श्रीमती सरमन पाठक पत्नी स्व. सुरेश पाठक उम्र करीब 60 वर्ष, अपनी पुत्री प्रियंका पाठक के साथ घर में थी। तभी उनके घर में किराए से रहने वाली शालू राय का पति महेश राय धारदार हथियार (बका) लेकर आया और सरमन पाठक के ऊपर पर ताबड़तोड़ प्रहार करना शुरु कर दिए। मां के ऊपर हमला होते देख उसकी पुत्री प्रियंका बचाने दौड़ी तो आरोपी ने उस पर प्रहार कर दिए, जिससे वह भी घायल हो गई। सरमन की पड़ोसी विद्या विश्वकर्मा ने बताया कि घटना के समय सरमन का बेटा बाबू पाठक अपने काम पर गया था। घटना के बाद प्रियंका ने कुछ दूरी तक आरोपी का पीछा भी किया, लेकिन वह फरार हो गया। सूचना मिलते ही सीएसपी अरुण मिश्रा, कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद दांगी और भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और घायल प्रियंका को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। बताया गया है कि आरोपी महेश राय की पत्नी शालू राय पिछले करीब एक साल से सरमन के घर में किराए पर रह रही था, जबकि महेश राय कभी-कभार घर पर आता था, वह नशे का आदी भी है।

# शांति समिति की बैठक का किया आयोजन



जागरण मंडला। थाना बिछिया में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई,जिसकी अध्यक्षता एस डी एम बिछिया सोनाली देव ने की।आगामी गणेश चतुर्थी,मिलाद उन नबी एवं अनंत चतुर्दशी के संदर्भ में बैठक का आयोजन किया गया,जिसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।प्रमुख रूप से डीजे रात्रि 10 बजे तक अनुज्ञा आदेश लेकर संचालित किए जा सकेंगे।विसर्जन प्रशाशन द्वारा निर्धारित स्थलों पर किया जाना सुनिश्चित किया गया।समस्त गणेश पंडालों एवं मिलाद शरीफ पर सजावट की सीमा तय की गई एवं पंडालों की सुरक्षा समिति द्वारा निर्धारित की गई।बाइकर्स गैंग पर नियंत्रण करने हेतु चर्चा की गई जिस पर चालानी कार्रवाई किया जाना प्रस्तावित किया गया। स्कूल लगने एवं छुट्टी होने के समय पर स्कूल मार्गों आज सामाजिक तत्वों पर पुलिस निगरानी प्रस्तावित की गई।बस स्टैंड में अवैध शराब के अहाता एवं बिरयानी सेंटरों पर आबकारी एवं खाद्य विभाग की कार्यवाही किए जाने की मांग की गई। जिस पर उचित कार्यवाही करने का आश्वासन एस डी एम द्वारा दिया गया,,उक्त बैठक में एस डी एम बिछिया,थाना प्रभारी बिछिया,तहसीलदार बिछिया,नगर परिषद राजस्व निरीक्षक, पत्रकार सुदेश नामदेव, संजय दीक्षित, अरविंद उपाध्याय समाजसेवी बलरामपुरी गोस्वामी, राकेश यादव, दीपक कटारे, रत्नेश यादव, सोनल अग्रवाल, वकील कुरैशी, हाफिज जी,मोंटू खान, विमल चौधरी, बंटी खान, मकबूल खान, मिंटू ठाकुर, दिनेश पांडे,उत्तम चौधरी,, सहित समस्त समुदाय के अनेक लोग उपस्थित रहे।

# सांदीपनि विद्यालय नरिया में साइकिल वितरण विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना



**जागरण डिंडोरी।** सांदीपनि विद्यालय नरिया में शहपुरा विधायक श्री ओमप्रकाश धुर्वे की अध्यक्षता तें साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित की गई। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष श्री चमरू सिंह नेताम, श्री नरेंद्र राजपूत, शाहपुर पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री सुशील राय, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा ग्राम नरिया के सरपंच एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान शासन की योजना अंतर्गत पात्र छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिलें वितरित की गईं। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने में सुविधा प्रदान करना है। ग्रामीण अंचल के कई विद्यार्थी दूर-दराज से पैदल विद्यालय पहुंचते हैं, जिससे उनकी पढ़ाई में बाधा उत्पन्न होती है। साइकिल मिलने से न केवल समय की बचत होगी।

# युगांडा की प्रधानमंत्री ने कहा- यहां भी बने बागेश्वर धाम मठ



**छतरपुर।** दुनिया भर में आस्था का केंद्र बना बागेश्वर धाम अब सनातन संस्कृति और सनातनी गतिविधियों के प्रचार प्रसार का केंद्र भी बन गया है। दुनिया भर के सनातनी बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं। बदलते परिदृश्य में सनातनियों में एकजुटता का भाव पैदा हो रहा है। बागेश्वर महराज ने युगांडा में भी सनातन का परचम लहराया। युगांडा की प्रधानमंत्री ने महाराज श्री से आग्रह किया कि युगांडा की उन्नति और उत्थान के लिए यहां बागेश्वर सनातन मठ बनाएं। युगांडा की प्रधानमंत्री ने बागेश्वर महाराज द्वारा चलाए जा रहे नर सेवा नारायण सेवा के संकल्पों की सराहना की और उनका सम्मान किया।

बुंदेलखंड के गौरव बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर महाराज श्री ने अफ्रीकी देश युगांडा में भी भारत का मान बढ़ाया। तीन दिवसीय श्री हनुमंत कथा के बाद युगांडा की प्रधानमंत्री श्रीमती रोबिना नब्बांजा से महाराज श्री की भेंट हुई। प्रधानमंत्री ने जब बागेश्वर महाराज के मानवता के कार्यों के बारे में जाना तो उन्होंने इसकी सराहना की। प्रधानमंत्री को बताया गया कि गरीब बेटियों के लिए बागेश्वर धाम से विवाह की व्यवस्था की जाती है, हर रोज हजारों लोगों के लिए अन्नपूर्णा चल रही है, जरूरतमंद मरीजों के लिए कैंसर अस्पताल जैसे संकल्प आगे बढ़ाये जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने युगांडा की बेहतरी के लिए बालाजी सरकार का आशीर्वाद मांगा और अपनी अर्जी लगाई।

# ग्राम पंचायत के कामकाज में सरपंच पति के हस्तक्षेप से विवाद

## स्व सहायता समूह की आजीविका पर संकट! कलेक्टर से शिकायत



जागरण डिंडोरी। मध्यप्रदेश के डिंडौरी जिले के अमरपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बिलासर में सरपंच पति बुदेश्वर बनवासी के हस्तक्षेप को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। ग्राम की दुर्गा स्व सहायता समूह (आजीविका) ने कलेक्टर डिंडौरी को आवेदन सौंपकर आरोप लगाया है कि पंचायत के कार्यों में सरपंच पति की दखलअंदाजी से उनकी आजीविका प्रभावित हो रही है।समूह ने बताया कि वर्ष 2024 से उन्हें ग्राम के आवास टोला स्थित शासकीय तालाब (खसरा नं. 303, रकबा 0.43) में पांच वर्ष के लिए मछली पालन का अधिकार मिला हुआ है। समूह लगातार मछली पालन कर रहा है और अभी तक एक भी मछली नहीं निकाली गई है। लेकिन सरपंच पति के दबाव में उनके भाई खेमू बनवासी ने 24 जुलाई 2025 को बिना अनुमति तालाब में मछली का बीज डलवा दिया।आवेदक समूह का कहना है कि जब उन्होंने पंचायत के पदाधिकारियों से इसका कारण पूछा तो उन्हें कहा गया कि समूह को दिया गया प्रस्ताव फर्जी है। जबकि हकीकत यह है कि ग्राम पंचायत ने विधिवत प्रस्ताव पारित कर उन्हें पांच वर्षों के लिए तालाब सौंपा था।समूह ने कलेक्टर से मांग की है कि ग्राम पंचायत के कामकाज में सरपंच पति के अनाधिकृत हस्तक्षेप की जांच की जाए और दोषियों पर कानूनी कार्रवाई हो, ताकि भविष्य में इस तरह की मनमानी बंद हो और स्व सहायता समूह को न्याय मिल सके।

# विषम परिस्थिति में मदद के लिए डायल करें 112

## छतरपुर में भी शुरू हुई इमरजेंसी सेवा, मिले 31 नए वाहन

**छतरपुर।** मध्य प्रदेश में अब इमरजेंसी सेवाओं के लिए डायल 100 की जगह 112 नंबर पर कॉल करना होगा। इस नई एकीकृत आपातकालीन सेवा के तहत पुलिस, एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड, महिला हेल्पलाइन और अन्य सभी आकस्मिक सेवाएं एक ही नंबर से उपलब्ध होंगी। इस नई इमरजेंसी सेवा के तहत प्रथम चरण में छतरपुर जिले को कुल 31 वाहन भी आवंटित किए गए हैं, जिसमें शहर के इलाकों के लिए 11 स्कॉर्पियो और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 20 बोलेरो शामिल हैं।

डायल-112 के डिस्ट्रिक्ट सुपरवाइजर गणेश सिंह चौहान ने बताया कि यह बदलाव नागरिकों को तेज और प्रभावी मदद पहुंचाने के लिए किया गया है, जिससे जिले में सुरक्षा और आपात प्रतिक्रिया में सुधार होगा। उन्होंने बताया कि यह सेवा मध्य प्रदेश सरकार की ओर से 15 अगस्त से पूरे राज्य में शुरू की गई है, जो केंद्र सरकार की इमरजेंसी रिस्पॉन्स सपोर्ट सिस्टम (ईआरएसएस) का हिस्सा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर से इसकी औपचारिक शुरुआत की, जहां पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। गणेश सिंह चौहान के अनुसार, छतरपुर में यह सेवा विशेष रूप से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन की गई है। ग्रामीण इलाकों में बोलेरो वाहनों का इस्तेमाल होगा, जो दुर्गम रास्तों पर आसानी से पहुंच सकते हैं, जबकि शहर में स्कॉर्पियो की तेज गति और मजबूत बनावट से त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित होगी। श्री चौहान ने बताया कि डायल 112 सेवा के तहत अब नागरिकों को अलग-अलग नंबर याद रखने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

# दिनदहाड़े लूट- घुघरी में शराब दुकान के कर्मचारियों से 1.5 लाख लूटे




**जागरण मंडला।** जिले की घुघरी तहसील में दिनदहाड़े लूट की एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। पेट्रोल पंप के पास स्थित एक देशी शराब की दुकान के सामने दो अज्ञात मोटरसाइकिल सवारों ने कर्मचारियों से एक बैग छीन लिया, जिसमें करीब 1 लाख 50 हजार रुपए रखे थे। वारदात को अंजाम देने के बाद लुटेरे मौके से फरार हो गए।बताया गया कि यह घटना बुधवार दोपहर करीब 2 बजे की बताई गई है। पुलिस को सूचना मिलने के बाद तत्काल मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। दुकान के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, जिसमें दो संदिग्ध व्यक्तियों को देखा गया है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने और उनकी तलाश करने का काम शुरू कर दिया है। इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

# सरदार पटेल वार्ड शिव मंदिर में धूम -धाम से मनाया गया कृष्ण भगवान की छठ का कार्यक्रम

**जागरण मंडला।** आज सरदार पटेल वार्ड ईडन गार्डन कॉलोनी मंडला में शिव मंदिर मे भगवान कृष्ण की छठ मनाई गई जिसमे कॉलोनी की महिलाओं ने बड़े उत्साह के साथ पहले भजन कीर्तन कियाऔर फिर भगवान की छठ मनाई गई इस कार्यक्रम में सुधा उपाध्याय, मधु मिश्रा,गंगोत्री बड़गईयां, प्रतिमा पांडेय, नेहा ठाकुर, मिथलेश डहरिया, कल्पना तिवारी, गंगा नीखर, रिंकी शुक्ला, आशा अवस्थी ,माया तिवारी,सावित्री शुक्ला,बिन्नी मार्को,सीमा दोहरे,शिल्पा बड़गईयां,सविता बड़गईयां,सीमा चौरसिया सहित अन्य कई महिलाये उपस्थित रही।

# जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक संपन्न अवैध खनन पर कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश



जागरण डिंडोरी। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या की अध्यक्षता में 20 अगस्त 2025 को कलेक्ट्रेट सभागार में खनिज एवं वन विभाग की जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहनी सिंह, अपर कलेक्टर श्री जेपी यादव, डीएफओ श्री पुनीत सोनकर, एसडीएम शहपुरा श्री ऐश्वर्य वर्मा, एसडीएम बजाग श्री रामबाबू देवांगन, एसडीओ फॉरेस्ट श्री सुनील, एसडीओपी श्री सतीश द्विवेदी, खनिज विभाग से श्री अशोक नागले, परिवहन विभाग से श्री सुरेन्द्र सिंह गौतम, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड शहडोल श्री एके दुबे, समस्त जनपद सीईओ सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने बैठक में निर्देश दिए कि जिले में मानसून अवधि 15 जून से 30 सितंबर 2025 तक खदानों एवं नदी-नालों से रेत के खनन पर पूर्ण प्रतिबंध लागू है। इस अवधि में अवैध खनन की रोकथाम के लिए खनिज, राजस्व, पुलिस एवं वन विभाग का संयुक्त दल सक्रिय रूप से अभियान चलाकर कार्यवाही सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि जिले में खनिजों का अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण रोकने हेतु आपसी समन्वय के साथ त्वरित कार्रवाई की जाए, ताकि अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हो सके।

# शैक्षिक संवाद हेतु जिला स्तरीय उन्मुखीकरण सम्पन्न



**नौगांव।** राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार राष्टीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत शिक्षकों को उनके सतत् व्यवसायिक उन्नयन हेतु विभिन्न प्लेटफार्म उपलब्ध कराते हुए अकादमिक गतिविधियों में गुणवत्ता स्तर बढ़ाने के लिए शैक्षिक संवाद का आयोजन किया जाता है। गत वर्ष जन शिक्षा केन्द्र स्तर पर शैक्षिक संवाद का सफल आयोजन किया गया था। इन संवादों में कक्षा 1 से 8 तक शिक्षण कार्य करने वाले शिक्षकों ने अत्यंत उत्साह के साथ सहभागिता की थी।

अकादमिक वर्ष 2025-26 में जन शिक्षा केन्द्र स्तरीय शैक्षिक संवाद के प्रभावी आयोजन हेतु डाइट नौगांव में बुधवार को कोर समिति सदस्यों की बैठक एवं सहजकर्ताओं तथा सह सहजकर्ताओं के एक दिवसीय उन्मुखीकरण का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय उन्मुखीकरण में कोर समिति के सदस्यों के रूप में डाइट प्राचार्य आरके वर्मा, एपीसी अकादमिक नीरज खरे, डाइट प्रशिक्षण प्रभारी रघुवीरशरण नापित एवं समस्त विकासखण्डों के बीआरसीसी तथा शैक्षिक संवाद के प्रभारी बीएसी उपस्थित रहे। सहजकर्ताओं एवं सह सहजकर्ताओं के उन्मुखीकरण में 208 सहजकर्ता उपस्थित रहे जिन्हें मास्टर ट्रेनर अपूर्व सिंह एवं श्रीमती मंजू व्यास ने प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्मुखीकरण के दौरान मास्टर ट्रेनर सुरेश कुमार पटेल एवं मनोज गुप्ता के साथ डाइट के समस्त अकादमिक सदस्य उपस्थित रहे।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

# विपक्ष के मजबूत उम्मीदवार से मुकाबला हुआ दिलचस्प

***उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए)और इंडिया ब्लॉक ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। एनडीए से सी.पी. राधाकृष्णन और विपक्ष से बी. सुदर्शन रेड्डी मैदान में हैं। संख्या बल एनडीए के साथ है, पर विपक्ष ने मजबूत उम्मीदवार उतारकर मुकाबले को दिलचस्प बना दिया है।***

*उपराष्ट्रपति पद के लिए अब दोनों तरफ से उम्मीदवारों का ऐलान हो चुका है। एनडीए के सीपी राधाकृष्णन के मुकाबले इंडिया ब्लॉक ने सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज बी. सुदर्शन रेड्डी को उतारा है। संख्या बल में एनडीए यानी सत्ता पक्ष का पलड़ा भले भारी सही, लेकिन यह लड़ाई आंकड़ों से ज्यादा प्रतीकात्मक है। विपक्ष ने एक मजबूत कैंडिडेट उतारकर संदेश देने का प्रयास किया है कि वह किसी मोर्चे पर सरकार को फ्री हैंड नहीं देने जा रहा।*

*राधाकृष्णन तमिलनाडु से आते हैं, जबकि सुदर्शन रेड्डी तेलंगाना से। दोनों चेहरों का दक्षिण भारत से होना संयोग नहीं हो सकता और इसी वजह से यह चुनाव और भी दिलचस्प हो जाता है। बीजेपी के लिए दक्षिण अब भी मुश्किल जगह है, जबकि विपक्ष के लिए ऐसा मैदान, जहां उसने मजबूत चुनौती पेश की है। उपराष्ट्रपति चुनाव उसी सियासी लड़ाई का विस्तारित रूप है। जिस तरह से राधाकृष्णन के समर्थन का ऐलान किया है, उसका असर दिखने भी लगा है।*

*विपक्ष की रणनीति इस बार साफ नज़र आ रही है। ऐसा उम्मीदवार जो राजनीति से नहीं बल्कि समाज और न्यायपालिका से जुड़ा हो, जिसकी छवि बेदाग हो और जिसे पूरे विपक्ष का चेहरा कहा जा सके। यही कारण है कि विपक्ष ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस रेड्डी का नाम आगे बढ़ाया है। विपक्ष की रणनीति एनडीए के लिए असहज स्थिति पैदा कर सकती है। दरअसल, दक्षिण भारत से उम्मीदवार लाना डीएमके की मांग थी, गैर-राजनीतिक नाम टीएमसी की सोच थी, और कांग्रेस सहित सभी दल चाहते थे कि उम्मीदवार सर्वमान्य चेहरा हो। ऐसे में जस्टिस रेड्डी के नाम पर विपक्ष की सहमति बनी।*

*हालांकि उपराष्ट्रपति का चुनाव गुप्त मतदान द्वारा होता है और सदस्य पार्टी विप से नहीं बंधे होते। सरकार और विपक्ष, दोनों के लिए यह मौके के साथ चुनौती भी है। दोनों तरफ से अपने समर्थन का दायरा बढ़ाने की कोशिश निश्चित तौर पर होगी। खासतौर पर दक्षिण से आने वाले क्षेत्रीय दलों पर दोनों खेमों की नजरें होंगी।*

*दरअसल, उपराष्ट्रपति का पद किसी एक पार्टी का नहीं होता, लेकिन देश में पिछले कुछ बरसों से जिस तरह का माहौल है, उसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष ज्यादातर मौकों पर दो विपरीत ध्रुवों पर नजर आए हैं। जिन मामलों में सदन में सहमति की मांग थी, वहां भी सहमति नहीं दिखी, तो यह चुनाव तय ही था। हालांकि लोकतंत्र में वैचारिक लड़ाई भी महत्वपूर्ण है। उपराष्ट्रपति पद के इर्द-गिर्द हाल में बहुत हलचल देखने को मिली है। जगदीप धनखड़ को जिन परिस्थितियों में गये और जिस तरह से गए, उसे किसी तरह से अच्छा नहीं कहा जा सकता। उम्मीद है कि यह चुनाव बेहतर माहौल में और इस पद के सम्मान को देखते हुए उसके हिसाब से लड़ा जाएगा। जीत चाहे एनडीए के प्रत्याशी की हो या इंडिया के उम्मीदवार की, उस पर लोकतांत्रिक मूल्यों और संसदीय परंपराओं को आगे ले जाने की अहम जिम्मेदारी होगी।*

प्रसंगवश

# रेट्रोफिटिंग से मिलेगी पुराने वाहनों को नई जान

> **यह एक व्यावहारिक और किफायती तरीका है जिससे पुराने वाहनों के अपना जीवन चक्र पूरा करने की प्रतीक्षा किए बिना ईवी में बदला जा सकता है। यह लाखों लोगों को पूरे वाहन-प्रतिस्थापन चक्र का इंतजार किए बिना पारिस्थितिकी तंत्र में लाने का एक व्यवहार्य और किफायती मार्ग प्रदान करता है।**

पर्यावरण के अनुकूल यातायात को बढ़ावा देने के क्रम में भारत की अधिकांश कोशिशें अब तक नए इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद को प्रोत्साहित करने तक सीमित रही हैं। परंतु इसके समानांतर एक अधिक तेज विकल्प उभर रहा है और वह है पुराने इंटरनल कम्बस्टन इंजन (आईसीई) यानी पेट्रोल-डीजल से चलने वाहनों को इलेक्ट्रिक वाहनों में बदलना यानी उन्हें रेट्रोफिट करना। बेंगलुरु की कंपनी सन मोबिलिटी ने हाल ही में करीब 30,000 रुपये की औसत लागत पर सामान्य स्कूटर को ई-स्कूटर में बदलना शुरू किया है। यह इस वैकल्पिक नीति की दिशा में एक अहम पड़ाव है।

यह एक व्यावहारिक और किफायती तरीका है जिससे पुराने वाहनों के अपना जीवन चक्र पूरा करने की प्रतीक्षा किए बिना लाखों वाहनों को ईवी में बदला जा सकता है। देश की सड़कों पर करीब 20 करोड़ पारंपरिक दोपहिया वाहन और एक करोड़ तिपहिया वाहन चलते हैं। ऐसे में इनमें इलेक्ट्रिक इंजन फिट करने की बहुत अधिक संभावनाएं हैं।

नए ईवी खरीदने की बात करें तो उसके उलट कम आय वाले उपभोक्ता और छोटे बेड़े वाले संचालकों के लिए पुराने वाहन में नया इंजन फिट करवाना उपयोगी साबित होगा। यह चक्रीय अर्थव्यवस्था के सिद्धांत के अनुरूप ही है। इससे विनिर्माण संबंधी प्रदूषण कम होता है और प्रत्यक्ष लागत कम होती है। गिग वर्कर्स और शहरी माल ढुलाई करने वालों के लिए पुराने स्कूटरों को ईवी में बदलने का अर्थ है ईंधन और रखरखाव में तत्काल बचत। इसके साथ ही वे सख्त उत्सर्जन मानकों का अनुपालन भी कर पाते हैं। नीति आयोग की वर्ष 2025 की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में ईवी को 7.6 फीसदी हिस्सेदारी हासिल करने में करीब एक दशक का समय लगा है। रिपोर्ट कहती है कि 2030 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए अगले पांच साल में उसे 22 फीसदी की उछाल लगानी होगी। ऐसे में पुराने वाहनों को ईवी में बदलना इस अंतर को दूर करने में अहम भूमिका निभा सकता है। जलवायु संबंधी अनिवार्यताएं भी हैं। जुलाई 2025 में जारी अंतरराष्ट्रीय स्वच्छ परिवहन परिषद की एक रिपोर्ट कहती है कि बैटरी से चलने वाले वाहन आईसीई वाहनों की तुलना में 73 फीसदी कम उत्सर्जन करते हैं। इस पहल से प्रति किलोमीटर ईंधन की लागत 70 फीसदी कम हुई है जबकि वायु प्रदूषण में भी अहम कमी आई है। इससे पता चलता है कि यह बदलाव कितना प्रभावी है। बहरहाल, यह रास्ता अभी भी पूरी तरह प्रयोग में नहीं लाया जा रहा है। इसकी राह में जो प्रमुख अड़चनें हैं उनमें एक है एकीकृत राष्ट्रीय नीति का अभाव। नियामकीय परिदृश्य विभाजित है और राज्य स्तर पर मंजूरी में तकनीकी दिशानिर्देशों का अभाव है। यह मानकीकृत रेट्रोफिट किट में निवेश को रोकता है। सुरक्षा, टिकाऊपन और दोबारा बेचने पर मिलने वाली कीमत को लेकर भी चिंता का माहौल है क्योंकि प्रमाणन की उपयुक्त व्यवस्था नहीं है। एनएमआरपी की सफलता किफायत, संस्थागत मदद और व्यवहारात्मक परिवर्तन में निहित है। वित्तीय मदद सबसे अहम है। अधिकांश अंतिम उपभोक्ता मसलन डिलिवरी करने वाले, ऑटो चलाने वाले और छोटे उद्यमी औपचारिक ऋण तक पहुंच ही नहीं रखते।

ऐसे में देश में पर्यावरण के अनुकूल परिवहन संबंधी बदलाव को पूरी तरह पुराने वाहनों को नकारने और नए को खरीदने पर केंद्रित नहीं किया जा सकता है। सही नीतिगत कदम के साथ पुराने वाहनों में नई फिटिंग भी इस दिशा में एक व्यावहारिक विकल्प हो सकती है।

# सन्यस्थ हो जा रे मन...



भारत जैसा आध्यात्मिक देश... विन्ध्य जैसी पुण्य वसुन्धरा जो युगों-युगों से तप और तपस्वियों से... धर्म और साधना से... आध्यात्म और परमात्मा की कृपा से पूर्ण रही है... जहाँ प्रभु श्री राम ने वनवास काटा... जहाँ सती अनुसुइया हुईं... जहाँ मार्कण्डेय ऋषि ने दुर्गा सप्तशती के सात सौ देवी माँ के गुणगान करने वाले श्लोक रचे...जहाँ भगवान राम की वंश बेल उत्पन्न हुई... जहाँ लव-कुश ने माता सीता की कोख से जन्म लिया और कुश से उनके गुरु बाल्मीकि ने कुश को रचा... ऐसा पवित्र विन्ध्य का क्षेत्र आज तपहीन... ऋषि हीन... संन्यास के सत्य से हीन क्यों है...?

आखिर क्या है जीवन जीने की वह आध्यात्मिक दृष्टि... जिसमें स्वार्थ नहीं अपितु परमार्थ है... जिसमें संकीर्णता नही वरन् उदारता है... यदि एक शब्द में इसकी व्याख्या की जाये तो कहा जा सकता है कि... वह आध्यात्मिक दृष्टि है ''सन्यास''

''सन्यास'' शब्द से जो आकृति समान्यतः हम लोगों के सामने उभरती है वह है... गेरुआ चोगा पहने... जटाजूट बढ़ाये... लम्बी-लम्बी दाढ़ी-मूंछे बढ़ाये पकी हुई उम्र के किसी व्यक्ति की जो कि शहर के बाहर या कि फिर जंगलों में घास-फूस की झोपड़ी में रातों-दिन आँखें मूंदे भगवान के ध्यान में डूबा हो...

भला आध्यात्म का ऐसे किसी व्यक्ति के रूप से क्या लेना-देना...? सन्यास तो मन की एक अवस्था है... जिसमें संसार भी असार दिखने लगता हो... मन की जिस अवस्था में सभी की स्वीकृति होते हुए भी सभी की अस्वीकृति भी हो... सन्यास का तो दूर-दूर तक भगवा कपड़ों या जटाजूट से कोई लेना देना ही नहीं... सन्यास तो सुख-दु.ख से... सफलता-असफलता से... किसी के मिलन से या विछोह से... सम्मान से या तिरस्कार से जो... अब हो कर सम्भाव में डूब जाने का नाम है...

सन्यास में कर्ता मनुष्य नहीं होता... अपितु कर्ता होता है अनंत विराट अज्ञात रूप से सर्वविद्यमान ईश्वर... और भोक्ता होता है हृदय से सन्यास धारण करने वाला पुरुष... जिसे हम सामान्य बोलचाल की भाषा में सन्यासी कहते हैं...

कोई जरूरी नहीं है कि सन्यासी जंगलों में रहें... पर्ण कुटीरों में रहें... या कि भगवा वस्त्र ही पहने... हमारे वृद्ध माता-पिता भी कई बार घर में रहते हुए भी सन्यासियों की सी वृत्ति को धारण कर सन्यासी ही के जैसा निर्लिप्त जीवन व्यतीत करते हैं... और हमारा यह समाज जिसकी मानसिकता आज भी... ***''घर का जोगी जोगड़ा आन गांव का सिद्ध''*** अपने ही बीच जीते-जागते सन्यासियों को छोड़ भगवा कपड़ों में लिपटे किसी पुरुष को ढूंढते रहते हैं...

**सहज ही जिओ**
**जीवन को**
**मन न हो जाये**
**बोझिल**
**वर्तमान ही है सबसे**
**सुंदर,**
**भविष्य का न करो**
**चिंतन,**
**वर्तमान से ही**
**निकलता भविष्य**
**व्यर्थ का न तुम**
**तनाव पालो।**
**इंद्रियों के पार भी सुख है,**
**जीवन के पार भी है अस्तित्व,**
**आंखें नहीं मन के भी चक्षु देखते हैं**
**प्रिय को सिर्फ कर ही नहीं छूते,**
**हृदय भी उसे स्पर्श करता है।**




लोग सन्यास की व्याख्या ही नहीं समझते... मेरी नजरों में सन्यास का सीधा-सीधा अर्थ है... मनुष्य का कर्म करते हुये भी आकांक्षाओं से रहित हो जाना... जो सन्यासी भगवान और संसार के बीच से अपने को हटा ले वही सच्चा सन्यासी है...

मनुष्य का जीवन धारण किया है और संसार में रह रहे हो तो तुम्हारे चारों ओर पल-प्रति-पल बहुत कुछ घटित होगा... कहीं जन्म होगा तो कहीं मृत्यु होगी... शहर और गाँवों को छोड़कर यदि जंगलों में चले जाओगे तब पर भी यही सब कुछ होगा... हिंसक वन्य पशु सन्यासी को भी डरायेंगे और सुन्दर छोटे-छोटे पशु-पक्षी उसे मोहित भी करेंगे... उसे रिझायेंगे भी... लेकिन जो हिंसा के भय से आक्रांत न हो... जो सुन्दरता के आकर्षण से मोहित न हो... वही तो सन्यासी हो सकता है...

मैं दुनिया भर के सन्यासियों से बस एक ही बात पूछना और समझना चाहता हूँ कि... आखिर सन्यास का पूजा-पाठ से या कि फिर शरीर और शरीर पर पहने जाने वाले कपड़े लत्तों से क्या मतलब है...? माथे पर आड़े-तिरछे तिलक लगाने से या कि फिर दाढ़ी-मूँछ... जटाजूट बढ़ाने से क्या अर्थ है...? सन्यास मन की... बुद्धि की... ज्ञान की अवस्था है या कि फिर शरीर की...?

हिन्दुस्तान में साधु-सन्यासियों के दस प्रकार के सम्प्रदाय हैं जैसे तीरथ सागर... पुरी... गिरी... सरस्वती आदि... इन्हीं साधुओं के दस सम्प्रदायों से दस अखाड़े बने हैं जो प्रायः हर कुम्भ से स्नान पर पहले कौन स्नान करेगा... इस छोटी सी बात को लेकर झगड़ते रहते हैं...

हम हिन्दुओं में एक परम्परा आदिकाल से चली आ रही है कि जब व्यक्ति सन्यास लेता है तो उसका यज्ञोपवीत (जनेऊ) और सिर पर धारण हुई शिखा (चोटी) उसका गुरु या कि उसे दीक्षा देने वाला व्यक्ति काट देता है और फिर जो मनुष्य सन्यास लेता है वह स्वयं अपना अंतिम संस्कार करके खुद अपना ही पिंडदान कर देता है... और जो अच्छे सन्यासी होते हैं वे अपना अग्निदान करने के पश्चात... जब तक वह जीवित रहते हैं... तब तक कभी आग को न तो छूते हैं और न ही प्रज्वलित करते हैं... क्योंकि वह अग्नि में अपने शरीर को अंतिम विदाई दे चुके होते हैं, इसीलिए सन्यासियों के मरने के बाद या तो उनकी लाश पानी में बहा दी जाती है या कि फिर धरती में गड्ढा खोदकर पालथी मारकर बैठने की मुद्रा में जमीन के अंदर गाड़ दी जाती है... जिसे प्रचलित भाषा में समाधि ले लेना कहा जाता है...

तब फिर सन्यासी होना कम से कम शरीर का संस्कार तो नहीं हो सकता...? शरीर का तो पहले ही अंतिम क्रियाकर्म कर दिया जाता है... अग्निदान... पिंडदान... कुल-परिवार का दान... नाते-रिश्तों का दान... यह सब सन्यास के वक्त वाणी से... प्रतिज्ञा... संकल्पों... मंत्रों से हो जाता है... इतना ही नहीं...जो हिन्दू धर्म के दो सबसे बड़े प्रतीक हैं जनेऊ और चोटी उनका परित्याग सन्यस्थ हो कर सन्यासी बनाने वाला गुरु अपने सामने अपने हाथों कटवा देता है... फिर भला कहाँ बचता है हिन्दू धर्म और कहाँ बचती है उस शरीर की चिन्ता जिससे तुम हम सबके सब हिन्दू धर्म कहने का दम्भ भरते हैं... अहंकार और घमंड करते हैं...

सन्यस्थ व्यक्ति के जीवन में न तो शरीर की चिन्ता या महत्व है... सन्यास में धर्म का आडम्बर नहीं... धर्म का बंधन नहीं... सन्यासियों के जीवन में किसी एक परिवार तक सीमित रिश्ते नहीं... भोजन मिले न मिले इसकी परवाह नहीं... उसने अपने शरीर को जीवित ही अग्नि को दान कर दिया है अतः आग उसे छूना नहीं है। भोजन मिले न मिले इसकी परवाह नहीं... उसने अपने शरीर को यदि उसे जंगल में रहना पड़े और ध्यान समाधि लग जाये तो जटाजूट बढ़ जाने दो... वन के फल... कंद-मूल शाक-भाजी जो मिले बिना पकाये ही उदर नारायण की सेवा में उदर अग्नि में परमात्मा को अर्पित कर दो और अगर कभी तुम नगरों में... गाँवों में रहो तो फिर जटाजूट की भी जरूरत नहीं...बढ़िया घोटम-घोट मूंड़ मुड़वाय के भिक्षा मांग कर बढ़िया दान में मिला पका-पकाया भोजन करो... न जाति का भेद करो... न समाज का भेद करो... जो भी तुम्हें दानदाता मिले उसी से अन्नदान... वस्त्रदान स्वीकार करो... और जो भी याचक ज्ञान का मिले उसे तुम ब्रह्म का वह ज्ञान दो जो तुम्हारे सन्यस्थ जीवन की मनो ऊर्जा से उपजा हो...

और निरंतर ध्यान करो उस परम शक्तिशाली शक्ति का जिसने यह अम्बर... यह धरती... यह समन्दर बनाया... जिसने चाँद, सूरज... सितारे बनाये... जिसने वर्षा ऋतु बनाई... जिसने सर्दी और गर्मी बनाई... जिसने जन्म दिया और फिर पुनर्जन्म के लिए जीवन दिया... जिसने इंसान बनाये... और फिर... इंसान बनाकर... इंसानों के द्वारा तरह-तरह के धर्म बनवाये... और अलग-अलग धर्मों में अपना ही अलग-अलग रूप बनवाया...

वह सर्वशक्तिमान जो एक होकर भी अनेक हो गया... इस परमात्मा... इस खुदा... इस गॉड को सुमिरते हुये अपने जीवन की महत्वाकाँक्षाओं को अपने अंदर बसे उस सर्व शक्तिमान में निरभिमान रहते हुए समेट लेने की कला ही मेरी दृष्टि में सन्यास है...सन्यास में जब जीते जी अपने शरीर को मृत मान लिया... जब शरीर की चिन्ता से मुक्त हो गये... तब शरीर के सब धर्मों से... सब बंधनों से भी मुक्त हो गये.... मृत्यु के बाद भला कौन हिन्दू... कौन सिख... कौन ईसाई और कौन मुसलमान बचता है... अगला जन्म मनुष्य का मिलता या कि फिर पशु-पक्षी का भला कौन जाने... मृत्यु के बाद तो सबको उसी परमसत्ता की शरण जाना है... जिसका सिर्फ और सिर्फ एक ही धरम है... जो है कर्मों की नेकी... सत्य... परोपकार... फिर उसी परमात्मा के हाथों है आत्मा और फिर उसी की मर्जी है वह आत्मा को किस शरीर में... किस योनि में भेज दे... इसीलिए मैं कहता हूँ कि जो सन्यासी है... जिसका मन सन्यस्थ है फिर उसका कोई अपना अलग धर्म नहीं रह जाता... परमात्मा के बनाये सब ही धर्म... और सभी धर्मों के लोग फिर उसके अपने ही तो होते हैं...?

इसीलिये कहता हूँ... कि सन्यासी तो तुम्हारे हमारे घर रहते तुम्हारे हमारे माता-पिता भी हो सकते हैं... अगर उनके... तुम्हारे... हमारे मनोभाव किसी सन्यासी से जाग जायें तो फिर भला कहाँ जरूरत है कि हम भगवा पहने या कि अपनी शिखा और यज्ञोपवीत को त्याग कर अपना ही अंतिम संस्कार करें...

सन्यास शरीर का नहीं मन का संस्कार है... सन्यास धर्म का नहीं आत्मा का संस्कार है...

**मुक्त मन की सम्पदा ले, धार में गहरे धँसो,**
**स्वर्ण के पिंजरे न देखो, वृक्ष से चहको हँसो।**
**रोशनी के छन्द तुमसे हैं, तुम्हीं से खिलखिलाते गीत,**
**फूल-पत्ते ही तुम्हारे गीत,**
**विपरीत मौसम में भी तुम फूलो-फलो**
**रथ समय का हाँकने, मुट्ठियाँ अपनी कसो,**
**देखना आकाश तुमको, पर पसारे उड़ चलो,**
**तोड़ने के ही लिए, तुम चक्रव्यूहों में फँसो,**
**मुक्त मन की सम्पदा ले, धार में गहरे धँसो।**

(श्री मदनमोहन के लेखों, पुस्तकों, कविताओं की वेबसाइट)
https://adhyatmsanatandharma.com

# जल्दी पिघलने वाली नहीं भारत चीन रिश्तों पर जमी बर्फ

अंतर्राष्ट्रीय संबंध

श्रीकांत कोंडापल्ली



> **गलवान संघर्ष के बाद पहली बार नई दिल्ली पहुंचे चीन के विदेश मंत्री वांग यी के दौरे को यदि एक पंक्ति में परिभाषित करें, तो यही कहना उचित होगा कि वह ठंडे पड़े द्विपक्षीय संबंधों में गरमाहट लाने के लिए आर्थिक रिश्ते की वकालत करते रहे, मगर सीमा पर तनाव कम करने को लेकर कोई ठोस संकेत नहीं दिया। मगर भारत पहले सीमा पर शांति और स्थिरता का हिमायती है। इसका संकेत साफ है। दोनों देशों के रिश्तों पर जमी बर्फ जल्दी पिघलने वाली नहीं है।**

गलवान संघर्ष के बाद पहली बार नई दिल्ली पहुंचे चीन के विदेश मंत्री वांग यी मूलतः तीन वजहों से भारत आए थे। एक, भारत-चीन के विशेष प्रतिनिधियों के 24वें दौर की वार्ता में उन्हें शिरकत करनी थी। इसमें द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े मुद्दों पर बातचीत हुई। उनकी राय थी कि दोनों देशों को आपसी बातचीत जारी रखनी चाहिए और वैश्विक आर्थिक अस्थिरता पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। हालांकि, भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर इससे सहमत नहीं थे। उनका स्पष्ट कहना है कि जब तक तीन बातों का ध्यान नहीं रखा जाएगा, द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाना मुश्किल है। ये तीन बातें हैं- परस्पर सम्मान, संवेदनशीलता और एक-दूजे के हितों का ध्यान।

वांग यी के दौरे का दूसरा मकसद उन मुद्दों पर सहमति बनाने का था, जिसे इस महीने के अंत में शंघाई सहयोग संगठन की शिखर बैठक के बाद साझा बयान में शामिल किया जाएगा। आमतौर पर हरेक बड़े आयोजन से पहले यह होता है कि मेजबान देश का विदेश मंत्री भागीदार देशों में जाकर पहले ही उन मुद्दों पर आम राय बनाने का प्रयास करता है, जिन पर बैठक में चर्चा होनी है। दो दिवसीय यह सम्मेलन चीन के तिआनजिन शहर में प्रस्तावित है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शिरकत कर सकते हैं। यह सात साल के बाद भारतीय प्रधानमंत्री का चीन दौरा होगा।

चीनी विदेश मंत्री के दिल्ली आने की तीसरी वजह अमेरिकी टैरिफ को लेकर एक साझा रुख अपनाने के लिए भारत को तैयार करना था। यह माना जा रहा है कि अमेरिका जिस तरह से टैरिफ बढ़ाकर दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है, उससे निपटने के लिए तमाम देशों को एकजुट होना चाहिए। ऐसा प्रयास किया भी गया था और चीन, यूरोपीय संघ, भारत जैसी अर्थव्यवस्थाओं ने हाथ मिलाने की कोशिश शुरू की थी, लेकिन यह कवायद परवान नहीं चढ़ सकी।

बहरहाल, अपनी मंशा में चीन के विदेश मंत्री कुछ हद तक ही सफल हो सके। बेशक, बीजिंग चाहता है कि अब दोनों देशों के बीच आर्थिक स्थिरता पर नए सिरे से जोर दिया जाए, लेकिन भारत के लिए सबसे अहम मसला सीमा सुरक्षा है। 2020 की गलवान घटना के बाद दोनों देशों के रिश्तों में काफी कड़वाहट आई है, जिसका नुकसान चीन को भी हुआ है। रही बात अमेरिकी टैरिफ की, तो उसमें साझा रुख अपनाना मुश्किल है, क्योंकि अमेरिका अलग-अलग देशों से अलग-अलग दरों पर मोल-तोल कर रहा है।

यहां एक मसला ब्रिक्स भी है। चीन और भारत, दोनों इसके महत्वपूर्ण सदस्य हैं। इस संगठन पर अमेरिका की टेढ़ी नजर है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मानते हैं कि यह संगठन 'डी-डॉलराइजेशन' को आगे बढ़ाना चाहता है, यानी अंतरराष्ट्रीय व्यापार में डॉलर की हैसियत कम करने की दिशा में ब्रिक्स के देश काम कर रहे हैं। उन्होंने ऐसा करने वाले राष्ट्रों के खिलाफ 100 प्रतिशत सीमा शुल्क लगाने का एलान भी किया था। मगर ऐसा कहते हुए ट्रंप भूल रहे थे कि भारत ने ऐसी किसी कवायद से इनकार किया है। बेशक, कुछ अंतरराष्ट्रीय लेन-देन रुपये में भी हुए हैं, लेकिन चीन रेनमिनबी (चीनी मुद्रा युआन का आधिकारिक नाम) का विस्तार चाहता है, जो ब्रिक्स के अन्य देशों को पसंद नहीं है। वैसे भी, चीन फिलहाल अमेरिका से टकराने के लिए तैयार नहीं दिखता, क्योंकि दोनों देश व्यापार समझौते पर आगे बढ़ रहे हैं। लिहाजा, ब्रिक्स से इस बारे में बहुत उम्मीद पालना गलत होगा।

दरअसल, भारत व चीन के बीच इतने संवेदनशील मुद्दे हैं कि फिलहाल संबंधों के पटरी लौटने की उम्मीद कुछ अधिक आशावादी होना कहलाएगा। दोनों देश सीमा पर तो उलझे हुए हैं ही, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सामरिक होड़ और व्यापार असंतुलन भी बड़े मसले हैं। हिंद-प्रशांत क्षेत्र आर्थिक और राजनीतिक शक्ति का केंद्र बनकर उभरा है। यह भारत, चीन, जापान, ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया जैसे देशों का इलाका है, साथ ही वैश्विक अर्थव्यवस्था में इसकी हिस्सेदारी अनवरत बढ़ रही है। इस सूरतेहाल में यहां वर्चस्व हासिल करना चीन की मंशा रही है, जिसके खिलाफ भारत लगातार मुखर रहा है। नई दिल्ली इस क्षेत्र में ऐसी व्यवस्था चाहती है, जो सबके हितों का पोषण करे। यही कारण है कि 'ग्लोबल साउथ' की एक प्रमुख आवाज के रूप में भारत की पहचान बनी है। मगर चीन इससे इत्तफाक नहीं रखता।

इसी तरह, द्विपक्षीय व्यापार अब भी चीन के पक्ष में झुका हुआ है, जिसे भारत कम करना चाहता है। आंकड़ों की मानें, तो चीन से भारत का आयात 2024-25 में 113.5 अरब डॉलर था, जबकि निर्यात महज 14.3 अरब डॉलर। इस तरह, द्विपक्षीय व्यापार में भारत को 99.2 अरब डॉलर का घाटा है, जिसे पाटने के लिए भारत प्रयासरत है। स्वदेशी उत्पादों पर जोर नई दिल्ली की इसी रणनीति का हिस्सा है। बहरहाल, कुछ विश्लेषक मान रहे हैं कि 31 अगस्त की शिखर बैठक में भाग लेने जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चीन जाएंगे, तब आपसी संबंधों में भी कुछ नरमी आ सकती है। हालांकि, इसकी उम्मीद मुझे कम ही लगती है। इसकी पहली वजह तो यही है कि इस सम्मेलन में बहुपक्षीय मुद्दों पर जोर दिया जाएगा। बेशक, दोनों देशों के शासनाध्यक्ष भी आपस में बैठेंगे, लेकिन यह द्विपक्षीय बातचीत कमोबेश 45 मिनट की होगी, जिनमें से आधा वक्त तो अनुवाद सुनने में ही जाया होगा। इसका सीधा मतलब है कि जरूरी मुद्दों पर बहुत सार्थक बातचीत शायद ही हो सकेगी। दूसरी बात, चीन संबंधों को पटरी पर लाने के लिए गंभीरता का चोला जरूर ओढ़े हुए है, लेकिन उसकी मंशा नेक नहीं दिखती। पिछले साल मई में जब 'इंडो-पैसिफिक मिनिस्ट्रियल फोरम' की बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि बहुध्रुवीय विश्व केवल बहुध्रुवीय एशिया से ही संभव है, तो चीन को यह काफी नागवार गुजरा था। वह एशिया में एकमात्र ताकत के रूप में स्थापित होना चाहता है। इसका मतलब साफ है कि भारत और चीन के संबंधों में अभी काफी गहरी खाइयां हैं, जिनको पाट पाना इतना आसान नहीं।

**(लेखक जेएनयू में चाईना स्टडीज के प्रोफेसर हैं।)**

## संक्षिप्त खबरें

### विवाह के पहले आनुवांशिक कार्ड का करें मिलानः पटेल

**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि विवाह के पहले आनुवांशिक कार्ड का मिलान कराना चाहिए। सिकल सैल एनीमिया की बीमारी आनुवांशिक है। इसके उन्मूलन के लिए व्यापक जनजागरूकता आवश्यक है। राज्यपाल पटेल बुधवार को मण्डला के ग्राम सेमरखापाके एकलव्य आदर्श विद्यालय ऑडीटोरियम में परंपरागत चिकित्सा का स्वास्थ्य संवर्धन में योगदान एवं सिकल सैल एनीमिया प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला में शामिल हुए। पटेल ने कहा कि सिकल सैल से पीड़ित व्यक्ति का चिन्हांकन एवं त्वरित रोग उपचार ही इस बीमारी से बचाव का कारगर उपाय है। जितनी जल्दी इस रोग का पता चलेगा, इसे नियंत्रित करने की संभावना उतनी अधिक होगी। उन्होंने कहा कि आमजन स्वास्थ्य केन्द्रों में जाकर सिकल सैल एनीमिया की जांच अवश्य करवाएं।

### खनिज संसाधनों में देश में मजबूत स्थिति में मप्र

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश खनन और खनिज संसाधनों के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में उभरा है। खनिजों की प्रचुरता और राज्य सरकार की निवेश अनुकूल नीतियों के कारण मध्यप्रदेश देश की औद्योगिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है। डॉ. यादव ने कहा कि देश के औद्योगिक विकास और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने में भी प्रदेश का महत्वपूर्ण योगदान सुनिश्चित हो सकेगा। इसी क्रम में कटनी में 23 अगस्त को खनिज औद्योगिक विकास पर केन्द्रित कॉन्क्लेव आयोजित किया जाएगा। खनिज ब्लॉकों की सर्वाधिक नीलामी के लिए मध्यप्रदेश को भारत सरकार ने वर्ष 2022 और वर्ष 2025 में खनन मंत्रियों के सम्मेलन में प्रथम और द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया है।

### वन विभाग वाहन चालकों ने पीसीसीएफ को ज्ञापन सौंपा

**जागरण, भोपाल।** कर्मचारी मंच वन विभाग वाहन चालक समिति ने पीसीसीएफ वन बल प्रमुख अंबाड़े को औपचारिक बैठक में दो सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में घनश्याम कटारे, राजू सिंह, हीरा यादव, महेंद्र राव, ओम प्रकाश मिश्रा, राजेश कुशवाहा, भगवान सिंह शामिल थे। मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया है कि बुधवार को वन विभाग के वन बल प्रमुख ने कर्मचारियों की औपचारिक बैठक हुई। बैठक में वन विभाग के वाहन चालक भी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए तथा अपनी बात रखी वन विभाग के वाहन चालक घनश्याम कटारे के साथ 14 अगस्त को लिपिक सुधीर नेमा ने मारपीट की गई थी। जान से मारने की धमकी दी थी और वाहन चालकों को आजादी का उत्सव नहीं मानने दिया गया था। वाहन चालकों ने घटना के विरोध में दो सूत्री मांगों को लेकर गुरुवार को आंदोलन करने का निर्णय लिया है। घनश्याम कटारे की मांग पर वन बल प्रमुख ने कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। वहीं थाना टीटी नगर ने भी शिकायत पर कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।

### तीन लाख सात हजार से अधिक प्रकरण निराकृत

**भोपाल।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग में उपभोक्ताओं के आवेदन पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। जून 2025 तक कुल 3 लाख 7 हजार 536 प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है। कुल प्राप्त प्रकरण संख्या 3 लाख 31 हजार 789 हैं। राजपूत ने बताया है कि निराकृत प्रकरणों में से 78 हजार 20 प्रकरणों का निराकरण 90 दिन में किया गया।

# कथित वोट चोरी मामले के खुलासे में दिखी कांग्रेस में वर्चस्व की लड़ाई

## उमंग सिंघार ने 27 क्षेत्रों में वोट चोरी का पर्दाफाश कर चौंकाया, इस दौरान पटवारी नहीं थे मौजूद



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। एक ओर जहां जिलाध्यक्षों की नियुक्तियों को लेकर अपनों के आरोपों का प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी सामना कर रहे हैं, तो वहीं दूसरी ओर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार राहुल गांधी के मुद्दों के आधार पर प्रदेश सरकार और भाजपा को निशाने पर लेकर अपने नंबर बढ़ा रहे हैं। जानकार इसे प्रदेश कांग्रेस में वर्चस्व की लड़ाई से जोड़ देख रहे हैं। गौरतलब है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी बिहार चुनाव के परिपेक्ष्य में वोट चोरी को लेकर चुनाव आयोग और भाजपा पर निशाना साधने की मुहिम छेड़े हुए हैं, तो मध्यप्रदेश में भी इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस सक्रिय है। पिछले दिनों पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने मध्यप्रदेश में वोट चोरी का पर्दाफाश करने का दावा किया था। उन्होंने कहा था कि प्रदेश कांग्रेस जल्द ही इसका खुलासा करेगी। बताया गया है कि इसके लिए टीम जीतू और प्रदेश कांग्रेस वोट चोरी के प्रमाण एकत्र करने में जुटी हुई थी, लेकिन उससे पहले नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने अपनी टीम के सहारे आंकड़े जुटाते हुए 27 विधानसभा क्षेत्रों में वोट चोरी होने का पर्दाफाश कर दिया। गौर करने वाली बात यह है कि उनके इस खुलासे के वक्त न तो पटवारी मौजूद थे और न ही दूसरे नेता,जबकि पटवारी ने कहा था कि कांग्रेस मध्यप्रदेश में पिछले विधानसभा और लोकसभा चुनाव के दौरान वोट चोरी का बड़ा खुलासा करेगी। पार्टी से जुड़े सूत्रों का कहना है कि सिंघार द्वारा वोट चोरी के खुलासे में जल्दबाजी करने को लेकर दल के कुछ नेता खुश नहीं है। इस मामले में राष्ट्रीय स्तर के नेताओं से शिकायत भी की गई है। लेकिन जिस मुद्दे को लेकर सिंघार ने भाजपा और उसकी सरकार को कटघरे में खड़ा किया है,वह सीधे राहुल गांधी का विषय है। ऐसे में दिल्ली ने भी इस मामले पर फिलहाल खामोशी बनाए रखी है। कांग्रेस की नब्ज समझने वालों की मानें तो जिस तरह से जिलाध्यक्षों की नियुक्तियों के मामले में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सफाई देते हुए अपने आपको अर्जुन बताया था, उससे उनकी उपेक्षा होने की बात सामने आ रही है। पीसीसी चीफ बनने के उपरांत जिस तरह से जीतू पटवारी ने संगठन को मजबूती से खड़ा करने का प्रयास किया है, उस पर पार्टी के केन्द्रीय नेतृत्व ने उनकी पीठ तो थपथपाई है, लेकिन कई निर्णय उनकी सहमति से इतर लिए गए हैं। कहा जा रहा है कि इस स्थिति से पटवारी अंदर ही अंदर बैचेन है,लेकिन पार्टी के प्रदेश मुखिया होने के नाते वह उसे दबाए हुए है।

### छिंदवाड़ा में प्रदर्शन के दौरान सिंघार रहे आगे

इधर पूर्व सीएम कमलनाथ के पुत्र पूर्व सांसद नकुलनाथ द्वारा बुलाए गए किसान सम्मेलन में भी नेता प्रतिपक्ष की सक्रियता ज्यादा दिखाई दी। जानकार इस प्रदर्शन को पूर्व सांसद नकुलनाथ की प्रदेश स्तर के नेता के रूप में रिलांचिग के तौर पर देखा जा रहा है, जिसमें पीसीसी चीफ पटवारी, सिंघार सहित दूसरे बड़े नेता मौजूद थे।जिसमें प्रदर्शन करने से लेकर ज्ञापन सौंपने वाले सभी तरह के निर्णय पटवारी की बजाए सिंघार ने लिए।

### खुलासा कांग्रेस ने किया अकेले हमने नहीं: सिंघार



इस संबंध में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार का कहना है कि वोट चोरी का खुलासा कांग्रेस ने किया है और पार्टी के कार्यकर्ता होने के नाते इसे उन्होंने जनता के सामने रखा है। जीतू पटवारी हो या फिर दूसरे नेता अलग-अलग कारणों से व्यस्त होने की वजह से प्रदेश की 27 विधानसभा क्षेत्र में हुई वोट चोरी का खुलासा उनके द्वारा कर दिया गया,इसे दूसरे रुप में नहीं देखना चाहिए।

# अब किसी भी दुकान से यूनिफॉर्म खरीद सकेंगे प्रशिक्षु पुलिसकर्मी

## शिकायतों के बाद एडीजी ने दिए ट्रेनिंग स्कूलों को निर्देश



**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मध्य प्रदेश में अब ट्रेनी पुलिस कांस्टेबल और सब इंस्पेक्टर प्रशिक्षण के दौरान किसी भी दुकान से तय की गई यूनिफॉर्म खरीद सकेंगे। पुलिस विभाग को लगातार इस तरह की शिकायतें मिली थीं कि प्रदेश के पुलिस ट्रेनिंग स्कूलों में प्रशिक्षण के दौरान एक खास दुकान से ही इन्हें यूनिफॉर्म खरीदने के लिए मजबूर किया जाता था। राज्य में आठ पुलिस ट्रेनिंग स्कूल और दो पुलिस एकेडमी हैं। जहां हर साल करीब 7850 कांस्टेबल और सब इंस्पेक्टर्स का नौ महीने लंबा प्रशिक्षण होता है। इस दौरान हर ट्रेनिंग स्कूल सेशन के हिसाब से इन प्रशिक्षुओं के लिए वर्दी तय करता है। सुबह के व्यायाम सत्र के दौरान ये प्रशिक्षु ट्रेक सूट पहनते हैं जबकि दिन में पढ़ाई के दौरान इन्हें पैंट शर्ट या फिर पैंट-टी शर्ट पहननी होती है। सर्दियों के लिए भी अलग यूनिफॉर्म तय होती है। इसका रंग और डिजाइन पीटीएस के ही अफसर तय करते हैं। पीएचक्यू में लगातार ऐसी शिकायतें मिली थीं कि कई ट्रेनिंग स्कूलों के अधिकारी और कर्मचारी दुकानदार से सांठगांठ कर प्रशिक्षुओं पर एक खास दुकान से ही वर्दी खरीदने का दबाव बनाते थे। यदि कोई ट्रेनी किसी और दुकान से वर्दी खरीदता तो उसे यह कहकर परेशान किया जाता था कि वर्दी निर्धारित मानकों के अनुसार नहीं है। कई बार तो प्रशिक्षुओं को आदेश न मानने पर परीक्षाओं में भी फेल कर दिया जाता था। डर से ट्रेनी अपने अधिकारी के खिलाफ शिकायत करने की हिम्मत नहीं जुटा पाता था।

### पीएचक्यू ने सख्त निर्देश किए जारी

इन शिकायतों के बाद एडीजी ट्रेनिंग राजा बाबू सिंह ने सभी पुलिस ट्रेनिंग स्कूलों को स्पष्ट निर्देश के साथ चेतावनी जारी की हैं। उन्होंने कहा है कि प्रशिक्षुओं को किसी भी दुकान से यूनिफॉर्म खरीदी की आजादी है। अगर ट्रेनिंग स्कूल का कोई भी अफसर या कर्मचारी इस मुद्दे पर प्रशिक्षुओं को परेशान करता पाया जाएगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही एडीजी ने ट्रेनिंग स्कूलों में मिली इन शिकायतों पर भी सख्त एक्शन लिया है जिसके तहत कई अधिकारी और कर्मचारी प्रशिक्षुओं को बगैर अनुमति के अवकाश दे देते थे। एडीजी राजाबाबू सिंह ने एक अन्य निर्देश जारी कर ट्रेनिंग स्कूलों और अकादमियों में तैनात सभी आला अधिकारियों को साफ कहा है कि नियमों के हिसाब से ही अब ट्रेनी को अवकाश दिया जाए। नियम के तहत 9 माह लंबी पुलिस ट्रेनिंग के दौरान प्रशिक्षुओं को कोई अवकाश नहीं दिया जाता। केवल इमरजेंसी मामलों में ही उन्हें पांच दिनों के अवकाश की अनुमति दी जाती है।

# जिलाध्यक्ष नहीं बनाए जाने पर राहुल गांधी को मोनू ने खून से लिखा पत्र

## मांग पूरी नहीं होने पर दिल्ली में आत्मदाह करने की दी चेतावनी



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश में जिला कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्ति को लेकर हो रहे विवाद थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। भोपाल के पूर्व जिलाशहर अध्यक्ष प्रदीप मोनू सक्सेना अपने समर्थकों को साथ राहुल गांधी के नाम खून पत्र लिखा। सक्सेना ने एलान किया कि हमारी मांग पूरी नहीं हुई तो राहुल गांधी के सामने दिल्ली में आत्मदाह करेंगे। गौरतलब है कि कांग्रेस ने भोपाल जिलाध्यक्ष के पद पर प्रवीण सक्सेना को फिर से नियुक्ति किया है। इस पर पूर्व अध्यक्ष मोनू सक्सेना और उनके समर्थक लगातार विरोध कर रहे है। बुधवार को समर्थकों के साथ बिट्टन मार्केट चौराहा स्थित राजीव गांधी की प्रतिमा के सामने सक्सेना से न्याय की मांग करते हुए खून से पत्र लिखा। जिसमें उन्होंने हमें न्याय दो की बात लिखी है। यहां मोनू सक्सेना ने आरोप लगाया कि भोपाल के जिलाध्यक्ष प्रवीण सक्सेना को लेन-देन कर पद दिया गया है। हम लोगों ने कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए काफी काम किया है। पटवारी घोटाले के विरोध के दौरान उनकी आंख पर गंभीर चोट आई है। उन्होंने कहा कि वे लंबे समय से कांग्रेस संगठन को लेकर संघर्ष कर रहे ,लेकिन उनकी आवाज दबाई जा रही है। मोनू ने कहा कि अब उनका अगला पड़ाव दिल्ली होगा,जहां उनके द्वारा राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से न्याय की मांग की जाएंगी।

# स्वदेशी को बढ़ावा देने सीएम हाउस में बनी रणनीति

## सीएम ने अपने निवास पर बुलाई बैठक

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश में स्वदेशी उत्पादों को कैसे बढ़ावा दिया जाए, इसे लेकर मुख्यमंत्री निवास में बुधवार को बैठक हुई। इसमें भाजपा नेताओं और सरकार के मंत्रियों के साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रदेश सरकार और बीजेपी संगठन के आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर सीएम ने कार्यक्रमों में मिट्टी के गणेश, पशुपालन में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने सरकार की रणनीति पर चर्चा की। बैठक में 27 अगस्त को उज्जैन में होने वाले धार्मिक पर्यटन, सेवा सप्ताह, रक्तदान शिविर व चिकित्सा शिविर को लेकर जानकारी दी गई। बैठक में नेताओं ने कहा कि सरकार की योजनाओं को जन-जन पहुंचाने के लिए संगठन के कार्यकर्ता सरकार के साथ मिलकर काम करेगी और अपनी अहम भूमिका निभाएंगी। बैठक में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद के अलावा दूसरे नेता भी मौजूद रहे। बैठक में पार्टी संगठन व सरकारी पदों पर राजनीतिक नियुक्तियों को लेकर नेताओं के बीच चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने पिछले दिनों नई दिल्ली प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से हुई भेंट के बारे में जानकारी देते हुए उनके द्वारा बताए गए निर्देशों की भी जानकारी दी।
**छग में हुए मंत्रिमण्डल विस्तार पर भी चर्चा:** बैठक में छत्तीसगढ़ मंत्रिमंडल में हुए विस्तार को लेकर भी चर्चा की गई है। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश में भी मंत्रिपरिषद के विस्तार की चर्चा काफी समय से की जा रही है। ऐसा कहा जा रहा है कि एमपी में भी दीपावली से पहले मंत्रिपरिषद का विस्तार किया जा सकता है।





### प्रदेश के सांसद से मिले उपराष्ट्रपति के प्रत्याशी

उधर नई दिल्ली में एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के भाजपा सांसदों से औपचारिक भेंट कर उन्हें संबोधित किया। भाजपा सांसदों ने उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उन्हें उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाए जाने पर अपनी शुभकामनाएं दी।

## एमसीयू का सत्रारंभ कार्यक्रम अभ्युदय संपन्न, तटस्थ होकर लिखना ही पत्रकारिता

# पत्रकारिता की सबसे बड़ी अनिवार्यता है विश्वसनीयता: कुमार विश्वास



**जागरण, भोपाल।** समाज का आज भी छपे हुए और बोले हुए शब्दों पर भरोसा कायम है। इस विश्वास को कायम रखना आने वाली पत्रकार पीढ़ी की जिम्मेदारी है। किसी विचार को केंद्र में रखते हुए भी तटस्थ होकर लिखना ही पत्रकारिता है। पत्रकारिता के विद्यार्थियों के सामने यह विचार रखे जाने माने कवि और रामकथा विशेषज्ञ डॉ. कुमार विश्वास ने। वे बुधवार को माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में सत्र शुभारंभ समारोह 'अभ्युदय' में बोल रहे थे। डॉ. कुमार विश्वास ने नवागत विद्यार्थियों से संबोधित होकर कहा कि वे एक चुनौतीपूर्ण व्यवसाय में प्रवेश कर रहे हैं, जिसकी सबसे बड़ी अनिवार्यता विश्सनीयता है। उन्होंने हमारी परंपराओं से उदाहरण लेकर सीखने की बात कही और रामायण से जुड़े अनेक प्रसंगों में संचार के महत्व तथा हनुमान जी, अंगद की निर्भीकता, तटस्थता, समर्पण जैसे गुणों को पत्रकारिता के संदर्भों में समझाया। सत्रारंभ समारोह में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा- रामायण हो या महाभारत का काल, हर युग में सम्प्रेषण का विशेष महत्व का रहा है। पत्रकारिता के विद्यार्थी नैतिक मूल्यों और लोकतांत्रिक व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए सदैव सजग, सक्रिय और तत्पर रहें। पत्रकारिता के क्षेत्र में 'अभ्युदय' का अर्थ मात्र आरंभ नहीं, बल्कि निरंतर जागरूकता, सत्य की खोज और समाज को नई दिशा देने वाले उत्तरदायित्व की यात्रा है। मुख्यमंत्री डा यादव ने आगे कहा, नारद जी को पत्रकारिता का आद्य प्रवर्तक माना जाता है। पत्रकारिता के क्षेत्र में माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विवि की पूरे देश में विशिष्ट पहचान है। उन्होंने पत्रकारिता के माध्यम से समाज को अंग्रेजों के अत्याचारों के खिलाफ एकजुट करने के साथ सामाजिक कार्यों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

### माखनलाल चतुर्वेदी की प्रतिमा का अनावरण

अभ्युदय समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने परिसर में 12 फीट ऊंची दादा माखनलाल चतुर्वेदी की प्रतिमा का अनावरण किया और विश्वविद्यालय की उपलब्धियों की सराहना की। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी, राज्य शासन मंत्री कृष्णा गौर, महापौर मालती राय, विधायक भगवान दास सबनानी, रामेश्वर शर्मा, उमाकांत शर्मा, जनसम्पर्क आयुक्त डॉ. सुदाम खाड़े विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने एआई, साइबर सिक्योरिटी जैसे नए कोर्स आरंभ करने की घोषणा की।

# खाद के लिए खेत पर रो रहा किसान भोपाल में सो रही है सरकारः पटवारी

## छिदवाड़ा में किसान बचाओ रैली में कांग्रेस ने सरकार पर बोला हमला



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस ने बुधवार को छिंदवाड़ा में किसान बचाओ रैली का आयोजन किया, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सहित दूसरे बड़े नेता मौजूद रहे। पूर्व सांसद नकुलनाथ की अगुवाई में हुए इस आंदोलन में वक्ताओं ने प्रदेश सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा वोट चोरी कर सत्ता में आई है। चुनाव आयोग भाजपा का संगठन बनकर काम कर रहा है। अपने संबोधन में पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने कहा कि किसान खेत में रो रहा है और सरकार भोपाल में सो रही है। किसान खाद को लेकर परेशान है और सरकार के मंत्री खाद पर्याप्त होने का दावा कर रहे हैं। यदि खाद आवश्यकता के अनुसार तो फिर किसानों पर लाठियां क्यों भांजी जा रही है,उनके खिलाफ एफआईआर क्यों हो रही है। पटवारी ने कहा कि 50 प्रतिशत कमीशन वाली सरकार ने किसानों से लेकर लाड़ली बहनों तक को लूटा है। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने कहा कि यह सरकार केवल सपने बेचती है। ढाई साल से ज्यादा समय बीत चुका है, लेकिन यह सरकार केवल वादों और सपनों का सौदा कर रही है। ये सरकार वोट चोरी और फर्जी जनादेश से बनी है प्रदेश की जनता चाहती थी कि कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बने, लेकिन भाजपा ने फर्जी जनादेश और वोट चोरी करके प्रदेश में सरकार बनाई। विधानसभा में मंत्री कहते हैं कि खाद की कोई कमी नहीं है, जबकि ज़मीनी हकीकत इससे उलट है। ओबीसी आरक्षण पर सरकार की नीति बार-बार बदलती है । रीवा सहित कई मध्यप्रदेश क्षेत्रों में अवैध नशे का कारोबार चरम पर है।

### छले जा रहे किसान और आदिवासी: नकुल

पूर्व सांसद नकुल नाथ ने कहा कि भाजपा शासन में भोपाल नशे की राजधानी बन रही है, और अब प्रदेश किसान व आदिवासी दोनों से ही छला जा रहा है।15 माह की कांग्रेस सरकार में 27 लाख किसानों का कर्ज माफ हुआ, जिसमें केवल छिन्दवाड़ा में 75 हजार से अधिक किसानों को लाभ मिला। आदिवासियों की जमीनें माफियाओं के नाम की जा रही हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं की ओर से संकल्प लेते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी मध्यप्रदेश के किसानों, युवाओं, ओबीसी वर्ग और आम नागरिकों के हितों की लड़ाई लड़ती रहेगी। हम प्रदेश में लोकतंत्र की बहाली, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कुत्ते के गले में बांधा ज्ञापन संबोधन के उपरांत नेताओं ने प्रदर्शन किया और कलेक्ट्रेट घेराव करने की कोशिश की। पुलिस ने बैरिकेट्रस लगाकर उन्हें रोका,तो प्रदर्शनकारियों ने कलेक्टर को ज्ञापन देने की बात कही,लेकिन जब कलेक्टर नहीं आए,तो नेता उमंग सिंघार ने प्रतीकात्मक विरोध करते हुए कुत्ते के गले में ज्ञापन बांधकर प्रशासन पर की असंवेदनशील होने का आरोप लगाया।

# 5 साल जांच के बाद पूर्व कुलसचिव प्रवीण जैन के खिलाफ एफआईआर

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** ईओडब्ल्यू ने भोज विश्वविद्यालय में भर्ती घोटाले का पर्दाफाश किया है। पांच साल चली जांच के बाद विवि के तत्कालीन निदेशक और प्रभारी कुलसचिव प्रवीण जैन और अन्य अधिकारियों के खिलाफ धोखाधड़ी, आपराधिक षड्यंत्र और भ्रष्टाचार की धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। मामले में सागर निवासी सुधाकर सिंह राजपूत ने 25 फरवरी 2020 को ईओडब्ल्यू में शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप लगाया था कि प्रवीण जैन ने पद का दुरुपयोग कर नियमों के परे जाकर 66 दैनिक वेतनभोगी और संविदा कर्मचारियों को नियमित कर दिया। ईओडब्ल्यू की जांच में सामने आया कि प्रवीण जैन को 2013-14 में केवल दो दिन के लिए यूनिवर्सिटी के कुलसचिव का अस्थायी प्रभार मिला था। दो दिनों में ही प्रवीण जैन ने 66 कर्मचारियों की अवैध नियुक्तियां और नियमितीकरण कर दिया था। ये सभी नियुक्तियां बिना सरकारी मंजूरी, पद सृजन, और वैध चयन प्रक्रिया के की गईं थी। इनमें कंप्यूटर ऑपरेटर, लिपिक, भृत्य, सहायक प्राध्यापक जैसे पद शामिल थे। उच्च शिक्षा विभाग ने इस संबंध में 5 अक्टूबर 2013 को आदेश जारी कर ऐसी नियुक्तियों को रद्द करने का निर्देश दिया था लेकिन प्रवीण जैन ने इस आदेश को स्थगित बताकर नियुक्तियां कर दीं।

## पृष्ठ एक के शेष

### मछली परिवार का रसूख...

फायरिंग भी होती थी, जिसके चलते आम लोग यहां आने से घबराते थे। इसी कोठी के अंदर मछली परिवार ने एक पार्क और झूला घर बनाकर रखा था। मछली परिवार के पास कई गाड़ियां थीं, जिन्हें कोठी में बने गैरेज में रखा जाता था।
**मस्जिद तोड़ने की अफवाह के चलते 500 से अधिक लोग जुटेः** इस कार्रवाई से पूर्व सुबह करीब साढ़े दस बजे एक विशेष समाज के लोग अनंतपुरा रहमानिया मस्जिद में जमा हो गए। उसमें महिलाएं समेत 500 से अधिक लोग शामिल थे। यह सूचना पुलिस को मिली। यह जानकारी बिलखिरिया थाना प्रभारी उमेश चौहान ने एसपी देहात प्रमोद कुमार सिन्हा को दी। उमेश दो लोगों का स्टाफ लेकर मौके के लिए रवाना हुए। उन्होंने एकसाथ इतने लोग जुटने का कारण पूछा। इस बीच उन्होंने इमाम को बुलाया। इमाम ने बताया कि हमारे लोगों को जानकारी मिली है कि पुलिस-प्रशासन मस्जिद तोड़ने आ रही है। हम ऐसा नहीं होने देंगे। उमेश ने मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष से भी बात की। उन्हें बताया कि किसी ने अफवाह फैला दी है। पुलिस-प्रशासन शारिक मछली की अवैध कोठी को तोड़ने आ रही है। मस्जिद से हमारा कोई लेना-देना नहीं है, किसी ने यह अफवाह फैलाई है। थाना प्रभारी की बात सुनकर सब शांत हुए और अपने-अपने घर लौट गए।
**30 जुलाई को तोड़ गए थे यह निर्माण :** ड्रग रैकेट के सामने आने के बाद प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए मछली परिवार की 7 संपत्तियों को जमींदोज किया था। शकील अहमद का फार्म हाउस, शरीफ अहमद का 40 हजार वर्गफीट पर वेयर हाउस,शकील अहमद का सरकारी जमीन पर सुमन फार्म, इरशाद अहमद का सरकारी जमीन पर कारखाना, अताउल्ला रहमान का शासकीय जमीन पर मदरसा, शारिक अहमद मछली का तीन मंजिला अवैध कोठी और शारिक अहमद मछली का बकरा और मुर्गी फार्म शामिल है। तीन हफ्ते का दिया था समयः जिला प्रशासन ने सरकारी भूमि पर बनी अवैध कोठी को तोड़ने के लिए तीन सप्ताह का समय दिया था, ताकि मछली परिवार सामान को सुरक्षित निकाल सके। तय अवधि के बाद अधिकारियों ने नियमानुसार कार्रवाई कर कोठी को जमींदोज कर दिया और सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया।

### एशिया कपः टी-20 में ...

पाकिस्तान और पाकिस्तान के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं, साथ ही पाकिस्तान के खिलाड़ी भी भारत की मेजबानी में खेले जा रहे अंतरराष्ट्रीय इवेंट में हिस्सा ले पाएंगे। अप्रैल 2025 में पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच हालात बिगड़ गए थे। एशिया कप में 14 सितंबर को भारत-पाकिस्तान की दुबई में भिड़ंत होनी है और इस टूर्नामेंट में भारत-पाकिस्तान के बीच अन्य मुकाबले भी खेले जाने की संभावना है। वहीं महिला वनडे वर्ल्ड कप में भी भारत और पाकिस्तान की लीग स्टेज पर 5 अक्टूबर को कोलंबो में भिड़ंत होनी है।

### सत्रः लोकसभा में 120...

भारतीय बंदरगाह विधेयक, खनन और खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन विधेयक और आईआईएम संशोधन विधेयक पारित हुए। राज्यसभा में मणिपुर से जुड़े 2 विधेयक, मर्चेंट शिपिंग विधेयक बिल और गोवा विधानसभा से जुड़ा प्रतिनिधित्व संशोधन विधेयक समेत कुछ और विधेयक पारित हुए। इनमें ऑनलाइन गेमिंग और मुख्यमंत्रियों-मंत्रियों को पद से हटाने वाले विधेयक चर्चा में रहे। लोकसभा में ऑनलाइन गेमिंग से जुड़ा विधेयक पारित किया गया। इसमें मनी आधारित गेमों को विनियमित करने के प्रावधान किए गए हैं। मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री और मंत्रियों को पद से हटाने वाले 3 विधेयक भी पेश किए गए। संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू हुआ था और 21 अगस्त तक चला। पहले इसे 12 अगस्त को ही खत्म होना था। इस दौरान 18 बैठकें प्रस्तावित की गई थीं। सत्र की शुरुआत हंगामेदार रही और शुरू के कुछ दिनों में तो लगातार सदन की कार्यवाही स्थगित हुई।

### 2 साल में हर ग्रामीण ...

कहा कि इन योजनाओं को निर्माण कार्य तक ही सीमित न रखकर संचालन और रखरखाव की ऐसी स्थायी व्यवस्था विकसित की जाए, जिससे आने वाले सालों में भी योजनाएं पूरी क्षमता से कार्य करती रहें। ग्राम स्तर पर सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा दिया जाए। नागरिक सुविधाओं का विस्तार तेजी सेः डॉ. यादव ने कुशाभाऊ कन्वेंशन सेंटर में अमृत 2.0 का शुभारंभ करते हुए कहा, प्रदेश में नगरीय विकास के साथ नागरिकों के लिए मूलभूत सुविधाओं का विकास तेजी से किया जा रहा है। इससे आम आदमी का जीवन सरल और सुगम होगा। भारत में नगरीय व्यवस्था प्रचीनकाल से ही व्यवस्थित और समृद्ध रही है। केंद्र हो या राज्य, जब कोई नई योजना शुरु करती है, तो सबसे पहली भूमिका निकायों की होती है। भोपाल मेट्रोपॉलिटन शहर के रूप में आकार ले रहा है, जिसका लाभ आसपास के जिलों को भी मिलेगा। उन्होंने कहा, अक्टूबर 2025 तक भोपाल मेट्रो ट्रेन का संचालन भी आरंभ हो जाएगा। बड़े तालाब में कश्मीर की डल झील की तरह शिकारा संचालित होंगे, तो भोपाल में नगर निगम के माध्यम से प्रमुख मार्गो पर भव्य द्वार बनाए जा रहे हैं। नगर में विशाल कन्वेंशन सेंटर का निर्माण भी किया जाएगा। भूमिपूजन और अनुकंपा नियुक्ति पत्र सौंपेः डॉ. यादव ने नगर निगम द्वारा 582.32 करोड़ से विभिन्न जलापूर्ति कार्यों, 16 करोड़ 76 लाख से विभिन्न वार्डों में होने वाले 50 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। साथ ही नियुक्ति एवं अनुकंपा-पत्र प्रदान किए और स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में भोपाल को उत्कृष्ट स्थान प्राप्त होने पर सफाई मित्रों का सम्मान भी किया।

# रूस पर दबाव बनाने लगाए प्रतिबंधः यूएस
# भारत के खिलाफ टैरिफ लगाना गलतः रूस

## रूसी डिप्लोमेट रोमन बाबुश्किन बोले-भारत के लिए यह चुनौतीपूर्ण स्थिति, हमें अपने रिश्तों पर भरोसा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अमेरिका ने रूस पर दबाव बनाने के लिए भारत पर आर्थिक प्रतिबंध लगाए हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलीन लीविट ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इससे पहले तक ट्रम्प प्रशासन रूस से तेल लेने पर भारत के खिलाफ की गई आर्थिक कार्रवाई को पैनल्टी या टैरिफ बताता रहा है। ट्रम्प ने भारत पर अब तक कुल 50 टैरिफ लगाने का फैसला किया है। इसमें 25% रेसीप्रोकल टैरिफ और रूस से तेल खरीदने पर 25% पैनल्टी है। रेसीप्रोकल टैरिफ 7 अगस्त से लागू हो गया है, जबकि पेनल्टी 27 अगस्त से लागू होगी। लीविट के मुताबिक इसका मकसद रूस पर सेकेंडरी प्रेशर डालना है, ताकि वह युद्ध खत्म करने पर मजबूर हो। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाक संघर्ष को रोकने में ट्रम्प ने अहम भूमिका निभाई थी। लीविट मुताबिक ट्रम्प ने व्यापार को हथियार की तरह इस्तेमाल कर इस संघर्ष को खत्म कराया। लीविट ने कहा कि ट्रम्प ने अजरबैजान और आर्मेनिया के बीच पीस डील कराई। साथ ही रवांडा और डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कॉन्गो के बीच संघर्ष खत्म करने में मदद की। व्हाइट हाउस के मुताबिक, फिलहाल ट्रम्प का सबसे ज्यादा ध्यान रूस-यूक्रेन और इजराइल-हमास जंग को खत्म कराने पर है। ट्रम्प पहले भी कई बार भारत-पाक संघर्ष को खत्म कराने का श्रेय खुद को दे चुके हैं।



### रुस भारत को दे रहा कच्चे तेल पर 5% छूट

दूसरी ओर रूस का कहना है कि उसके कच्चे तेल का कोई विकल्प नहीं है, क्योंकि ये बहुत सस्ता है। आज यानी, 20 अगस्त को सीनियर रूसी डिप्लोमेट रोमन बाबुश्किन ने ये बात कही। उन्होंने कहा- रूसी कच्चे तेल पर भारत को करीब 5 प्रतिशत की छूट मिल रही है। भारत इस बात को समझता है कि तेल आपूर्ति को बदलने का कोई विकल्प नहीं है, क्योंकि इससे उसे बहुत ज्यादा मुनाफा हो रहा है। भारत पर अमेरिकी दबाव को भी रूस ने गलत बताया है। ये बयान ऐसे समय में आया है जब भारत और अमेरिका के रिश्ते बिगड़ रहे हैं। अमेरिका ने भारत पर रूसी तेल खरीदने के चलते 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है।

### रूस से तेल खरीदना जारी रखेगा भारत

बाबुश्किन ने कहा- भारत के लिए यह एक चुनौतीपूर्ण स्थिति है, लेकिन हमें भारत के साथ अपने रिश्तों पर भरोसा है। हमें विश्वास है कि बाहरी दबाव के बावजूद भारत रूस से तेल खरीदना जारी रखेगा। उन्होंने ने ये भी कहा कि अगर भारतीय सामान अमेरिकी बाजार में नहीं जा सकते, तो वे रूस की तरफ जा सकते हैं।

### पिछले हफ्ते ट्रम्प और पुतिन ने 3 घंटे बैठक की

पुतिन और ट्रम्प ने पिछले हफ्ते 15 अगस्त को देर रात अलास्का में मुलाकात की थी। उनके बीच यूक्रेन जंग खत्म करने पर करीब 3 घंटे मीटिंग हुई। इसके बाद दोनों नेताओं ने सिर्फ 12 मिनट की जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों के किसी सवाल का जवाब नहीं दिया। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ट्रम्प ने बैठक को सकारात्मक बताया। कई बिंदुओं पर सहमति बनी, लेकिन कोई डील नहीं हुई।

### पुतिन यूक्रेन का 20% हिस्सा छोड़ने को तैयार नहीं

रूस ने यूक्रेन के करीब 20 प्रतिशत हिस्से, यानी लगभग 1 लाख 14 हजार 500 वर्ग किलोमीटर पर कब्जा कर रखा है। रूस इन क्षेत्रों को अपनी सामरिक और ऐतिहासिक धरोहर मानता है और इन्हें छोड़ने को तैयार नहीं है। दूसरी तरफ जेलेंस्की का कहना है कि यूक्रेन की एक इंच जमीन भी रूस को नहीं देंगे। यूक्रेन पीछे हटता है तो इससे देश की संप्रभुता और सुरक्षा कमजोर हो सकती है।

### जेलेंस्की और यूरोपीय नेताओं से मिले थे ट्रम्प

ट्रम्प ने सोमवार को व्हाइट हाउस में यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से मुलाकात की थी। ट्रम्प ने बातचीत को सफल बताया। वहीं जेलेंस्की ने कहा यह अब तक की उनकी सबसे अच्छी बातचीत रही। इस दौरान रूस-यूक्रेन के बीच सीजफायर पर सहमति नहीं बनी। ट्रम्प ने कहा कि फिलहाल इतनी जल्दी सीजफायर संभव नहीं है। अमेरिका और यूरोपीय देश मिलकर इस पर काम करेंगे। ट्रम्प ने मीटिंग रोककर पुतिन से फोन पर 40 मिनट बात की। इस दौरान पुतिन ने रूस और यूक्रेन के प्रतिनिधियों के बीच सीधे बातचीत का समर्थन किया। यह बातचीत अगले 15 दिन के भीतर फिर होगी।



## दुनिया के सबसे ऊंचे पेड़ में लगी आग

**पोर्टलैंड (अमेरिका), जेएनएन।** अमेरिका के ओरेगन राज्य में अधिकारियों ने तटीय क्षेत्र के दक्षिणी भाग में स्थित दुनिया के सबसे ऊंचे वृक्षों में से एक में लगी आग को बुझाने के प्रयास तेज कर दिए हैं। यह आग 325 फुट से अधिक ऊंचे 'डोएर्नर फर' नामक एक डगलस फर वृक्ष में लगी है, जिसकी आयु लगभग 450 वर्ष मानी जा रही है। यह वृक्ष कूज़ काउंटी स्थित ओरेगन के कोस्ट रेंज में है, और शनिवार से इसमें आग लगी हुई है। संघीय 'ब्यूरो ऑफ लैंड मैनेजमेंट' की प्रवक्ता मेगन हार्पर ने बताया कि मंगलवार को एक इन्फ्रारेड ड्रोन उड़ान के दौरान वृक्ष के शीर्ष पर कोई लपटें या धुआं नहीं दिखा, लेकिन लगभग 280 फुट की ऊंचाई पर तने के भीतर एक खोखले हिस्से में गर्मी का स्रोत पाया गया। हार्पर ने बताया कि वृक्ष के किनारे से उस खोखले हिस्से तक पहुंच बनाकर पानी डालना चुनौतीपूर्ण कार्य है। इसके लिए विभिन्न विकल्पों पर विचार किया जा रहा है, जिनमें आसपास के वृक्षों पर चढ़कर उचित स्थिति पर पहुंचना, मचान बनाना, या इसे धीरे-धीरे सुलगने देना और निगरानी करना शामिल हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आग फिर से न भड़के।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रक-बस टक्कर, 79 से अधिक जिंदा जले




**काबुल।** उत्तर-पश्चिमी अफगानिस्तान में ईरान से लौट रहे कम से कम 79 लोगों की बस दुर्घटना में मौत हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि मृतकों में 19 बच्चे भी शामिल हैं। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल मतीन कानी ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि दुर्घटना में दो लोग घायल भी हुए हैं। अधिकारी के हवाले से बताया गया है कि दुर्घटना मंगलवार रात स्थानीय समयानुसार लगभग साढ़े आठ बजे हेरात प्रांत में हुई। उन्होंने बताया कि बस एक ट्रक और एक मोटरसाइकिल से जा टकराई, जिससे भीषण आग लग गई और कई लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

### उप्र का जलालाबाद बना परशुरामपुरी

**लखनऊ, जेएनएन।** पश्चिमी उप्र के शाहजहांपुर जिले के जलालाबाद कस्बे का नाम बुधवार को बदलकर परशुरामपुरी कर दिया गया। गृह मंत्री अमित शाह ने कस्बे का नाम बदलने की मंजूरी दे दी। इसकी मांग लंबे समय से की जा रही थी। सूत्रों के अनुसार, गृह मंत्रालय को उप्र के मुख्य सचिव का एक पत्र मिला था, जिसमें नाम बदलने के प्रस्ताव को मंजूरी देने का आग्रह किया गया था। मंत्रालय ने कहा, उसे 'जलालाबाद' कस्बे का नाम बदलकर 'परशुरामपुरी' करने के प्रस्ताव पर 'कोई आपत्ति' नहीं है। सूत्रों के अनुसार, उप्र सरकार ने भेजे प्रस्ताव पर पत्राचार में कहा था कि जलालाबाद कस्बे को ईश्वरीय संत भगवान परशुराम की जन्मस्थली के रूप में जाना जाता है। यहां परशुराम का एक प्राचीन मंदिर भी है और जलालाबाद नपा बोर्ड ने शहर का नाम बदलकर भगवान परशुराम के नाम पर रखने का प्रस्ताव पारित किया था।

## सुप्रीम कोर्ट ने आय से अधिक संपत्ति मामले में पेरियासामी के खिलाफ कार्यवाही रोकी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने 2.1 करोड़ रुपये की आय से अधिक संपत्ति के मामले में द्रविड़ मुनेत्र कषगम नेता और तमिलनाडु के मंत्री आई. पेरियासामी तथा उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ विशेष अदालत में जारी कार्यवाही पर रोक लगा दी। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस ए. जी. मसीह की पीठ ने 18 अगस्त को इस मामले में नोटिस भी जारी किया। बेंच ने कहा कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम मामलों के लिए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट असोसिएट स्पेशल जज के समक्ष लंबित कार्यवाही पर रोक रहेगी। शीर्ष अदालत ने यह आदेश पेरियासामी की उस अपील पर दिया, जिसमें उन्होंने 28 अप्रैल के मद्रास हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें स्पेशल अदालत को उनके और परिवार के सदस्यों के खिलाफ आरोप तय करने का निर्देश दिया गया था।



### 6 महीने के भीतर पूरी हो सुनवाई

हाई कोर्ट ने सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय द्वारा दायर याचिकाओं पर यह आदेश पारित किया। इन याचिकाओं में पेरियासामी और उनके परिवार के सदस्यों को मामले से बरी करने के आदेश को चुनौती दी गई थी। हालांकि, मद्रास हाई कोर्ट ने उस आदेश को खारिज कर दिया। विशेष अदालत को हर दिन सुनवाई करके छह महीने के भीतर सुनवाई पूरा करने का निर्देश दिया।

### 2.1 करोड़ रुपए की संपत्ति अर्जित की थी

पेरियासामी पर आरोप है कि उन्होंने 2006 से 2010 के बीच मंत्री रहते हुए अपने और अपनी पत्नी पी. सुशीला तथा बेटों पी. सेंथिलकुमार और पी. प्रभु के नाम पर 2.1 करोड़ रुपये की संपत्ति अर्जित की थी, जो उनकी आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक थी। डीवीएसी ने उन्हें बरी किए जाने को चुनौती दी और 2018 में हाई कोर्ट में अपील दायर की। पेरियासामी मौजूदा द्रमुक सरकार में ग्रामीण विकास, पंचायत और पंचायत संघ विभाग संभालते हैं।

## नासा ने यूरेनस की कक्षा में नया लघु चंद्रमा खोजा

**न्यूयॉर्क, जेएनएन।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने कहा है कि उसके वेब स्पेस टेलीस्कोप ने सौरमंडल के सातवें ग्रह यूरेनस की कक्षा में एक नया, अत्यंत छोटा चंद्रमा खोजा है। नासा द्वारा मंगलवार को जारी बयान के अनुसार, यह चंद्रमा लगभग 10 किलोमीटर चौड़ा प्रतीत होता है और इसे इसी वर्ष फरवरी में वेब टेलीस्कोप के 'नियर इन्फ्रारेड कैमरे' के माध्यम से देखा गया था। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह चंद्रमा अपनी अत्यंत क्षीण चमक और छोटे आकार के कारण अब तक छिपा रहा, यहां तक कि लगभग 40 वर्ष पहले यूरेनस के समीप से गुज़रे वॉयेजर-2 अंतरिक्ष यान की निगाहों से भी यह बचा रहा। यूरेनस के अब तक 28 ज्ञात चंद्रमा हैं, जिनके नाम विलियम शेक्सपियर और अलेक्जेंडर पोप की रचनाओं के पात्रों पर रखे गए हैं। इनमें से लगभग आधे छोटे आकार के हैं और ग्रह की निकटवर्ती कक्षा में परिक्रमा करते हैं। इस नये चंद्रमा का नामकरण अभी नहीं हुआ है।

## मंदिर में चढ़ाया 140 करोड़ रुपए का 121 किलो सोना

**नई दिल्ली, जेएनएन।** आंध्र प्रदेश के विश्वप्रसिद्ध तिरुमाला तिरुपति मंदिर को एक श्रद्धालु ने श्रद्धा के रूप में 121 किलो सोना दान किया है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 140 करोड़ रुपए बताई जा रही है। यह जानकारी राज्य के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने एक कार्यक्रम के दौरान साझा की। गुंटूर जिले के मंगलागिरी में गरीबी उन्मूलन से जुड़ी एक परियोजना के कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए मुख्यमंत्री नायडू ने बताया कि यह श्रद्धालु पहले तिरुपति मंदिर में आकर अपने व्यापार के लिए प्रार्थना करने आया था। इसके बाद उसने कारोबार शुरू किया और उसे बड़ी सफलता मिली। भक्त ने अपनी कंपनी के कुछ शेयर बेचकर 6,000 से 7,000 करोड़ रुपए का लाभ कमाया। इसी आभार में उसने मंदिर को 121 किलो सोना दान करने का फैसला किया।



### श्री वेंकटेश्वर स्वामी के प्रति आस्था का परिचय

मुख्यमंत्री के अनुसार, भक्त का कहना है कि उसे यह धन श्री वेंकटेश्वर स्वामी की कृपा से प्राप्त हुआ। वर्तमान में मंदिर की मूर्ति को प्रतिदिन लगभग 120 किलो सोने के आभूषणों से सजाया जाता है। भक्त ने जब यह जाना, तो उसने इतने ही वजन का सोना मंदिर को दान देने का संकल्प लिया।

## केंद्रीय कर्मचारियों की विधवा बेटी भी पेंशन की होगी हकदार

**नयी दिल्ली, जेएनएन।** सरकार ने बुधवार को संसद में कहा कि दिवंगत सरकारी कर्मचारियों की अविवाहित, विधवा या तलाकशुदा बेटियां पारिवारिक पेंशन की हकदार हैं, बशर्ते वे कुछ निर्धारित शर्तों को पूरा करती हों। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग (डीओपीपीडब्ल्यू) द्वारा अधिसूचित केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 2021 और उसके बाद जारी 26 अक्टूबर 2022 के कार्यालय ज्ञापन में विभिन्न प्रावधान शामिल किये गए हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि दिवंगत सरकारी कर्मचारी या पेंशनभोगी की तलाकशुदा/विधवा बेटी को उपयुक्त समय पर पारिवारिक पेंशन मिल सके। उन्होंने बताया कि रेलवे और रक्षा कर्मियों तथा पेंशनभोगियों के लिए अलग-अलग नियमों के तहत यही प्रावधान किए गए हैं। मंत्री ने बताया कि इन नियमों के अनुसार, यदि किसी दिवंगत सरकारी कर्मचारी या पेंशनभोगी की पत्नी/पति या बेटा पारिवारिक पेंशन के लिए पात्र नहीं है या यदि उनकी मृत्यु हो चुकी है तो ऐसी स्थिति में पारिवारिक पेंशन अविवाहित या विधवा या तलाकशुदा बेटी को दी जाएगी या देय होगी।




## ट्रंप ने नागरिकता के नियम और सख्त किए

**वाशिंगटन, जेएनएन।** ट्रंप के अमेरिका का राष्ट्रपति बनने के बाद से ही अवैध अप्रवासियों और नागरिकता को लेकर नियमों में सख्ती की जा रही है। अब अमेरिका ने नागरिकता से जुड़े नियमों में बड़ा बदलाव कर दिया है। नागरिकता के लिए आवेदन करने वालों का चरित्र परीक्षण किया जाएगा। आवेदकों के व्यवहार, मूल्यों और सामुदायिक संबंधों की व्यापक समीक्षा की जाएगी। अमेरिकी नागरिकता और आव्रजन सेवा अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं। नागरिकता के लिए अभी भी अच्छे नैतिक चरित्र को देखा जाता है, लेकिन अब इस पर ज्यादा ध्यान दिया जाएगा। व्यक्ति अमेरिकी कानूनों में निर्दिष्ट किसी भी अपराध या अयोग्य आचरण में शामिल नहीं है। अधिकारियों को किसी विदेशी के व्यवहार, सामाजिक मानदंडों के पालन और सकारात्मक योगदान का समग्र मूल्यांकन करने के लिए कहा गया है।

## कनाडा में स्थायी निवासी बनने के लिए भारतीयों के पास बड़ा मौका

**ओट्टावा, जेएनएन।** कनाडा में स्थायी निवास के लिए इंतजार कर रहे विदेशी नागरिकों के लिए अच्छी खबर है। कनाडाई इमिग्रेशन ने प्रांतीय नामांकित कार्यक्रम (पीएनपी) श्रेणी के अंतर्गत एक्सप्रेस एंट्री ड्रॉ के माध्यम से स्थायी निवास के लिए आवेदन करने के लिए विदेशियों को आमंत्रित किया है।

कनाडा में रहने के इच्छुक विदेशी पीएनपी कार्यकर्म के तहत स्थायी निवासी बनने के लिए आवेदन कर सकते हैं। यह कार्यक्रम लोगों को किसी खास प्रांत या क्षेत्र में रहने, निवास करने और कार्य करने में सक्षम बनाता है।

स्थायी निवासी उस व्यक्ति को कहा जाता है, जिसे कनाडा में प्रवास के बाद पीआर का दर्जा दिया जाता है, लेकिन वह कनाडा का नागरिक नहीं होता है। कनाडा एक्सप्रेस एंट्री कनाडा में स्थायी निवास चाहने वाले कुशल आप्रवासियों के लिए कार्यक्रम है, जिसका प्रबंधन आव्रजन, शरणार्थी और नागरिकता कनाडा (आईआरसीसी) नामक विभाग करता है।

एक्सप्रेस एंट्री में संघीय कुशल श्रमिक कार्यक्रम, कनाडाई एक्सपीरियंस क्लास, संघीय कुशल व्यापार 18 अगस्त को निकाला गया था ड्रॉ बीती 18 अगस्त को आईआरसीसी ने एक्सप्रेस एंट्री सिस्टम के तहत ड्रॉ निकाले थे, जिसमें चुनिंदा विदेशी नागरिकों को 225 आमंत्रण भेजे गए थे। इनमें सबसे कम रैंक वाले उम्मीदवार को 800 का सीआरएस स्कोर मिला। इसके पहले पीएनपी कार्यक्रम के तहत पिछला ड्रॉ 6 अगस्त को आयोजित किया गया था, जिसमें पात्र विदेशी नागरिकों को 225 एक्सप्रेस एंट्री आमंत्रण जारी किए गए थे। सबसे कम रैंग वाले उम्मीदवार को 739 का सीरआरएस स्कोर मिला था।

## अगली बार हिंदी में पूछना, आयरन डोम के सवाल पर बोले रूसी राजनयिक

**नई दिल्ली, जेएनएन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मिशन सुदर्शन चक्र की घोषणा की थी। भारत के इस महा प्रोजेक्ट ने वैश्विक ध्यान आकर्षित किया है। इस बीच, रूस के एक वरिष्ठ राजनयिक चार्जे डी' अफेयर्स रोमन बाबुश्किन से भारत के आयरन डोम को लेकर सवाल पूछा गया था। उन्होंने पूछा- आपका मतलब सुधर्शन चक्र से है? इतना ही नहीं, उन्होंने आश्वासन भी दिया कि वह हिंदी में बेहतर जवाब दे सकते हैं। कुछ ऐसी थी बातचीत-



**पत्रकार:** रूस भारत के आयरन डोम का समर्थन कैसे करेगा?
**बाबुश्किन:** आपका मतलब सुदर्शन चक्र से है?
**पत्रकार :** जी हां।
**रूसी राजनयिक बाबुश्किन :** अगली बार हिंदी में पूछिएगा, मैं बेहतर जवाब दे पाऊंगा।

## शादियों में बिन बुलाए खाने के लिए घुस जाते थे अमिताभ

**मुंबई, जेएनएन।** कौन बनेगा करोड़पति 17वा सीजन पूरे शबाब पर है। 19 अगस्त के एपिसोड की शुरुआत रोलओवर कंटेस्टेंट श्रुति जैन के साथ हुई। मुंबई की रहने वालीं श्रुति ज्यादा रकम तो नहीं जीत पाईं, लेकिन उनकी सोच ने अमिताभ बच्चन का दिल जरूर जीत लिया। एपिसोड की शुरुआत होते ही अमिताभ ने श्रुति को चिढ़ाते हुए कहा कि उन्होंने अपनी शादी का निमंत्रण नहीं दिया है, इसलिए वह नहीं आएंगे। श्रुति बताती हैं कि वह कोर्ट मैरिज करने जा रही हैं, क्योंकि वह ग्रैंड वेडिंग पर पैसे खर्च नहीं करना चाहती हैं। अमिताभ उनके विचार जानकर प्रभावित होते हैं। इसी क्रम में महानायक ने अपने कॉलेज के दिनों को याद करते हुए मजेदार किस्सा सुनाया। उन्होंने कहा, हम जब कॉलेज में थे तो रुपये-पैसा तो होता नहीं था हमारे पास, शायद 2 रुपये पॉकेट मनी मिलती थी.. तो जब भूख लगे शाम को तो समझ में नहीं आता था क्या करें? तो हम लोग ढूंढते थे के कहीं शादी ब्याह तो नहीं हो रहा... अमिताभ बच्चन ने आगे गेट क्रैश (बिन बुलाए मेहमान) का किस्सा सुनाया। हमलोग उन शादियों में ऐसे जाते थे जैसे बाराती जा रहे हो अंदर। तो दरबान हमको पूछता था, तो हम पीछे आ रहे हैं ऐसे बोल के आगे चले जाते थे... फिर हम जी भरकर खाते और खुशी-खुशी बाहर निकल जाते। इसलिए मैं कहता हूं, अगर आप कोर्ट मैरिज करोगे, तो हम जैसे लोगों का क्या होगा?



**सुनवाई** विधेयकों को मंजूरी देने संबंधी सुनवाई के दौरान कोर्ट की अहम टिप्पणी


## दोबारा पास करा कर भेजे गए बिल को राष्ट्रपति के पास नहीं भेज सकते हैं राज्यपालः सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने विधेयकों को मंजूरी देने के संबंध में सुनवाई के दौरान बुधवार को बड़ी टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि कोई भी विधेयक राज्य विधानसभा द्वारा दोबारा पारित करके राज्यपाल को भेजे जाने की स्थिति में राज्यपाल उसे विचार के लिए राष्ट्रपति को नहीं भेज सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने विधेयकों को मंजूरी देने के संबंध में राज्यपाल की शक्तियों पर केंद्र सरकार से सवाल करते हुए यह टिप्पणी की है।

बता दें कि संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल को विधानसभा द्वारा पारित विधेयक पर या तो अनुमति देनी होती है या वह अनुमति रोक सकता है या फिर वह उसे राष्ट्रपति के पास विचार के लिए भेज सकते हैं। इसके तहत राज्यपाल के पास विधेयक को पुनर्विचार के लिए विधानसभा में वापस भेजने का भी अधिकार है, बशर्ते कि वह मनी बिल न हो। सीजेआई बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पांच-सदस्यीय संविधानिक पीठ की यह टिप्पणी केंद्र के इस रुख के मद्देनजर आई है कि राज्यपाल के पास विधानसभा द्वारा विधेयक को दूसरी बार पारित करने के बाद भी उसे राष्ट्रपति के पास भेजने के अधिकार हैं। शीर्ष अदालत ने कहा, 'अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल के पास चार विकल्प हैं-या तो वह अनुमति दे दें या अनुमति रोक लें या फिर वह विधेयक को राष्ट्रपति के विचार के लिए सुरक्षित रख लें। नियम के तहत शक्ति का प्रयोग करते हुए वह विधेयक को पुनर्विचार के लिए विधानसभा को लौटा सकते हैं।' कोर्ट ने कहा, 'अब अगर विधेयक सदन द्वारा फिर से पारित कर दिया जाता है और अनुमति के लिए राज्यपाल के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है, तो राज्यपाल अनुमति नहीं रोक सकते। वह विधेयक को दूसरी बार राष्ट्रपति के विचार के लिए नहीं भेज सकते।'

गौरतलब है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मई में संविधान के अनुच्छेद 143(1) के तहत शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए शीर्ष अदालत से यह जानने का प्रयास किया था कि क्या राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों पर विचार करते समय राष्ट्रपति द्वारा विवेकाधिकार का प्रयोग करने के लिए न्यायिक आदेशों द्वारा समय-सीमाएं निर्धारित की जा सकती हैं। इस बीच सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों से निपटने में राज्यपाल की शक्तियों पर बीते आठ अप्रैल को दिए फैसले में पहली बार यह प्रावधान किया था कि राष्ट्रपति को राज्यपाल द्वारा उनके विचारार्थ रखे गए विधेयकों पर संदर्भ प्राप्त होने की तिथि से तीन महीने के भीतर निर्णय लेना होगा।

### इनकार करने पर सरकारें राज्यपाल पर हो जाएंगी निर्भर



सुनवाई के दौरान पीठ ने यह भी कहा कि अगर राज्यपाल विधेयकों को पुनर्विचार के लिए विधानसभा को लौटाए बिना ही उन्हें मंजूरी देने से इनकार कर देते हैं, तो निर्वाचित सरकारें राज्यपाल की मर्जी पर निर्भर हो जाएंगी।अगर राज्यपाल अनिश्चितकाल तक स्वीकृति रोक सकते हैं, तो बहुमत के समर्थन से बनी सरकारें एक अनिर्वाचित, नियुक्त व्यक्ति की दया पर निर्भर होंगी। पीठ में शामिल जस्टिस नरसिम्हा ने केंद्र की इस दलील पर आपत्ति की कि अगर राज्यपाल ने सहमति नहीं देने का निर्णय लिया तो विधेयक पारित नहीं हो सकेगा। उन्होंने कहा, अनुच्छेद 200 की ऐसी व्याख्या राज्यपाल की शक्तियों के प्रतिकूल होगी। जस्टिस नरसिम्हा ने कहा, ऐसे मामले हो सकते हैं जहां राज्यपाल पहले विधेयक को रोक सकते हैं।

## कहां हैं धनखड़? ऐसी क्या नौबत कि एक शब्द भी नहीं बोल सकतेः राहुल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** राहुल गांधी ने बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सरकार पर निशाना साधा है। राहुल ने कहा है कि भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति छिपे हुए हैं और स्थिति ऐसी है कि वह बाहर आ कर एक शब्द भी नहीं बोल रहे हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को केंद्र की भाजपा सरकार को कई मुद्दों पर घेरा है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने लेकसभा में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्रियों को पद से हटाने से संबंधित पेश हुए बिल को लेकर सरकार की आलोचना की है और कहा है कि यह बिल देश को सदियों पुराने काल में ले जाने वाला है। वहीं इस दौरान उन्होंने देश के पूर्व उपराष्ट्रपति रहे जगदीप धनखड़ की सार्वजनिक गतिविधियों से दूर होने को लेकर भी सरकार पर सवाल उठाए। विपक्ष के संयुक्त उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी के सम्मान समारोह में बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा कि धनखड़ के इस्तीफे के पीछे एक कहानी है। राहुल ने कहा, पुराने उपराष्ट्रपति कहां चले गए? वह क्यों छिपे हुए हैं? उन्होंने कहा, उनके इस्तीफे के पीछे एक बड़ी कहानी है। आप में से कुछ लोग इसे जानते होंगे, कुछ लोग नहीं जानते होंगे, लेकिन इसके पीछे एक कहानी है। और फिर एक कहानी है कि वह क्यों छिपे हुए हैं। भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति ऐसी स्थिति में क्यों हैं जहां वह एक शब्द भी नहीं बोल सकते और उन्हें छिपना पड़ रहा है। हम ऐसे समय में जी रहे हैं। राहुल गांधी ने बाद में एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति आखिर छुपे हुए क्यों हैं? क्यों ऐसी नौबत आ गई कि वो बाहर आ कर एक शब्द भी नहीं बोल सकते? सोचिए, हम कैसे समय में जी रहे हैं। गौरतलब है कि भारत के 14वें उपराष्ट्रपति रहे जगदीप धनखड़ ने बीते महीने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए पद से इस्तीफा दे दिया था।



# रोगी कल्याण समिति की वार्षिक बैठक में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने पर हुई चर्चा



**जागरण, पलेरा।** स्थानीय नगर के जनपद पंचायत सभागार में रोगी कल्याण समिति की साधारण सभा की बैठक बीते गुरुवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता खरगापुर विधायिका श्रीमती चंदा सुरेंद्र सिंह गौर ने की। जिसमें रोगी कल्याण समिति के वित्तिय वर्ष के आय व्यय का विवरण अध्यक्ष के सम्मुख रखा गया। साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के विभिन्न प्रस्तावित एजेंडों पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किया गया। जिसमें ओपीडी कंप्यूटराइज करने के लिए 2 नग कंप्यूटर, प्रिंटर एवं अन्य उपकरण सामग्री क्रय करने की अनुमति, ओपीडी के बाहर मैदान में मरीजों के लिए टीन सेट निर्माण एवं पूर्व स्थापित टीन सेट की मरम्मत कार्य पर चर्चा, आयुष्मान भारत मद से कार्यालय फर्नीचर, अलमारी, ऑफिस चेयर क्रय करने की अनुमति, पोषण पुनर्वास केंद्र की छत मरम्मत अनुमति, आपातकालीन कक्ष की छत से पानी रिसता है, जिसकी वॉटर प्रूफिंग की अनुमति, अस्पताल परिसर में कैंटीन खोले जाने की अनुमति, एवं संचालन हेतु उचित एजेंसी पर चर्चा, पोषण पुनर्वास केंद्र में कुपोषित बच्चों के लिए दो नग एसी क्रय करने की अनुमति जैसे तमाम प्रस्तावों को रखा गया। बैठक में खरगापुर विधायक श्रीमती चंदा सुरेंद्र सिंह गौर, नगर परिषद अध्यक्ष गायत्री विनोद वर्मा, अवधेश रावत, गुड्डू मिश्रा, नायब तहसीलदार श्रीपत अहिरवार, सीएमओ शिवि उपाध्याय, बीएमओ डॉ अजय गुप्ता, परियोजना अधिकारी प्रदीप मिश्रा, डॉ फिरोज बानो, डॉ मुकेश साहू, गगन सोनी समेत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की एएनएम एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**मनरेगा उपयंत्रियों ने विधायक को सोपा ज्ञापन**– रोगी कल्याण समिति की वार्षिक बैठक के उपरांत जनपद पंचायत कार्यालय के तमाम मनरेगा उपयंत्रियों ने खरगापुर विधायक श्रीमती चंदा सुरेंद्र सिंह गौर को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने मांगों के निराकरण तक अवकाश की अनुमति मांगी है। ज्ञापन पत्र में संविदा पारिश्रमिक की गणना नियुक्ति दिनांक से की जाए, यह नियमित उपयंत्री के वेतन के बराबर होनी चाहिए। उपयंत्रियों की दूसरी मांग है कि मृत्यु होने पर आश्रितों को तुरंत अनुकंपा नियुक्ति मिले। साथ ही, किसी प्रकरण में पद से हटाने के बजाय निलंबित करने का प्रावधान हो। जिला या प्रदेश स्तर पर आरईएस और मनरेगा उपयंत्रियों की संयुक्त वरिष्ठता सूची के अनुसार सहायक यंत्री का प्रभार दिया जाए। उपयंत्रियों ने ग्रेजुएटी भुगतान की मांग भी की है। यह सुविधा 1 अगस्त 2023 के बाद सेवानिवृत्त या मृत उपयंत्रियों को भी मिलनी चाहिए। संविदा नवीनीकरण एक साल की बजाय 5 साल के लिए हो। उन्होंने मांग की है कि उनसे केवल तकनीकी कार्य कराया जाए। मनरेगा को लक्ष्य आधारित योजना न बनाया जाए क्योंकि यह मांग आधारित योजना है। साथ ही हर माह की पहली तारीख को वेतन मिलना सुनिश्चित किया जाए। इस मौके पर उपयंत्री रमाशंकर मातेले, प्रमोद चतुर्वेदी, कृष्ण बलराम दीक्षित, बीएन बुनकर, राजेश द्विवेदी, हरीओम राय समेत अन्य उपयंत्री शामिल रहे।

# पुराना बस स्टैंड बना सट्टे का अड्डा

## शहर में धड़ल्ले से फल-फूल रहा सट्टा कारोबार, पुलिस बनी मूकदर्शक

**जागरण टीकमगढ़।** शहर में सट्टा माफियाओं का जाल दिनों दिन गहराता जा रहा है और इसका सबसे बड़ा गढ़ बन चुका है पुराना बस स्टैंड क्षेत्र। इस इलाके में सट्टा कारोबार खुलेआम चल रहा है, जहां पर दिन भर बड़ी संख्या में लोग अड्डेबाजी करते नजर आते हैं। चिंता की बात यह है कि यह अवैध कारोबार थाना कोतवाली से महज़ कुछ ही दूरी पर बेखौफ होकर संचालित हो रहा है। लेकिन अब तक किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने कार्रवाई की ज़रूरत नहीं समझी। स्थानीय लोगों की मानें तो पुराने बस स्टैंड पर दोपहर के बाद से लेकर रात तक सट्टे के खेल शुरू हो जाते हैं। यहां बैठने वाले एजेंट नंबरों की पर्चियां बांटते हैं, मोबाइल पर बोली लगाते हैं और हार-जीत के आंकड़े तक सार्वजनिक रूप से बताए जाते हैं। कई बार इस सट्टे के कारण विवाद और झगड़े भी हो चुके हैं। लेकिन पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्यवाही आज तक नहीं हुई। जिससे युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है। शहर का युवा वर्ग इस दलदल में बुरी तरह फँसता जा रहा है। एक बार चंद पैसों की लालच में फंसा युवक तनाव के जाल में भा उलझ जाता है। कई परिवारों के लोग गहने बेचकर, लोन लेकर या उधारी में डूबकर सट्टा खेलने लगे हैं जिसका असर उनके पूरे जीवन पर पड़ रहा है।

### पुलिस की मिलीभगत पर उठे सवाल

सबसे गंभीर बात यह है कि यह सन्न कुछ पुलिस और प्रशासन की नाक के नीचे हो रहा हैं। ऐसे में यह आशंका जताई जा रही है कि कहीं न कहीं माफिया और कुछ जिम्मेदारों के बीच मिलीभगत का खेल भी चल रहा है। सूत्रों की माने तो इसमें कुछ पुलिस विभाग के कर्मचारी भी संलिप्त हैं, जिनके संरक्षण में यह पूरा कारोबार फल-फूल रहा है। जब भी पुलिस कोई कार्रवाई का मन बनाती है तो इन अवैध कारोबारियों को तत्काल ही इन पर कार्रवाई की भनक लग जाती है, जिससे पुलिस की बनी बनाई योजना पर पानी फिर जाता है। इतना सबकुछ होने के बाद पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी अपने लोगों को चिन्हिंत नही कर पा रहे है और यह कारोबार भली-भांती चलता नजर आ रहा है।

### जनता में रोष, सख्त कार्रवाई की मांग

अब शहरवासी खुलकर बोलने लगे हैं। स्थानीय व्यापारियों, रहवासियों और समाजसेवियों ने प्रशासन से मांग की है कि पुराने बस स्टैंड पर तुरंत छापेमारी की जाए और इस अवैध कारोबार को जड़ से खत्म किया जाए। यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो लोग आंदोलन के मूड में हैं।

**समाज को अंदर से खोखला कर रही सट्टा की बीमारी :** समाजसेवी अमित रावत ने सट्टा गतिविधियों पर नाराजगी जताते हुए कहा की सट्टा अब केवल अवैध गतिविधि नहीं रही बीमारी बन चुकी है। यह नशे से भी ज्यादा खतरनाक है, क्योंकि यह युवाओं को आलसी, कर्जदार और अपराध की ओर धकेलता है। यदि प्रशासन ने अब भी आँखें मूँद रखीं तो टीकमगढ़ की आने वाली पीढ़ियाँ इसकी कीमत चुकाएंगी।

### इनका कहना है

इस संबंध में जानकारी मिली है, जल्द ही इस मामले में अधिकारियों को बोलकर कार्रवाई करवाती हु।

**हिमानी खन्ना**
**आईजी सागर रेंज, सागर**

# भेलसी में प्रसूता की मृत्यु, हितग्राही को 12 हजार की सहायता राशि का चेक सौंपा



**जागरण, टीकमगढ़।** ग्राम भेलसी में एक प्रसूता महिला की प्रसव के दौरान असमय मृत्यु हो गई। शासन की जननी सुरक्षा योजना एवं प्रसूति सहायता योजना के तहत मृतका के परिवार को आर्थिक मदद प्रदान की गई। इस क्रम में हितग्राही के पति को 12,000 रुपये की सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया।

**बीएमओ ने सौंपा चेक:** ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर (बीएमओ) अंकित त्रिपाठी ने पीड़ित परिवार को योजना अंतर्गत मिलने वाली राशि का चेक सौंपा। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा प्रसव के दौरान मातृ मृत्यु दर को रोकना और जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक मदद पहुंचाना है। साथ ही उन्होंने आश्वस्त किया कि स्वास्थ्य विभाग हमेशा ग्रामीण अंचलों में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**जननी सुरक्षा एवं प्रसूति सहायता योजना का उद्देश्य :** जननी सुरक्षा योजना और प्रसूति सहायता योजना का उद्देश्य प्रसव के दौरान महिलाओं को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराना, अस्पताल में प्रसव को प्रोत्साहित करना और किसी अप्रत्याशित घटना की स्थिति में परिवार को आर्थिक संबल देना है।

**ग्रामीणों ने बीएमओ का जताया आभार :** इस मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने शासन और स्वास्थ्य विभाग के इस कदम की सराहना की। उनका कहना है कि सहायता राशि से पीड़ित परिवार को कुछ आर्थिक संबल मिलेगा। साथ ही उन्होंने मांग की कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं और प्रसव के समय चिकित्सा संसाधनों को और बेहतर बनाया जाए।

# वन माफियाओं ने काट डाले सैकड़ों हरे-भरे पेड़, फर्जी सील से अनुमति पत्र जारी

## सरपंच संघ ने एसपी कार्यालय पहुंचकर दर्ज कराई शिकायत, दबाव बनाने का आरोप

**जागरण, टीकमगढ़।** जिले की ग्राम पंचायत जसवंतनगर में वन माफियाओं के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि उन्होंने फर्जी दस्तावेजों का सहारा लेकर सैकड़ों हरे-भरे पेड़ काट डाले। सरपंच की सील और हस्ताक्षर जालसाजी से तैयार कर वन माफियाओं ने ग्राम पंचायत की ओर से फर्जी अनुमति पत्र जारी कर दिया। इस मामले का खुलासा तब हुआ जब ग्राम पंचायत जसवंतनगर के सरपंच महेंद्र सिंह बुंदेला को जानकारी लगी। उन्होंने तत्काल अन्य सरपंचों के साथ मिलकर पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ को शिकायत दर्ज कराई।

**ऑनलाइन अनुमति व्यवस्था के बावजूद किया फर्जीवाड़ा :** मध्यप्रदेश शासन ने 1 अप्रैल 2025 से पेड़ काटने की अनुमति ऑनलाइन करने का प्रावधान किया है। किसी भी व्यक्ति को अपनी भूमि में स्थित पेड़ काटने से पहले ग्राम पंचायत से ऑनलाइन अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) लेना आवश्यक है। इसके बावजूद जसवंतनगर पंचायत में फर्जी सील और हस्ताक्षर के जरिए ऑफलाइन अनुमति पत्र तैयार कर पेड़ों की अवैध कटाई कर दी गई।

**एसपी से की शिकायत, थाने में नहीं मिली पावती :** सरपंच महेंद्र सिंह बुंदेला, सरपंच संघ जिलाध्यक्ष और राष्ट्रीय सचिव के साथ 6 अगस्त 2025 को मजना चौकी पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई, लेकिन उन्हें पावती तक नहीं दी गई। वहां मौजूद प्रधान आरक्षक ने कहा कि पावती देहात थाने से मिलेगी। उसी दिन सरपंच प्रतिनिधि देहात थाना पहुंचे, लेकिन थाना प्रभारी मौजूद नहीं थे। इसके बाद 7 अगस्त को पुलिस अधीक्षक को लिखित आवेदन दिया गया और 8 अगस्त को जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को भी ज्ञापन सौंपा गया।



**अब तक नहीं हुई कार्रवाई, माफियाओं पर सवाल :** शिकायत दर्ज होने और सभी स्तरों पर जानकारी देने के बावजूद आज दिनांक तक किसी भी आरोपी के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। सरपंच संघ ने आरोप लगाया कि वन माफिया संगठित होकर सरपंच पर राजीनामा करने का दबाव बना रहे हैं।

**सरपंच संघ का चेतावनी भरा बयान :** सरपंच संघ के प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी है कि अगर इस गंभीर मामले में शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आने वाले समय में ऐसे माफिया न केवल पंचायतों बल्कि प्रशासनिक अधिकारियों की भी फर्जी सील और हस्ताक्षर बनाकर धोखाधड़ी कर सकते हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

# महेंद्रबाग मत्स्य बीज प्रक्षेत्र पर रिटायर्ड अधिकारी ने किया कब्जा, कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश

## बाउंड्रीबाल तोडकर बनाई पार्किंग और बगीचा

**जागरण, टीकमगढ़।** जिले के एक अधिकारी ने जिस बिभाग में लंबे समय तक सेवाएं दी और उससे तनख्वाह ली उस विभाग को ही रिटायर्ड अधिकारी अपनी जागीर समझने लगे है। और रिटायर्ड होने के बाद विभाग की समपत्ति पर अपना अधिकार समझने लगे है। ऐसा ही नजारा टीकमगढ़ मछली पालन विभाग के महेंद्र बाग स्थित मत्स्य बीज प्रक्षेत्र पर देखने को मिला है। जंहा की बाउंड्रीबाल को तोडकर सेवानिवृत्त सहायक मत्स्य अधिकारी आर. के. मिश्रा के द्वारा बाउंड्री बाल तोडकर गेट लगा लिया है। क्योंकि बाउंड्रीबाल से सटा हुआ आर. के. मिश्रा का मकान है। जिसपर उन्होंने बाउंड्रीबॉल तोडकर गेट लगाकर अंदर बगीचा बनाया गया है। वही शासकीय महेंद्र बाग की बाउंड्रीबॉल के अंदर ही वाहन पार्किंग बनाये हुए है। और आये दिन वंहा से उनके घर अन्य लोगो का आना जाना बना रहता है। जिससे शासकीय संपत्ति को बडा नुकसान होने की संभावना बनी हुई है।



**चौकीदार नही खोल पाते जुबान, रहती है दहशत :** बानपुर रोड स्थित महेंद्र बाग के मत्स्य बीज प्रक्षेत्र में कार्यरत चौकीदार और मजदूरों में भय बना रहता है कि कही अगर उन्होंने कोई शिकायत की तो उनके साथ कोई भी हादसा हो सकता है। जब पत्रकारों की टीम महेंद्र बाग मत्स्य बीज प्रक्षेत्र पहुंची तो वंहा मौजूद चौकीदार मछली के बीजो को पानी सप्लाई और दाना खिलाते नजर आए और जब उनसे बाउंड्रीवाल तोडने के बारे में जानकारी ली तो वह घचराए से नजर आये और कहा कि हम छोटे मजदूर कर्मचारी है। साहब हम लोग मुँह नहीं खोल सकते। वह पैसे बाले लोग है और हम छोटे कर्मचारी। जिसके बाद मत्स्य बीज प्रक्षेत्र के प्रभारी इंस्पेक्टर पंकज मौर्य में बात की तो उन्होंने बताया कि विभाग के द्वारा शिकायत का गई है लेकिन कोई कार्यवाहा नहीं हुई है।

**गेट बंद करने गई टीम को गाली-गलौज कर भगाया :** जब इस संबंध में जिला मत्स्य प्रक्षेत्र अधिकारी मेघा गुप्ता से बात की तो उन्होंने बताया की वह वह रिटायर्ड होने के पहले से यंहा कब्जा किये हुए थे, जिस पर कुछ कमरों में उनके परिवार और कुछ कमरों में उन्होंने निवास स्थान बनाया था, जिससे विभाग का सामान बाहर डेला रहता था, वह जैसे-तैसे करके खाली करवाया गया है तो उन्होने बाउंड्री बाल को तोड़कर गेट लगा लिया है और बगीचा सहित पार्किंग बनाई गई है। कई बार इस मामले को लेकर उनको हिदायत दी गई लेकिन वह मानने को तैयार नही है। अभी करीब एक माह पहले जब लेबर लेकर उस गेट को बंद करवाया जा रहा था। तो उनके द्वार लेबर के साथ और वंहा मौजूद स्टाफके साथ गाली-गलौज कर भगा दिया गया था। जिसकी विभागीय पत्राचार कर शिकायत की गई है। लेकिन इस मामले में अभी तक कोई कार्यवाही नही हुई है। उसके बाद से लागतार विभाग में झूठी शिकायतें और आरटीआई लगाकर परेशान किया जा रहा है।

### इनका कहना है

मामले की जानकारी लगी हैं, अभी में बाहर गया हुआ था, अब इस मामले में जल्द ही कार्रवाई कर अतिक्रमण को हटाया जाऐगा, और कार्रवाई की जाऐगी।

**विवेक श्रोतिय**
**कलेक्टर टीकमगढ़**

# अवैध शराब का परिवहन करने वाले 03 आरोपियों के विरुद्ध की वैधानिक कार्यवाही

## आरोपियों के कब्जे से अवैध शराब परिवहन में प्रयुक्त मारुति वैन कीमती करीब 60 हजार रूपये एवं 153 लीटर अवैध शराब करीब 57 हजार रूपये सहित कुल 1 लाख 17 हजार रूपये कीमत का मशरूका जब्त

**जागरण, पन्ना।** वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशानुसार पन्ना पुलिस द्वारा जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, विक्रय एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए लगातार कार्यवाहियाँ की जा रही हैं। इसी क्रम में आज थाना बृजपुर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक मारूति वैन से अवैध शराब का परिवहन करते तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी मात्रा में शराब जप्त की जाकर आरोपियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई है । पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साई कृष्ण एस थोटा द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध शराब के विरुद्ध सख्त कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार जिले में लगातार अवैध शराब के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाहियॉ की गई है । इसी कड़ी में थाना प्रभारी बृजपुर उपनिरीक्षक महेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा अपने थाना क्षेत्र में अवैध शराब के विरूद्ध जानकारी हेतु अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया जिसके फलस्वरूप मुखबिर द्वारा बड़ी मात्रा में शराब परिवहन की सूचना दी गई । थाना प्रभारी बृजपुर द्वारा उक्त सूचना से वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को अवगत कराकर अपने थाना स्टॉफ एवं चौकी प्रभारी पहाड़ीखेरा सउनि कमल सिंह चंदेल को साथ लेकर मुखबिर के बताये स्थान जरेली चौकी, कालिंजर-पहाड़ीखेरा आम रोड पर पहुँचकर वाहन चेकिंग की कार्यवाही की गई । वाहन चैकिंग दौरान एक संदिग्ध काली मारूति वैन (स्क्क35 ज्ञ 0628) को रोका गया। पुलिस टीम द्वारा वाहन में सवार 03 व्यक्तियों से नाम पता पूँछे जाकर वाहन की तलाशी ली गई। तलाशी में वाहन से तीन प्लास्टिक की बोरियों में कुल 17 कार्टून अवैध देशी शराब (765 पाउच, कुल मात्रा 153 लीटर, कीमत लगभग ?57,375/-) बरामद की गई । पुलिस टीम द्वारा आरोपियो के कब्जे अवैध शराब अवैध देशी शराब कुल मात्रा 153 लीटर, कीमत लगभग ?57,375 रूपये एवं परिवहन में प्रयुक्त मारूति वैन क्रमांक 0628 (अनुमानित कीमत ?60,000/-) को जप्त किया जाकर तीनो आरोपियों के विरूद्ध थाना बृजपुर में 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना मे लिया गया है । जप्त सामग्री पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से परिवहन में प्रयुक्त मारूति वैन क्रमांक स्क्क35 ज्ञ 0628 (अनुमानित कीमत ?60,000/-) एवं अवैध देशी शराब 17 कार्टून (765 पाउच, 153 लीटर) देशी मसाला शराब (कीमत लगभग ?57,375/-) सहित कुल 1,17,375 रूपये का मशरूका जप्त किया गया है ।

**गिरफ्तार आरोपी**- 1. कल्लू उर्फ अभिषेक पाण्डेय पिता रविकरण पाण्डेय उम्र 28 साल निवासी पहाड़ीखेरा 2. सुनील द्विवेदी पिता परशुराम द्विवेदी उम्र 32 साल निवासी बारकोनिया माफी थाना नागौद 3. रामकलेश दाहिया पिता बाबूलाल दाहिया उम्र 32 साल निवासी कचनार थाना नागौद इस कार्यवाही में थाना प्रभारी बृजपुर उप निरीक्षक महेन्द्र सिंह भदौरिया, चौकी प्रभारी पहाड़ीखेरा सउनि कमल सिंह चंदेल, प्र.आर. रामपाल बागरी, राजेश कुमार, बृजेश कुमार आर. राकेश सिंह, दीपक सोनकिया, रामनिवास गुर्जर, कृष्णकांत चौरसिया, सुधीर अरजरिया एवं अमर सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

# छत्रसाल महाविद्यालय में उमंग उच्च शिक्षा एवं वेलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत व्याख्यान का आयोजन



**जागरण, पन्ना।** आज राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत उमंग उच्च शिक्षा एवं वेलनेस कार्यक्रम के क्रम में व्याख्यान का आयोजन छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पन्ना में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में मानसिक, शारीरिक, भावनात्मक और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ एस डी चतुर्वेदी द्वारा की गई। कार्यक्रम के प्रभारी अधिकारी एवं महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी धर्मेंद्र यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि । उमंग कार्यक्रम जैसे प्रयास विद्यार्थियों को अपने स्वास्थ्य, आत्मबल और भविष्य निर्माण की दिशा में सजग और सक्षम बनाते हैं। महाविद्यालय सदैव ऐसे आयोजनों का स्वागत करता है जो विद्यार्थियों के जीवन मूल्यों और व्यवहारिक ज्ञान को समृद्ध करते हैं। आज समय में बच्चों को शारीरिक स्वास्थ्य के अलावा मानसिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना चाहिए। कार्यक्रम में जिला समन्वयक श्रीमति शिव दुबे ने विद्यार्थियों को उमंग कार्यक्रम की रूपरेखा से एवं आगामी गतिविधियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि यह पहल किशोरों और युवाओं के संपूर्ण विकास को ध्यान में रखते हुए प्रारंभ की गई है। उन्होंने कहा कि आज की शिक्षा में मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना समय की आवश्यकता है। एवं विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन, पोषण, यौन स्वास्थ्य, आत्म-सुरक्षा एवं स्वस्थ जीवनशैली से संबंधित विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि युवा अवस्था में सही स्वास्थ्य ज्ञान एवं परामर्श से विद्यार्थियों को कई शारीरिक और मानसिक चुनौतियों से बचाया जा सकता है। इस अवसर पर महाविद्यालय की राजनीति विज्ञान की सहायक प्रध्यापक डॉ पीयूषा शर्मा ने मानसिक स्वास्थ्य एवं परामर्श की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने भावों को व्यक्त करने और संवाद कायम रखने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में नोडल अधिकारी धर्मेंद्र यादव ने पुनः छात्रों को वर्तमान समय में शारीरिक स्वास्थ्य एवं मानसिक स्वास्थ्य की आवश्यकता के बारे में व्याख्यान दिया तथा कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था और समन्वयन कार्य संचालन सुनिश्चित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के डॉ वरदानी प्रजापति,, डॉ अरविंद मंडेलिया, एवं 138 से अधिक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना एवं पवई में प्रवेश के लिए संस्था स्तर की काउंसलिंग की समय-सारणी घोषित

**जागरण, पन्ना।** कार्यालय अध्यक्ष काउंसलिंग समिति तकनीकी शिक्षा संचालनालय भोपाल द्वारा डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग में प्रवेश के लिए संस्था स्तर पर काउंसलिंग की समय-सारणी जारी कर दी गई है, जिसके तहत ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 19 से 21 अगस्त रात्रि 11:30 बजे तक, 25 अगस्त से 01 सितंबर रात्रि 11:30 बजे तक, 03 से 08 सितंबर रात्रि 11:30 बजे तक तथा 10 से 15 सितंबर रात्रि 11:30 बजे तक किए जाएंगे। इसके पश्चात प्रवेश का अवसर क्रमशः 22 अगस्त को प्रातः 10:30 से रात्रि 11:45 बजे तक, 02 सितंबर को प्रातः 10:30 से रात्रि 11:45 बजे तक, 09 सितंबर को प्रातः 10:30 से रात्रि 11:45 बजे तक तथा 15 सितंबर को प्रातः 10:30 से रात्रि 11:45 बजे तक उपलब्ध रहेगा। पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में वर्तमान में जनरल पूल से मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट ब्रांच में 23, कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग ब्रांच में 02 तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग ब्रांच में 01 व सिविल इंजीनियरिंग ब्रांच में 07 सीट्स प्रवेश हेतु रिक्त हैं। इसके अलावा ईडब्ल्यूएस श्रेणी से मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट में 07, कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग ब्रांच में 05 तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग ब्रांच में 02 व सिविल इंजीनियरिंग ब्रांच में 06 सीट्स प्रवेश हेतु रिक्त हैं। बारहवीं या आईटीआई उत्तीर्ण विद्यार्थियों की श्रेणी अंतर्गत मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट में 21, कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग ब्रांच में 21 तथा सिविल इंजीनियरिंग ब्रांच में 37 सीट्स प्रवेश हेतु रिक्त हैं। इसी तरह शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पवई में जनरल पूल के वर्तमान में इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड टेली कम्यूनिकेशन में 02 तथा सिविल इंजीनियरिंग ब्रांच में 07 सीट्स प्रवेश के लिए रिक्त हैं। ईडब्ल्यूएस श्रेणी के वर्तमान में इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड टेली कम्यूनिकेशन में 07, कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग ब्रांच में 07, मैकेनिकल इंजीनियरिंग ब्रांच में 05 तथा सिविल इंजीनियरिंग ब्रांच में 07 सीट्स प्रवेश हेतु रिक्त हैं। इसके साथ-साथ बारहवीं या आईटीआई उत्तीर्ण विद्यार्थियों की श्रेणी के वर्तमान में इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड टेली कम्यूनिकेशन में 23, कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग ब्रांच में 13, मैकेनिकल इंजीनियरिंग ब्रांच में 01 तथा सिविल इंजीनियरिंग ब्रांच में 28 सीट्स प्रवेश हेतु रिक्त हैं। संस्था प्राचार्य अरविन्द त्रिपाठी ने बताया कि सभी ब्रांच में प्रवेश पूर्ण होने तक यह काउंसलिंग निरंतर जारी रहेगी। संस्था स्तर की काउंसिलिंग के माध्यम से प्रवेश लेने हेतु अभ्यर्थी अपने आय, जाति, निवास, 10वीं की अंकसूची तथा टीसी इत्यादि दस्तावेजों के साथ पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना अथवा पवई में उपस्थित हो सकते हैं।

# पवई में शांति समिति की बैठक संपन्न, गणेश विसर्जन और धार्मिक आयोजनों की बनी रूपरेखा



**जागरण, पवई।** नगर में आगामी दिनों में एक साथ कई बड़े धार्मिक आयोजन होने जा रहे हैं। इन्हें लेकर शुक्रवार को नगर परिषद कार्यालय में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता एसडीएम समीक्षा जैन ने की। बैठक में गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान यह तय हुआ कि विसर्जन मुख्य रूप से हाइड्रा मशीन से कराया जाएगा और बाबा घाट एवं राजघाट पर भी विसर्जन की व्यवस्था रहेगी, लेकिन विसर्जन का स्थायी स्थान अभी तय नहीं हो पाया है। यदि शासन से विशेष निर्देश आते हैं तो नगर में विसर्जन कुंड बनाकर भी विसर्जन सम्पन्न कराया जाएगा। साथ ही आरती के समय कपूर का उपयोग सावधानीपूर्वक करने पर भी जोर दिया गया ताकि पंडालों में आगजनी जैसी स्थिति से बचा जा सके। बैठक में तय हुआ कि 5 सितंबर को दोपहर 3 बजे से रात 9 बजे तक जुलूस निकाला जाएगा। यह जुलूस नन्ही पवई से प्रारंभ होकर खटीक मोहल्ला होते हुए शाम 5 बजे जामा मस्जिद पहुंचेगा, वहां से झंडा बाजार होते हुए पुनः नन्ही पवई जैन तक जाएगा। इसी दौरान नगर में जशन-ए-ईद मिलाद-उन-नबी का भी आयोजन होगा। प्रशासन ने मार्ग पर सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के पुख्ता इंतज़ाम करने की बात कही ।जैन समाज का पर्युषण पर्व 6 सितंबर को मनाया जाएगा। इस दिन जैन मंदिर के बाहर श्रीजी बाहर आएंगे और 7 सितंबर को नगर भ्रमण आयोजित किया जाएगा। एसडीएम समीक्षा जैन ने बैठक में स्पष्ट कहा कि नगर में सभी आयोजन शांति, सौहार्द और भाईचारे के साथ सम्पन्न हों। प्रशासन की ओर से सुरक्षा और व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए विशेष टीम तैनात रहेगी। बैठक में बिफरी नजर आई भाजपा मंडल अध्यक्ष थाना पवई में आयोजित की गई शांति समिति की बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष निधि पटेरिया ने प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रशासन द्वारा कोई भी बैठक आयोजित होती है तो मंडल अध्यक्ष को कोई जानकारी नहीं दी जाती लोगों को द्वारा जो जानकारी लगती है उसी के आधार पर मैं बैठक में उपस्थित होती हूं इस बैठक में एसडीओपी भावना सिंह दांगी, थाना प्रभारी त्रिवेंद्र त्रिवेदी, कनिष्ठ अभियंता सतीश सैनी, मंडल अध्यक्ष निधि पटेरिया सहित नगर के विभिन्न समाजों के प्रमुख लोग मौजूद रहे।

## 5 जनपदों के सीईओ को कारण बताओ नोटिस जारी

**रीवा।** समग्र ई-केवाईसी का शत-प्रतिशत कार्य 15 अगस्त तक पूर्ण किए जाने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन पाँच जनपदों में इस लक्ष्य को पूरा नहीं किया जा सका। जबकि हर टीएल बैठक में इस संबंध में कई बार अधिकारियों को निर्देशित किया गया। फिर भी अधिकारियों द्वारा समग्र ई-केवाईसी में रूचि नहीं ली गई। इसे अत्यंत खेदजनक, सौंपे गए दायित्वों एवं कर्तव्यों के प्रति लापरवाही और स्वेच्छाचारिता मानते हुए कलेक्टर प्रतिभा पाल ने संबंधित जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस का जवाब तीन दिवस के भीतर प्रस्तुत करना होगा। समय सीमा में समाधान कारक जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर एक तरफा अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी, जिसके लिए अधिकारी स्वयं जिम्मेदार होंगे। कलेक्टर ने जनपद पंचायत जवा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुलाभ सिंह पुशाम को 43 प्रतिशत लोगों की समग्र ई-केवाईसी तथा समग्र से संबंधित 38 सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें लंबित रहने पर नोटिस जारी किया है। कलेक्टर ने जनपद पंचायत सिरमौर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरिश्चन्द्र द्विवेदी, त्योंथर प्रवीण बंसोड, गंगेव प्राची चौबे तथा जनपद पंचयत रायपुर कर्चुलियान के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय कुमार सिंह को भी नोटिस जारी किया है। कलेक्टर द्वारा जारी नोटिस के अनुसार जनपद पंचायत सिरमौर में 28 प्रतिशत लोगों की समग्र ई-केवाईसी तथा समग्र से संबंधित 31 सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें लंबित हैं। जनपद पंचायत त्योंथर में 38 प्रतिशत लोगों की समग्र ई-केवाईसी तथा 28 सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें लंबित हैं।

# अदाणी फाउंडेशन के कौशल विकास कार्यक्रम से आत्मनिर्भर बन रही हैं स्थानीय महिलाएं

जागरण, बैढ़न



सरई तहसील के धिरौली झलरी बजौड़ी डोंगरी अमरईखोह बेलवार और बासी बेरदहा गांवों में जरूरतमंद महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सक्षम योजना् के तहत सिंगरौली क्लस्टर में विशेष पहल के तहत अब तक 120 महिलाओं को निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण दिया जा चूका है और अब इन सिलाई प्रशिक्षण केन्द्रमें प्रशिक्षित महिला ट्रेनर भी बन चुकी है। झलरी खनुआ और धिरौली गांवों में पिछले तीन वर्ष में निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र स्थापित कर महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है और प्रत्येक केंद्र पर 20 आधुनिक सिलाई मशीनें उपलब्ध कराई गई हैं जहां हर बैच में 20 स्थानीय महिलाओं और किशोरियों को तीन महीने का प्रशिक्षण मिलता है। सफल प्रशिक्षण पूर्ण करने पर लाभार्थियों को राष्ट्रीय कौशल विकास निगम की ओर से प्रमाणपत्र प्रदान किया जाता है जिससे उनके लिए रोजगार और आत्मनिर्भरता के नए अवसर खुलते हैं।

### निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्रों से ग्रामीणों में उत्साह

पिछले तीन वर्षों से चल रहे निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण की इस पहल ने ग्रामीणों के जीवन में नई उम्मीद जगाई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशिक्षण प्राप्त महिलाएं अब किसी सिलाई उद्योग में नौकरी कर रही हैं या फिर घर पर सिलाई मशीन लगाकर परिवार की आय बढ़ा रही हैं। बजौड़ी गांव की सोन कुमारी साकेत बताती हैं श्प्रशिक्षण के बाद मैं अपनी कमाई से परिवार की जरूरतें पूरी कर पा रही हूं। वहीं झलरी गांव की सरस्वती सोनी कहती हैं सिलाई प्रशिक्षण से मिली आमदनी से हमारा परिवार अब पहले से अधिक खुशहाल है। अदाणी फाउंडेशन का मानना है कि जब तक प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं की नियमित आय सुनिश्चित न हो तब तक किसी भी रोजगार प्रशिक्षण को सफल नहीं माना जा सकता। इसलिए प्रशिक्षित महिलाओं को उत्पादों की उचित कीमत पर बिक्री और बाज़ार से जोड़ने के लिए मार्गदर्शन भी दिया जा रहा है।

### समुदाय के आर्थिक विकास की ओर कदम

इस कार्यक्रम के तहत झलरी गांव की किरण वर्मा जो पहले प्रशिक्षण की लाभार्थी थीं अब ट्रेनर बन चुकी हैं और अब तक 40 महिलाओं को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित कर चुकी हैं। वर्तमान में खनुआ केंद्र पर नए बैच की 20 महिलाएं सिलाई की बारीकियां सीख रही हैं। तीन महीने के इस प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को सलवार प्लाज़ो पेटीकोट समीज़ कुर्ती पैंट मैक्सी लहंगा कुर्ताए पायजामा और शर्ट जैसी विविध परिधानों की सिलाई सिखाई जाती है। इससे महिलाएं आत्मनिर्भर होकर परिवार की आय बढ़ा रही हैं और साथ ही समुदाय के आर्थिक विकास में भी योगदान दे रही हैं।

### परिवार और समाज के लिए प्रेरणा

पिछले तीन वर्षों से लगातार मिल रहे इस प्रशिक्षण ने महिलाओं को न केवल आत्मनिर्भर बनाया है बल्कि वे अपने परिवार और समुदाय के लिए भी प्रेरणा बन रही हैं।अदाणी फाउंडेशन आसपास के गांवों में लगातार स्वास्थ्य शिविर महिला उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम युवाओं के लिए कौशल विकास पहल आधारभूत संरचना निर्माण और खेल प्रतियोगिताएं आयोजित कर रहा है ताकि स्थानीय लोग राष्ट्र निर्माण में सक्रिय रूप से भाग ले सकें। शिक्षा के क्षेत्र में भी सराहनीय कार्य किए गए हैं। सरकारी विद्यालयों में उत्थान जैसे प्रोजेक्ट के माध्यम से बच्चों को निःशुल्क सहयोग दिया जा रहा है। कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत अदाणी फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे स्वरोजगार स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़े कार्यक्रमों का ग्रामीणों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया जा रहा है।

# नगर निगम आयुक्त ने किया निगम कार्यालय का निरीक्षण



### निगम कार्यालय में आने वाले नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हेल्प डेस्क बनाने का दिए निर्देश

**जागरण, बैढ़न।** नगर निगम आयुक्त श्रीमती सविता प्रधान ने आज निगम के कार्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान वे कार्यालय के सभी कक्षो में जाकर वहां रखे गये फाइलों कागजातों को देखा। कार्यालय में साफसफाई की स्थिति का भी जायजा लिया तथा बेहत साफसफाई प्रबंधन करने के निर्देश दिए। निगामायुक्त ने नगर निगम कार्यालय में आने आम नागरिको की सुविधाओ को दृष्टिगत रखते हुये निर्देश दिए कि नागरिको को एक ही जगह से समस्त जानकारी मिल सके इसके लिए हेल्पडेस्क स्थापित कराये। उनके बैठने के लिए पर्याप्त मात्रा कुर्सियो का प्रबंध भी करे ताकि कार्यालय में आने आम जन एक जगह आराम से बैठ सके। उन्होंने कार्यालय के कक्षो व शौचालय को साफसुथरा रखने की हिदायत दी तथा कार्यालय में आवश्यक कार्यों को लेकर आने वाले नागरिको के कार्यो को त्वरित गति से नष्पिदन करने के निर्देश अधिकारियो को दिये। निगमायुक्त के कार्यालय निरीक्षण के दौरान उपायुक्त आरपी बैस सहायक आयुक्त श्रीमती रूपाली द्विवेदी सहायक यंत्री संतोष पाण्डेय प्रवीण गोस्वामी उपयंत्री इन्द्रवेश यादव उपस्थित रहे।

## प्रतिभा योजनान्तर्गत आवेदन आमंत्रित

**रीवा।** अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों से प्रतिभा योजनान्तर्गत आवेदन 25 सितंबर तक आमंत्रित किये गये हैं। जिला संयोजक अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग ने बताया कि ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने वर्ष 2024-25 में निर्धारित पाठ्यक्रम में शासकीय संस्थाओं में प्रवेश लिया है तथा प्रतिभा योजना से वंचित रह गये हैं साथ ही वर्ष 2025-26 के लिये भी विद्यार्थी एमपी टास पोर्टल पर 25 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के पदाधिकारियों ने किया नवनियुक्त अध्यक्ष से मुलाकात



**जागरण, बैढ़न।** जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के पदाधिकारियों ने जिला अध्यक्ष सुदामा कुशवाहा के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी शहर सिंगरौली के नवनियुक्त अध्यक्ष प्रवीण सिंह चौहान से मुलाकात कर पिछड़ा वर्ग के गतिविधियों से अवगत कराया उक्त अवसर पर जिला कार्यालय में एक बैठक कर सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं का परिचय करवा कर अब तक के किए गए संगठनात्मक कार्यों से अवगत कराते हुए आगामी कार्यों की रूपरेखा के संबंध में विस्तार से जानकारी दिया । कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी शहर के अध्यक्ष प्रवीण सिंह चौहान ने सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दिया उन्होंने समस्त कार्यकर्ताओं से कहा कि कांग्रेस पार्टी ने पिछड़ा वर्ग के साथ साथ सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य किया था आज देश के अंदर सत्ता पार्टी द्वारा उनको उनके अधिकारों से वंचित किया जा रहा है पिछड़े वर्ग के साथियों को जो आरक्षण तत्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह ने तथा पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने दिया था आज देश की केंद्र सरकार तथा प्रदेश की मोहन सरकार उनको वास्तविक हक नहीं दे रही है । कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग विभाग के ब्लाक अध्यक्ष राजू शाह तथा देवेंद्र कुशवाहा का सम्मान शहर अध्यक्ष ने माला पहना कर किया कार्यक्रम को जिला कांग्रेस सेवादल सिंगरौली के अध्यक्ष रूपेश चन्द्र पाण्डेय ने संबोधित करते हुए कहा कि समाज की असली चिंता कांग्रेस पार्टी करती है उनके कल्याण की तमाम योजनाएं कांग्रेस सरकार के समय प्रारंभ की गई थी आज भाजपा सरकार ने बंद कर दिया है किसानों को खाद नहीं मिल रही है धान गेहूं के असली दाम नहीं दिया जा रहा है हर स्तर पर धोखा दिया जा रहा है। जिला पंचायत सदस्य संदीप शाह ने भी पिछड़े वर्ग के कल्याण के संबंध में पार्टी को मजबूत बनाने हेतु अपनी बात रखी। उक्त अवसर पर पिछड़े वर्ग के जिला पदाधिकारी ब्लाक अध्यक्ष सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सहायक आयुक्त ने किया बस स्टैण्ड सब्जी मंडी सार्वजनिक शौचालयों का औचक निरीक्षण

### सफाई कर्मियो को शहर की बेहतरीन साफ-सफाई करने के दिए निर्देश



**जागरण, बैढ़न।** नगर पालिक निगम सिंगरौली की सहायक आयुक्त व नोडल अधिकारी स्वच्छता श्रीमती रूपाली द्विवेदी ने आज अपने प्रातः भ्रमण में बस स्टैड बैढ़न में बने सुलभ शौचालय यात्री प्रतीक्षालय सब्जी मंडी औचक निरीक्षण कर साफ सफाई व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होने साफ सफाई को लेकर कमी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निदान करने के निर्देश देने के साथ ही कहा कि अगली बार साफ सफाई व्यवस्था में लापरवाही मिली तो संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। उन्होने सुलभ इंचार्ज एवं सफाई इंचार्ज को सफाई व्यवस्था हेतु निर्देशित किया। सहायक आयुक्त श्रीमती द्विवेदी ने शहरवासियों से साफ सफाई व्यवस्था को बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। उन्होने कहा कि यह सही है कि शहर की साफ सफाई व्यवस्था का कार्य निगम का है मगर नागरिको का भी कर्तव्य बनता है कि शहर की साफ सफाई व्यवस्था में अपना सहयोग दे। हर घर परिवार के लोग कम से कम अपने घर की पूर्ण जिम्मेदारी ले की कचड़ा खुले में नही फेकेंगे निगम द्वारा संचालित कचड़ा वाहन में ही सूखे एवं गीले कचरे को अलग अलग कर के देगे। उन्होने कहा कि यह शहर हमारा आपका अपना है आइए हम सभी मिलकर साफ सफाई व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने में एक अच्छे नागरिक होने का कर्तव्य निभाए। उन्हाने शहर की सड़को में आवारा घूम रहे पशुओ को पकड़कर गोशाला में छोड़ने के भी निर्देश दिए। इस दौरान नवजीवन विहार प्रभारी सन्तोष तिवारी अमरेश पाण्डेय अशोक त्रिपाठी रामशरण सीटाडेल इंचार्ज सुलभ इंचार्ज अविनाश सिंह सहित व्यापारी गण उपस्थित रहे।

## कक्षा 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन 23 सितंबर तक

**जागरण,रीवा।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय द्वारा कक्षा 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश परीक्षा के लिए विद्यार्थियों से ऑनलाइन आवेदन 23 सितंबर तक आमंत्रित किये गये हैं। शैक्षणिक सत्र वर्ष 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं और 11वीं में पार्श्व प्रवेश परीक्षा के माध्यम से रिक्त सीटों पर प्रवेश दिया जायेगा। इस संबंध में विद्यालय के प्राचार्य एनके तिवारी ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई से प्रारंभ हो चुका है। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 23 सितंबर है। विद्यार्थियों के चयन के लिए प्रवेश परीक्षा 7 फरवरी 2026 को आयोजित की जायेगी। कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए विद्यार्थी की जन्म तिथि एक मई 2011 से 31 जुलाई 2013 (दोनों तिथियाँ सम्मिलित) तथा कक्षा 11वीं में एक जून 2009 से 31 जुलाई 2011 (दोनों तिथियाँ सम्मिलित) के बीच होनी चाहिए।

# सिंगरौली जिला 85.5 प्रतिशत शिकायतों का संतुष्टि पूर्ण निराकरण कर प्रदेश में रहा टॉप पर

### सिंगरौली जिला ग्रुप में 84.66 अंक के साथ सीएम हेल्प लाइन के निराकरण पर प्रदेश स्तर पर रहा दूसरे स्थान पर

**जागरण, सिंगरौली।** सीएम हेल्पलाइन की जारी रैंकिंग में सिंगरौली जिले में माह जुलाई में प्राप्त कुल 7563 शिकायतों में से 6466 शिकायतें 85.50 प्रतिशत शिकायतों का निराकरण कर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिला कुल ग्रेडिंग पॉइंट 84.66 अंक के साथ ग्रुप में प्रदेश स्तर पर द्वितीय स्थान पर रहा। प्रदेश स्तर से जारी रैंकिंग में जिले के 11 विभागो टॉप 5 में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने में सफल रहे है। जिसमें वन विभाग अपने ग्रुप में प्रथम ,गृह विभाग, नगर निगम सिंगरौली, सहकारिता विभाग, श्रम विभाग अपने ग्रुप में द्वितीय स्थान में, रहे जारी रैंकिंग में राजस्व विभाग विभाग, किसान कल्याण विभाग तीसरा तथा सामाजिक न्याय, जल संसाधन, वन विभाग, खनिज विभाग, कुटीर ग्रामोद्योग विभाग 100 ग्रेडिंग अंक प्राप्त कर प्रदेश में पहले स्थान पर रहे है। इस उपंलब्धि पर कलेक्टर सिंगरौली श्री चन्द्र शेखर शुक्ला द्वारा अवगत कराया गया कि यह उपलब्धि लेवल एक एवं लेवल दो अधिकारियों द्वारा किये गए अथक परिश्रम का परिणाम है। इन अधिकारियों द्वारा शिकायतकर्ताओं समन्वय बनाकर उनके शिकायतो का निरकारण किया गया। उन्होने कहा कि 14.5 प्रतिशत शिकायतें संतुष्टि के साथ बंद नही हो पाई हैं कारण यह रहा है कि ऐसी शिकायतें नौकरी मांगें जाने की, बिना पात्रता के आर्थिक सहायता या पारिवारिक विवादों के चलते परिवार के सदस्यों में सामंजस्य न होने या पात्रता न होने पर भी योजनाओं के लाभ के लिए आवेदन करना रहा है। जिले के अधिकारीयों एवं कर्मचारियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए कलेक्टर ने अपेक्षा की है कि जिस तरह से विगत माहों एवं इस माह में संयुक्त प्रयास प्रदेश स्तर पर रैंकिंग में स्थान हासिल किया गया उसी प्रकार आगामी माहों में भी प्रदर्शन कर जिले के उत्कृष्ट प्रदर्शन को निरंतर रखने के तत्पर रहे।

# आरएलआई एनटीपीसी विन्ध्याचल को 16वें एलएंडडी अवॉर्ड्स में मिला सम्मान

**जागरण, शक्तिनगर।** रीजनल लर्निंग इंस्टीट्यूट आरएलआई विन्ध्याचल को 16वें लीडरशिप इंडिया समिट एंड अवॉर्ड्स में सर्वश्रेष्ठ नवोन्मेषी लर्निंग प्रैक्टिसेज अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह कार्यक्रम नई दिल्ली में आयोजित हुआ। इस गौरवपूर्ण अवसर पर राघवेंद्र प्रसाद अपर महाप्रबंधक आर एल आई ने यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त किया जो कि सम्पूर्ण स्टेशन के लिए गर्व का क्षण रहा। यह सम्मान आरएलआई विन्ध्याचल द्वारा किए गए अभिनव और प्रभावशाली लर्निंग पहलों को मान्यता देता है जिन्होंने न केवल एक नई मिसाल कायम की है बल्कि एनटीपीसी की निरंतर विकास और पेशेवर उत्कृष्टता की संस्कृति को भी सुदृढ़ किया है। इस उपलब्धि से संस्थान की प्रतिबद्धता और गुणवत्ता.प्रधान प्रशिक्षण दृष्टिकोण की पुष्टि होती है जिससे एनटीपीसी के कर्मचारियों के कौशल और दक्षता में निरंतर वृद्धि हो रही है।



# निगाही टीम विजेता, जयंत टीम बनी उपविजेता

### एनसीएल अंतरक्षेत्रीय शतरंज प्रतियोगिता 25-26 एनएससी में हुई सम्पन्न



**जागरण, सिंगरौली।** नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एनसीएल के एनएससी में तीन दिवसीय अंतर क्षेत्रीय शतरंज प्रतियोगिता 25-.26 सम्पन्न हुई द्य यह प्रतियोगिता में टीम चैंपियनशिप एवं एकल श्रेणियों में खेली गयी जिसमें एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों से 13 टीमों ने भाग लिया। अंतर क्षेत्रीय शतरंज प्रतियोगिता में 7 मैच खेले गए जिनमें 78 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में महाप्रबंधक मानव संसाधन/कल्याण एनसीएल राजेश त्रिवेदी सीएमएस एनएससी डॉ. पंकज कुमार कंपनी जेसीसी सदस्य सीएमएस से अजय कुमार आरसीएसएस से लाल पुष्पराज सिंह बीएमएस से अशोक मिश्रा एचएमएस से अशोक कुमार पाण्डेय परियोजना के विभागाध्यक्ष एनसीएल स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के सदस्य श्रमिक संघ के प्रतिनिधि तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे इस दौरान अपने उद्बोधन में राजेश त्रिवेदी ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ दीं एवं कहा कि एनसीएल द्वारा प्रतिवर्ष कर्मियों के सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न खेल कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता रहा है। साथ ही उन्होनें कहा कि शतरंज के खेल में भी प्रबंधन की तरह पूर्व नियोजन निरंतर मेहनत एवं त्वरित निर्णय लेना शामिल होता है एवं इस से खिलाड़ियों में रणनीतिक सोच निर्णय लेने की क्षमता में सुधार और रचनात्मकता का भी विकास होता है। टीम चैम्पियनशिप में निगाही टीम रही विजेता एवं जयंत टीम उपविजेता बनी अंतर क्षेत्रीय शतरंज प्रतियोगिता 25.-26 में टीम चैंपियनशिप में निगाही की टीम ने विजेता खिताब अपने नाम किया एवं जयंत की टीम उपविजेता बनी। इसके साथ ही एकल प्रतिस्पर्धा में निगाही से अंकित गुप्ता पहले स्थान पर एवं शैलेंद्र विश्वकर्मा दूसरे स्थान पर जयंत से आशुतोष मिश्रा तीसरे स्थान पर अमलोरी से अरुनेन्द्र अवधिया चौथे स्थान पर एवं निगाही से सुधाकर सिंह पांचवें स्थान पर रहे। गौरतलब है कि एनसीएल में वर्ष भर क्रिकेट लॉन टेनिस बैडमिंटन फुटबॉल कैरम शतरंज वॉलीबॉल एथलेटिक्स सहित अन्य खेलों में अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है जिससे कर्मियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य में बेहतरी के साथ ही उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास हो सके।

# कांग्रेस की शशिकला पाण्डेय से शहर अध्यक्ष ने किया सौजन्य मुलाकात

**जागरण, सिंगरौली।** कांग्रेस परिवार की पूर्व में ब्लाक अध्यक्ष रही वरिष्ठ नेता शशिकला पाण्डेय जी से आज जिला कांग्रेस कमेटी शहर सिंगरौली के अध्यक्ष प्रवीण सिंह चौहान तथा वरिष्ठ नेता पूर्व अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली पंडित रामअशोक शर्मा ने आज उनके निवास पर सौजन्य मुलाकात कर साल भेंटकर मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया तथा अपनी मूल कांग्रेस पार्टी में शामिल होने हेतु अनुरोध किया, उन्होंने कांग्रेस विचारधारा से पुनः पार्टी में शामिल होने की सहमति जताई तथा जल्दी ही मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी जी तथा मध्य प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मध्य प्रदेश विधान सभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष विधायक चुरहट अजय सिंह राहुल भैया के हाथों सदस्यता लेने हेतु आश्वस्त किया। उक्त अवसर पर वरिष्ठ नेता पूर्व अध्यक्ष अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली पंडित रामअशोक शर्मा जी जिला कांग्रेस सेवादल सिंगरौली के अध्यक्ष रूपेश चन्द्र पाण्डेय युवा नेता राणा प्रताप सिंह उपस्थित रहे।



# यो यो नहीं, क्रिकेटरों के लिए ब्रोंको टेस्ट अनिवार्य

## बीसीसीआई रग्बी से प्रेरित होकर लेगा कठिन परीक्षा, स्टैमिना पर फोकस, तेज गेंदबाजों की बढ़ेगी मुश्किल



जेएनएन, नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट में फिटनेस को लेकर एक बड़ा बदलाव किया गया है। अब ब्रोंको टेस्ट तेज गेंदबाजों के लिए अनिवार्य फिटनेस पैमाना बनेगा। यह पहल भारतीय टीम के स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच एड्रियन ले रूक्स के सुझाव पर लागू की गई है। हाल फिलहाल में देखा गया है कि भारतीय तेज गेंदबाज लंबे समय तक चोट से जूझते रहे हैं। इस साल आईपीएल से पहले तक कई मुख्य तेज गेंदबाज चोटिल थे। रिपोर्ट के मुताबिक, अब उनके स्टैमिना को बढ़ाने और उन्हें लंबे समय तक फिट रखने के लिए यह टेस्ट अनिवार्य किया गया है। कुछ खिलाड़ी बेंगलुरु जाकर इसका टेस्ट भी दे चुके हैं। भविष्य में यह भारतीय क्रिकेटरों की फिटनेस का कड़ा मानक साबित होगा। यह बदलाव भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण को और धारदार बनाएगा और टीम को लंबी सीरीजों में बढ़त दिलाने में मदद करेगा।

### ब्रोंको टेस्ट क्या है?

यह टेस्ट रग्बी से लिया गया है और खिलाड़ियों की एरोबिक क्षमता और रनिंग स्टैमिना को जांचने के लिए बनाया गया है। इसमें खिलाड़ी को एक सेट में 20 मीटर, 40 मीटर और 60 मीटर की शटल रन पूरी करनी होती है। कुल पांच सेट (1200 मीटर) लगातार यानी बिना रुके पूरे करने होते हैं और इसके लिए अधिकतम समय छह मिनट तय है। यह टेस्ट पहले से मौजूद यो-यो टेस्ट और दो किलोमीटर टाइम-ट्रायल के साथ मिलकर खिलाड़ियों की फिटनेस का मूल्यांकन करेगा।

### क्यों लाया गया यह टेस्ट?

हाल ही में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में भारतीय गेंदबाजों की फिटनेस चिंता का विषय रही थी। केवल मोहम्मद सिराज ऐसे गेंदबाज थे, जिन्होंने सभी मैच खेले। जसप्रीत बुमराह और आकाश दीप को आराम देना पड़ा था। अर्शदीप सिंह भी अभ्यास सत्र के दौरान चोटिल हुए थे। वहीं, बुमराह दौरे पर अपने तीसरे टेस्ट के दौरान धीमे भी हो गए थे। उनकी गति नीचे आ गई थी। ऐसे में कोचिंग स्टाफ का मानना है कि खिलाड़ी जिम में ज्यादा समय बिता रहे हैं, जबकि असली चुनौती मैदान पर लगातार दौड़ने और पारी दर पारी गेंदबाजी करने की है। इस टेस्ट से यह सुनिश्चित होगा कि तेज गेंदबाज लंबे स्पेल तक थकान झेले बिना अपनी गेंदबाजी की गति बनाए रख सकें।

### बढ़ा हुआ रनिंग फोकस जरूरी

ले रूक्स का मानना है कि तेज गेंदबाजी केवल ताकत पर नहीं, बल्कि स्टैमिना और एरोबिक एंड्योरेंस पर आधारित होती है। ब्रोंको टेस्ट की डिजाइन खिलाड़ियों को बार-बार स्प्रिंट करने और तुरंत रिकवरी की क्षमता विकसित करने में मदद करती है। यह खेल के दबाव में भी गेंदबाज को ऊर्जा स्तर बनाए रखने में सहायक होगा। ले रूक्स जून में भारतीय टीम से स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच के रूप में जुड़े। वह जनवरी 2002 से मई 2003 तक भी भारतीय टीम के साथ इसी पद पर काम कर चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका और आईपीएल टीमों कोलकाता नाइटराइडर्स तथा पंजाब किंग्स के साथ भी काम किया है।

### यो-यो टेस्ट से कितना अलग

अब तक भारतीय टीम की फिटनेस जांच के लिए यो-यो टेस्ट को अहम माना जाता था। इसमें खिलाड़ियों को 20-20 मीटर की दूरी पर रखे गए मार्कर्स के बीच लगातार दौड़ना होता है। हर 40 मीटर दौड़ के बाद 10 सेकंड का ब्रेक मिलता है, और धीरे-धीरे गति बढ़ती जाती है। भारतीय टीम के लिए न्यूनतम स्तर 17.1 तय किया गया था। लेकिन अब ब्रोंको टेस्ट के आने से फोकस केवल स्पीड या चुस्ती पर नहीं बल्कि खिलाड़ियों की लंबी दूरी तक दौड़ने की क्षमता और सहनशक्ति पर होगा। खासकर तेज गेंदबाजों के लिए यह और भी मुश्किल साबित हो सकता है, क्योंकि उन्हें मैच में लंबे स्पेल तक निरंतर तेज दौड़ के साथ गेंदबाजी करनी पड़ती है। यो-यो टेस्ट जहां स्प्रिंट फिटनेस नापता था, वहीं ब्रोंको टेस्ट खिलाड़ियों की मैदान पर टिके रहने और लंबी दूरी तक रनिंग क्षमता की परीक्षा लेगा।

### दो किमी टाइम-ट्रायल क्या है?

ब्रोंको टेस्ट से पहले खिलाड़ियों को दो किलोमीटर की दौड़ का टाइम-ट्रायल देना होता था। तेज गेंदबाजों के लिए तय बेंचमार्क है: आठ मिनट 15 सेकंड। वहीं, बल्लेबाजों, विकेटकीपरों और स्पिनरों के लिए बेंचमार्क है: 8 मिनट 30 सेकंड। यानी इस समय सीमा के भीतर दो किमी दौड़ पूरी करना ही टेस्ट पास करने की शर्त है।

## खेल एक नजर

### अजय सिंह फिर बने भारतीय मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष

**गुरुग्राम, जेएनएन।** निवर्तमान अजय सिंह गुरुवार को लगातार तीसरी बार भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के अध्यक्ष बन गए, जिन्होंने लंबे इंतजार के बाद हुए चुनाव में जसलाल प्रधान को हराया। कानूनी लड़ाई के बीच छह महीने से अधिक समय से स्थगित हुए ये चुनाव निर्वाचन अधिकारी राजेश टंडन और बीएफआई की अंतरिम समिति के प्रमुख सिंगापुर के फैरूज मोहम्मद की मौजूदगी में हुए, जिन्हें विश्व मुक्केबाजी ने पर्यवेक्षक के तौर पर भेजा था। विश्व मुक्केबाजी के अध्यक्ष बोरिस वान डेर वोर्स्ट और महासचिव माइक मैकएटी चुनाव में पर्यवेक्षक होने थे, लेकिन उन्होंने इसमें भाग नहीं लिया। खेल मंत्रालय और भारतीय ओलंपिक संघ ने भी कोई पर्यवेक्षक नहीं भेजा। स्पाइसजेट एयरलाइंस के प्रबंध निदेशक सिंह ने चुनाव 40-26 से जीता। महासंघ के नए महासचिव उत्तर प्रदेश के प्रमोद कुमार होंगे, जिन्होंने असम के हेमंता कलीता की जगह ली।

### शतरंज: गुकेश-प्रज्ञाननंदा ने अपनी अपनी बाजियां ड्रॉ खेली

**सेंट लुई (अमेरिका), जेएनएन।** विश्व चैंपियन डी गुकेश को सिंकफील्ड कप शतरंज टूर्नामेंट के तीसरे दौर में अमेरिका के वाइल्ड कार्डधारी सैमुअल सेवियन ने ड्रॉ पर रोका, जबकि उनके साथी भारतीय खिलाड़ी आर प्रज्ञाननंदा ने भी उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से अंक बांटे। प्रज्ञाननंदा ने लगातार दूसरी बाजी ड्रॉ खेली, लेकिन इसके बावजूद वह अमेरिका के फैबियानो कारुआना और अर्मेनियाई से अमेरिकी बने लेवोन अरोनियन के साथ संयुक्त बढ़त बनाए हुए हैं। दिन की एकमात्र निर्णायक बाजी में कारुआना ने फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा को टूर्नामेंट में पहली हार का स्वाद चखाया। अरोनियन को फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव ने ड्रॉ पर रोका, जबकि एक अन्य अमेरिकी वेस्ली सो ने पोलैंड के डूडा जान-क्रिज्सटॉफ के साथ अंक बांटे। इस 3,75,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में अभी छह राउंड खेले जाने बाकी हैं। अभी प्रज्ञाननंदा, अरोनियन और कारुआना दो-दो अंकों के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं। उनके बाद वेस्ली, फिरोजा, वाचियर-लाग्रेव, सेवियन और गुकेश का नंबर आता है जो उनसे आधा अंक पीछे हैं।

### नेशंस कप के लिए 35 में से 25 संभावित खिलाड़ी ले रहे ट्रेनिंग

**बेंगलुरु, जेएनएन।** मोहन बागान सुपर जाएंट्स ने अपने खिलाड़ियों को रिलीज करने से इनकार कर दिया है, जिसके बाद भारत के नवनियुक्त मुख्य कोच खालिद जमील के पास ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान में होने वाले सीएएफए नेशंस कप से पहले राष्ट्रीय शिविर के लिए बुलाए गए 35 में से 25 खिलाड़ी ही बचे हैं। यह शिविर 16 अगस्त को 22 खिलाड़ियों के साथ शुरू हुआ था, लेकिन छह दिन के बाद भी 11 खिलाड़ी इसमें शामिल नहीं हुए हैं। कुछ दिन पहले तीन खिलाड़ी शामिल हुए थे, लेकिन इनमें से एक मूल 35 खिलाड़ियों में शामिल नहीं है। भारत अपने पहले मैच में 29 अगस्त को हिसोर में सह मेजबान ताजिकिस्तान से भिड़ेगा। मोहन बागान सुपर जाएंट्स ने अपने सात खिलाड़ियों अनिरुद्ध थापा, दीपक टांगरी, लालेंगमाविया राल्टे, लिस्टन कोलाको, मनवीर सिंह, सहल अब्दुल समद, विशाल कैथ को इस आधार पर रिलीज नहीं किया है।

## मैदान से हटकर

### अंग्रेजी गर्लफ्रेंड ने धवन का हिंदी गाने से किया वेलकम





भारतीय टीम के पूर्व स्टार क्रिकेटर शिखर धवन अपनी नई गर्लफ्रेंड सोफी शाइन को लेकर इन दिनों काफी चर्चा में हैं। इस सलामी बल्लेबाज का सोफी के साथ एक वीडियो सामने आया है।

इसमें सोफी अपने ब्वॉयफ्रेंड धवन के लिए हिंदी गाना गाकर वेलकम करती हैं। आयरलैंड की रहने वाली सोफी को हिंदी गाना गाते देखकर धवन फूले नहीं समाते हैं और वह अपनी गर्लफ्रेंड को प्यार से गले लगा लेते हैं। सोफी ने इंस्टाग्राम पर इस वीडियो को शेयर किया, जो काफी वायरल हो गया। धवन के चाहने वाले इस वीडियो पर अपनी-अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। इस वीडियो में दिखाया गया है कि जब धवन बाहर आते हैं उसके बाद सोफी दरवाजा खोलने जाती हैं। धवन ने घर के अंदर एंट्री करते ही सोफी से पूछते हैं कि हे बेबी, कैसी हो तुम? इसपर सोफी गाना गाने लगती हैं, 'मेरा पिया घर आया, ओ राम जी' सोफी के हिंदी गाना गाते धवन ने खुशी से अपनी गर्लफ्रेंड का गले से लगा लेते हैं। सोफी और धवन के इस वीडियो पर विकेटकीपर रिषभ पंत ने भी रिएक्ट किया है। पंत ने दो हंसते हुए इमोजी बनाया है। वहीं एक यूजर ने लिखा कि लगता है भैया इसको हिंदी सिखा देगा। वहीं दूसरे यूजर ने लिखा कि भैया भाभी की कोई छोटी बहन है क्या? वहीं एक अन्य यूजर ने लिखा कि दूसरी पारी में शिखर पहले से ही अच्छा खेलता है। सोफी शाइन अबुधाबी में नॉर्दर्न ट्रस्ट कॉरपोरेशन में एक वरिष्ठ पद पर हैं। (जेएनएन)

# रणजी ट्रॉफी से पहले रहाणे ने छोड़ी मुंबई की कप्तानी

## कहा-कमान किसी नए लीडर को देने का यही सही समय



" मुंबई टीम की कप्तानी करना और चैंपियनशिप जीतना मेरे लिए सम्मान की बात है। आगे नए घरेलू सत्र को देखते हुए मेरा मानना है कि नए कप्तान को तैयार करने का यह सही समय है और इसलिए मैंने कप्तानी छोड़ने का फैसला किया है। मैं एक खिलाड़ी के रूप में अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं और एमसीए (मुंबई क्रिकेट संघ) के साथ अपना सफर जारी रखूंगा, ताकि हमें और अधिक ट्रॉफी जीतने में मदद मिल सके।

■ अजिंक्य रहाणे

**मुंबई, जेएनएन।** अनुभवी भारतीय बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने आगामी रणजी ट्रॉफी सत्र से पहले गुरुवार को मुंबई के कप्तान पद से इस्तीफा दे दिया और कहा कि यह नया नेतृत्वकर्ता तैयार करने का सही समय है। यह 37 साल का खिलाड़ी हालांकि एक बल्लेबाज के रूप में टीम में बना रहेगा। रहाणे ने अभी तक प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 201 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 14000 से अधिक रन बनाए हैं। रणजी सत्र 15 अक्टूबर से शुरू हो रहा है और मुंबई की टीम अपने पहले मैच में जम्मू-कश्मीर से भिड़ेगी। रहाणे की कप्तानी में मुंबई ने 2023-24 के सत्र में फाइनल में विदर्भ को हराकर रणजी ट्रॉफी का खिताब जीता। उनकी कप्तानी में मुंबई ने ईरानी कप और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी भी जीती थी। रहाणे की कप्तानी में भारत ने 2021 में ऑस्ट्रेलिया में ऐतिहासिक टेस्ट सीरीज जीती थी, लेकिन अब राष्ट्रीय चयनकर्ताओं की उनमें कोई दिलचस्पी नहीं है। इसके बावजूद यह स्टार बल्लेबाज राष्ट्रीय टीम में वापसी करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने भारत के लिए 85 टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें आखिरी टेस्ट जुलाई 2023 में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला था। उन्होंने 90 वनडे और 20 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भी देश का प्रतिनिधित्व किया है।

# इरानी-वावसोरी लगातार दूसरी बार यूएस ओपन मिश्रित युगल चैंपियन

## फाइनल में स्वियातेक और रूड को 6-3, 5-7 (10-6) से हराया





**न्यूयॉर्क, जेएनएन।** सारा इरानी और एंड्रिया वावसोरी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बुधवार रात को खेले गए एक कड़े फाइनल में जीत दर्ज करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपना मिश्रित युगल खिताब बरकरार रखा। इटली की इस जोड़ी ने फाइनल में इगा स्वियातेक और कैस्पर रूड को 6-3, 5-7 (10-6) से हराया। इस तरह से उन्होंने दो दिनों में चार मैच जीतकर 10 लाख डॉलर की इनामी राशि हासिल की, जो पिछले साल उन्हें मिली पुरस्कार राशि से कहीं अधिक है। इरानी और वावसोरी उन कई खिलाड़ियों में शामिल थे, जिन्होंने पहले इस नए प्रारूप की आलोचना की थी, लेकिन चैंपियन बनने के बाद उनके चेहरे पर मुस्कान थी और उन्होंने दर्शकों का भी आभार व्यक्त किया। इटालियन टीम ने फाइनल तक एक भी सेट गंवाए बिना अपने न्यूयॉर्क खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। मंगलवार को लुई आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में दो सीधे सेटों में जीत के बाद, उन्होंने गुरुवार को आर्थर ऐश स्टेडियम में दो और जीत के साथ अपना अभियान जारी रखा। इस साल की शुरुआत में, उन्होंने रोलांड गैरोस में मिश्रित युगल का खिताब भी जीता था। इसके विपरीत, अमेरिकी टीम को प्रतियोगिता शुरू होने से ठीक पहले खेलने के लिए चुना गया था। इससे पहले स्वियातेक और रूड की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने पहले सेमीफाइनल में टाईब्रेकर में शीर्ष वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला और जैक ड्रैपर को 3-5, 5-3, 10-8 से हराया। इसके बाद दूसरे सेमीफाइनल में इरानी और वावसोरी ने डेनियल कोलिन्स और क्रिश्चियन हैरिसन को 4-2, 4-2 से पराजित किया। अमेरिकी ओपन में एकल मुकाबले 24 अगस्त से शुरू होंगे।

# भारत-ए ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दिन 93 रन पर 5 विकेट गंवाए

**ब्रिसबेन, जेएनएन।** भारत की विश्व कप टीम में जगह बनाने में नाकाम रही शेफाली वर्मा ने 38 गेंद में 35 रन की पारी खेली, लेकिन इसके बावजूद भारत ए ने गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ अनौपचारिक महिला क्रिकेट टेस्ट के वर्षा से प्रभावित पहले दिन 93 रन तक पांच विकेट गंवा दिए। शेफाली ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए आठ चौके जड़े। भारत ने टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। नंदिनी कश्यप और धारा गुर्जर खाता खोलने में नाकाम रहे, जिससे शुरुआती दो ओवर में भारत का स्कोर दो विकेट पर छह रन हो गया। दोनों विकेट जॉर्जिया प्रेस्टविज (25 रन पर तीन विकेट) ने चटकाए। तेजल हस्बनिस (09) भी अधिक देर नहीं टिक सकीं। उन्हें सियाना जिंगर ने आउट किया, जबकि इससे पहले जॉर्जिया ने 11वें ओवर में शेफाली को बोल्ड किया। राघवी बिष्ट (नाबाद 26) और तनुश्री सरकार (13) ने कुछ देर के लिए विकेटों का पतन रोका। मेटलन ब्राउन ने 72 रन के स्कोर पर तनुश्री को आउट करके भारत को पांचवां झटका दिया। बारिश के कारण पहले दिन सिर्फ 23.2 ओवर का खेल हो पाया।

**अनौपचारिक टेस्ट : बारिश के कारण पहले दिन सिर्फ 23.2 ओवर का खेल**

# इंग्लैंड की वनडे वर्ल्ड कप टीम में हीदर नाइट को मिली जगह



**टीम इस प्रकार है:** नैट स्किवर-ब्रंट (कप्तान), एम अर्लोट, टैमी ब्यूमोंट, लॉरेन बेल, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, सोफी एकलेस्टोन, लॉरेन फाइलर, सारा ग्लेन, एमी जोन्स, हीथर नाइट, ऐमा लैम्ब, लिन्सी स्मिथ, डैनी व्याट-हॉज।

**लंदन, जेएनएन।** पूर्व कप्तान हीथर नाइट को आगामी आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के लिए गुरुवार को इंग्लैंड की 15 सदस्यीय टीम में जगह मिली, जबकि भारत के खिलाफ हाल में हुई सीरीज से बाहर रहने के बाद साराह ग्लेन और डेनी व्याट-हॉज की भी टीम में वापसी हुई है। दाएं पैर की मांसपेशियों में टेंडन की चोट के कारण पिछले कुछ महीनों तक बाहर रहने के बाद नाइट ने टीम में वापसी की है। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के अनुसार नाइट को टीम में शामिल किया गया है, लेकिन उनकी चोट से उबरने की प्रक्रिया जारी है और उन्हें 30 सितंबर से दो नवंबर तक होने वाले टूर्नामेंट के लिए पूरी तरह फिट होने की उम्मीद है। टीम में शामिल चार विशेषज्ञों स्पिनरों में से ग्लेन एक हैं।

# वर्ल्ड चैंपियनशिप से पहले होगा सभी महिला मुक्केबाजों का लिंग परीक्षण

**लॉस एंजिलिस, जेएनएन।** ओलंपिक शैली की मुक्केबाजी की नियामक संस्था वर्ल्ड बॉक्सिंग अगले महीने होने वाली विश्व चैंपियनशिप में महिला वर्ग में प्रतिस्पर्धा करने वाली सभी मुक्केबाजों के लिए लिंग परीक्षण अनिवार्य करेगी। वर्ल्ड बॉक्सिंग (विश्व मुक्केबाजी) ने पहले ही अपनी योजना की घोषणा कर दी है, जिसके तहत प्रतियोगियों को जन्म के समय के लिंग का निर्धारण करने के लिए पॉलीमरेज चेन रिएक्शन टेस्ट या उसी तरह के आनुवंशिक स्क्रीनिंग टेस्ट से गुजरना होगा। वर्ल्ड बॉक्सिंग ने बुधवार को घोषणा की है कि ये नियम सितंबर की शुरुआत में इंग्लैंड के लिवरपूल में होने वाली विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप से पहले लागू किए जाएंगे। इन परीक्षण से जैविक लिंग के सूचक के रूप में वाई गुणसूत्र की उपस्थिति या अनुपस्थिति की पहचान की जाती है। वर्ल्ड बॉक्सिंग के अध्यक्ष बोरिस वान डेर वोर्स्ट ने कहा, विश्व मुक्केबाजी सभी खिलाड़ियों की गरिमा का सम्मान करती है और यह सुनिश्चित करने की कोशिश करती है कि यह यथासंभव समावेशी हो। उन्होंने कहा, फिर भी मुक्केबाजी जैसे खेल में, सुरक्षा और प्रतिस्पर्धात्मक निष्पक्षता सुनिश्चित करना हमारा कर्तव्य है और इसलिए यह नियम बनाया गया है।

# एशिया कप : भारतीय हॉकी टीम की अगुआई करेंगी सलीमा टेटे

## पांच सितंबर से हांगझोउ में टूर्नामेंट, भारत पूल-बी में



**नई दिल्ली, जेएनएन।** अनुभवी मिडफील्डर सलीमा टेटे को चीन के हांगझोउ में पांच से 14 सितंबर तक होने वाले एशिया कप के लिए 20 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान बरकरार रखा गया। टूर्नामेंट का विजेता 2026 महिला हॉकी विश्व कप के लिए क्वालिफाई करेगा। भारत को पूल-बी में रखा गया है, जहां उसका सामना जापान, थाईलैंड और सिंगापुर से होगा। टीम अभियान की शुरुआत पांच सितंबर को थाईलैंड के खिलाफ करेगी और फिर छह सितंबर को जापान से भिड़ेगी। भारत अपना अंतिम पूल मैच आठ सितंबर को सिंगापुर के खिलाफ खेलेगा।

### भारतीय टीम

**गोलकीपर:** बंसारी सोलंकी, बिचु देवी खारीबाम
**डिफेंडर:** मनीषा चौहान, उदिता, ज्योति, सुमन देवी थोडम, निक्की प्रधान, इशिका चौधरी
**मिडफील्डर:** नेहा, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सलीमा टेटे, शर्मिला देवी, लालरेमसियामी, सुनेलिटा टोप्पो
**फारवर्ड:** नवनीत कौर, रुतजा दादासो पिसल, ब्यूटी डुंगडुंग, मुमताज खान, दीपिका और संगीता कुमारी।

# एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में मप्र की मानसी ने स्वर्ण पर साधा निशाना, ज्योतिरादित्य ने जीता कांस्य

**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश राज्य निशानेबाजी अकादमी की खिलाड़ी मानसी रघुवंशी ने गुरुवार को 16वीं एशियाई चैंपियनशिप की महिला जूनियर शॉटगन स्कीट स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जबकि ज्योतिरादित्य सिंह सिसोदिया ने जूनियर पुरुष स्कीट फाइनल में कांस्य पदक जीता। यह चैंपियनशिप 30 अगस्त तक कजाखस्तान के शिमकेंट शहर में आयोजित की जा रही है। शॉटगन स्कीट स्पर्धा में यशस्वी राठौर ने रजत पदक जीता। मानसी फाइनल में 53 अंक बनाकर चैंपियन बनीं, जबकि यशस्वी ने 52 अंक बनाकर कजाखस्तान की लिडिया बशारोवा (40) को पछाड़कर दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं पुरुष वर्ग में भारत के हरमेहर सिंह लाली ने 53 अंक से रजत पदक जीता, जबकि ज्योतिरादित्य ने 43 अंक से कांस्य पदक प्राप्त किया। कजाखस्तान के आर्टयोम सेडेलनिकोव ने स्वर्ण पदक हासिल किया। इस चैंपियनशिप में एशिया महाद्वीप के 27 देशों के 748 शूटिंग खिलाड़ी प्रतिभागिता कर रहे है।



ज्योतिरादित्य सिंह



स्वर्ण पदक विजेता मानसी

# अभिनव साव को स्वर्ण, भारत ने शीर्ष स्थान मजबूत किया



**शिमकेंट (कजाखस्तान), जेएनएन।** भारतीय निशानेबाजों ने 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप के चौथे दिन दांव पर लगे पांच में से चार स्वर्ण पदक जीतकर दबदबा कायम किया, जिससे देश के पदकों की संख्या 26 हो गई। भारत ने अब तक 14 स्वर्ण, छह रजत और इतने ही कांस्य पदक जीतकर शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। अभिनव साव ने भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतने की शुरुआत की। उन्होंने पहले नारायण प्रणव (631.1 अंक से तीसरे स्थान पर) और हिमांशु (630.9 अंक से चौथे स्थान पर) के साथ क्वालिफिकेशन में 628.1 अंक हासिल कर फाइनल में जगह पक्की करने के अलावा यह भी सुनिश्चित किया कि भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतने के साथ तीनों का 1890.1 अंक का स्कोर एशियाई और जूनियर विश्व रिकॉर्ड दोनों ही बने।

# 29 को खेल दिवस पर तीन दिवसीय कार्यक्रम

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत की ओलंपिक 2036 की मेजबानी की आकांक्षा को ध्यान में रखते हुए खेल मंत्रालय इस साल 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस पर देश भर में तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन करेगा, जिसमें नागरिकों को एक घंटा खेल के मैदान पर देने के लिए प्रेरित किया जाएगा। महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि जब भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी की दिशा में आगे बढ़ रहा है, तो अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति को यह दिखाना जरूरी है कि देश में खेल अब जन आंदोलन का रूप ले रहा है।

### राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक 28 अगस्त को

**सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में 28 अगस्त को प्रातः 11 बजे संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन सतना के सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई है। जिसमें सिविल केस ई-कोर्ट, वन राजस्व भूमि एवं सीमा विवाद, आरसीएमएस के लंबित प्रकरण, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, साइबर तहसील, सीएम हेल्पलाइन, राजस्व वसूली आदि सर्वेयरों का भुगतान की समीक्षा की जायेगी।

### आकांक्षी ब्लॉक मझगवां के लिए कलेक्टर सम्मानित

**सतना।** नीति आयोग के सम्पूर्णता अभियान के तहत सतना जिले के आकांक्षी ब्लाक मझगवां को पुरुस्कृत होने पर सतना जिले के तत्कालीन कलेक्टर अनुराग वर्मा और वर्तमान कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया है। कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस की ओर से यह सम्मान भोपाल में सीईओ जिला पंचायत संजना जैन ने प्राप्त किया।

# किशोरी के साथ दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

## बहला फुसला कर भागा ले गया था आरोपी, लुधियान से किशोरी को पुलिस ने किया बरामद



**जागरण सतना**

दो माह पूर्व एक किशोरी को बहला फुसलाकर घर से भगा ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इतना ही नही किशोरी को मैहर पुलिस ने लुधियाना से बरामद किया है। यह कार्यवाही एसपी मैहर सुधीर अग्रवाल के निर्देश एवं अमरपाटन थाना प्रभारी अभिषेक सिंह परिहार और उनकी टीम द्वारा की गई है।

### ये है विवरण

26 मई को फरियादी द्वारा थाना अमरपाटन में अपनी नाबालिग पुत्री को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई गई । रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 137(2) बीएनएस कायम कर विवेचना मे लिया गया । दौरान विवेचना तकनीकी साक्ष्यों की मदद से अपहृता को लुधियाना पंजाब से दस्तयाब किया गया । किशोरी ने पूछताछ पर ग्राम जुड़वानी जिला मैहर के 27 वर्षीय युवक पुरूषोत्तम दास पिता रमाकान्त द्वारा बहलाफुसलाकर घर से भगा ले जाना व शादी का प्रलोभन देकर गलत काम करना बताया। जिससे पूर्व से पंजीबद्ध प्रकरण में पॉक्सो एव बीएनएस की विभिन्न धाराओं का इजाफा कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया । सराहनीय भूमिका. निरी अभिषेक सिंह परिहार, उनि सुशील कुमार तिवारी , उनि शिव बालक वर्मा , सउनि कौशिल्या देवी , प्रआर विजय शर्मा , म.आर राजेश्वरी पाण्डेय, आर.संदीप सिंह परिहार, सुशील द्विवेदी की सराहनीय भूमिका रही।

## वनाधिकार संबंधी दावों पर चर्चा

**सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस और वन मंडलाधिकारी मयंक चांदीवाल ने गुरूवार को जिला स्तरीय बैठक लेकर सतना जिले की मझगवां, नागौद (उचेहरा) रघुराजनगर सहित सभी तहसीलों में ग्राम स्तरीय वन समितियों द्वारा निराकृत और लंबित दावों की ग्राम वन समितिवार समीक्षा की। वन मंडलाधिकारी मयंक चांदीवाल ने बताया कि वन विभाग की वृक्षारोपण की कार्ययोजना के तहत वन परिक्षेत्रों में आगामी प्लांटेशन की तैयारी की जानी है। शासन के निर्देशानुसार वन विभाग की कार्ययोजना के शामिल क्षेत्रों में कुछ पांइट ऐसे भी हो सकते है। जहां ग्राम वन अधिकार समितियों के पास वनाधिकार के दावे के प्रकरण लंबित हो। वन मंडलाधिकारी ने कहा कि चयनित क्षेत्र के स्थलों पर ग्राम वन अधिकार समितियों द्वारा 15 सितंबर तक ऐसे भी सभी लंबित दावों का निराकरण कर जिला स्तरीय वन अधिकार समिति से अनुमोदन प्राप्त कर लिया जाये। इस मौके पर अपर कलेक्टर विकास सिंह, एसडीएम नागौद जीतेन्द्र वर्मा, उचेहरा सोमेश द्विवेदी, रामपुर बघेलान आरएन खरे, रघुराजनगर ग्रामीण एलआर जांगडे, एसडीओ फारेस्ट, जिला संयोजक अरूण शुक्ला, रेंजर तथा ग्राम पंचायतों के पटवारी, ग्राम सचिव, रोजगार सहायक उपस्थित थे।

# झाड़ फूंक के नाम पर महिला से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने दबोचा

## न्यायालय ने भेजा जेल, अमरपाटन पुलिस की कार्यवाही



**जागरण सतना।** झाड़ फूंक के नाम पर महिला के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेजा गया है। यह कार्यवाही एसपी सुधीर अग्रवाल के निर्देश पर अमरपाटन थाना प्रभारी अभिषेक सिंह परिहार द्वारा की गई है। ताला निवासी एक महिला द्वारा थाना अमरपाटन में दिनांक 19 अगस्त 25 को रिपोर्ट की गई कि वह बीमारी के चलते अपने पति के साथ ग्राम गोरा मे एक व्यक्ती के पास झाड फूक कराने गई थी। महिला का पति बाहर था। आरोपी द्वारा महिला के साथ झाड़ फूंक के नाम पर गलत कृत्य किया गया। साथ ही इस संबंध में किसी को कुछ भी बताने पर देवीय प्रकोप के कारण पति व बच्चों की मृत्यु कारित होने का भय दिखाया गया, इसके बाद आरोपी लगातार फोन के माध्यम से महिला को परेशान करने लगा जिसके बाद महिला ने अपने पति को सारी घटना की जानकारी दी और थाना अमरपाटन में घटना की रिर्पोट लेख कराई। मामला गंभीर प्रकृति का होने से पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर अग्रवाल के द्वारा आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु इंचार्ज थाना प्रभारी अमरपाटन निरीक्षक अभिषेक सिंह परिहार को निर्देशित किया गया। अमरपाटन पुलिस के द्वारा तत्परता पूर्वक कार्यवाही करते हुए आरोपी अनिल दाहिया पिता रामबली दाहिया उम्र 55 वर्ष नि गोरा थाना अमरपाटन जिला मैहर को 24 घंटे के अन्दर गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

# मूर्ति खंडित करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

## मैहर टीआई ने की कार्यवाही



**जागरण सतना।** मैहर थाना क्षेत्र के अंतर्गत भगवान नंदी की मूर्ति खंडित करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हे जेल भेजा गया है यह कार्यवाही एसपी सुधीर अग्रवाल के निर्देश पर मैहर टीआई अनिमेश द्विवेदी द्वारा की गई है। 18 अगस्त को संकुटा तालाब के किनारे बने शिव मंदिर में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा नंदी भगवान की मूर्ति खंडित की गई थी जिसमें कोतवाली पुलिस के द्वारा बीएनएस की विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल द्वारा अज्ञात आरोपियों की तलाश एव शीघ्र गिरफ्तारी हेतु थाना प्रभारी मैहर निरीक्षक अनिमेष द्विवेदी के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम के द्वारा तत्परता पूर्वक कार्यवाही करते हुए घटना स्थल के आसपास रहने वाले लोगों से पूछताछ के आधार पर 18 अगस्त को आरोपी मो इसराइल उर्फ इस्सी पिता शेख नत्थू 36 वर्ष निवासी चिकान मोहल्ला मैहर को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की जिसके द्वारा अपने साथी नावेद अहमद के साथ संकुटा तालाब के पास बैठकर शराब पीना एव नशे में नंदी भगवान की मूर्ति खंडित करना बताया। आरोपी मो इसराइल उर्फ इस्सी को दिनांक 18 अगस्त 25 को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। अन्य फरार आरोपी नावेद पिता जुबेर अहमद उम्र 23 साल निवासी पुरानी बस्ती मैहर को 21 अगस्त को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है।

# घर में खाद का भंडारण मिला समिति प्रबंधक निलंबित

**सतना।** बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था समिति मर्यादित वर्ती के सहायक समिति प्रबंधक पुष्पराज अग्निहोत्री को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। समिति प्रबंधक के विरूद्ध सोशल मीडिया में रासायनिक उर्वरक अपने घर में रखे जाने का वीडियो वायरल हुआ था। जिसकी जांच शाखा प्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा मर्यादित रामपुर बघेलान द्वारा की गई। प्रतिवेदन में उल्लेखित किया गया है कि पुष्पराज अग्निहोत्री प्रभारी सहायक समिति प्रबंधक द्वारा संस्था की खाद घर में रखकर वितरण किया गया। समिति प्रबंधक का यह कृत्य संस्था में प्रचलित पैक्स सेवा नियम के अंतर्गत गंभीर दुराचार की श्रेणी में आता है। इस कृत्य से सहकारी निरीक्षक एवं प्रशासक बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था समिति मर्यादित वर्ती के सहायक समिति प्रबंधक पुष्पराज अग्निहोत्री को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में जीवन निर्वाह भत्ते के रूप में आधे वेतन की पात्रता होगी। इनका मुख्यालय बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था समिति मर्यादित वर्ती रहेगा।

**समिति में खाद होने पर भी वितरण नहीं करने पर दो समिति प्रबंधकों को नोटिस :** प्राथमिक सहकारी समितियों (पैक्स) में किसानों को खाद वितरण के लिए उर्वरक का भण्डारण रैक्स से प्राप्त होते ही किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस को प्राथमिक सहकारी समितियों में खाद की उपलब्धता होने पर भी किसानों को खाद नहीं बांटने की शिकायत मिली। कलेक्टर के निर्देशानुसार उप पंजीयक सहकारिता प्रभाकरण ने इन शिकायतों की जांच के पश्चात बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति चूंद के प्रभारी समिति प्रबंधक गोपिका प्रसाद पाण्डेय और प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति अबेर के प्रभारी समिति प्रबंधक भूपेंद्र सिंह को अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए नोटिस जारी की गई है।

## सफाई कार्य में लापरवाही मिली तो होगी कार्यवाही



**जागरण सतना।** शहर की सफाई व्यवस्था को चाक चौबंद और दुरस्त रखने के लिए गुरूवार को स्वास्थ्य अधिकारी अरविंद प्रताप सिंह ने स्वच्छता अमले की बैठक लेकर सख्त निर्देश दिये है। बैठक के दौरान उन्होने स्पष्ट शब्दो में कहा कि सफाई कार्य में लापरवाही तो कार्यवाही की जायेगी।

**करो स्पॉट फाइन :** स्वच्छता अमले की ली जा रही समीक्षा बैठक के दौरान एचओ अरविंद प्रताप सिंह ने कहा कि जो लोग सार्वजनिक जगहो , खाली प्लाटो और सडको पर कचरा फेकते है पहले उन्हे ऐसा नही करने की समझाईस दी जाये यदि इसके बाद भी लोग नही मानते तो उनके विरूद्ध स्पाट फाइन की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होने जहां शहर के सफाई व्यवस्था को दुरस्त करने के निर्देश दिये वहीं नाली की प्रापर सफाई और कचरे के उठाव पर भी बल दिया है।

## कलेक्ट्रेट में ली समीक्षा बैठक

**जागरण सतना।** मध्यप्रदेश विधानसभा की कृषि विकास समिति ने मैहर जिले के प्रवास के दौरान अपने अध्ययन भ्रमण में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मैहर में समीक्षा बैठक लेकर कृषि एवं विकास विभागों की गतिविधियों, परियोजनाओं एवं योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी लेकर समीक्षा की। सभापति दिलीप सिंह परिहार की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में समिति के सदस्य सुशील कुमार तिवारी (इंदू भैया), नरेन्द्र प्रजापति, संतोष बरकडे, श्रीकांत चतुर्वेदी, भैरो सिंह बापू, महावीर सिंह, विधायक गण के अलावा स्थानीय विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, कलेक्टर रानी बाटड, पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल, संयुक्त संचालक कृषि रीवा, संयुक्त संचालक मंडी, उप संचालक उद्यानिकी, एसडीओ वन, उप संचालक कृषि, पशु चिकित्सा सहित जिले के अधिकारी उपस्थित रहे। विधानसभा की कृषि समिति ने अधिकारियों के साथ केजेएस सीमेंट और मुकुंदपुर के व्हाईट टाइगर सफारी का भी भ्रमण किया। सीमेंट प्लांट के निरीक्षण के दौरान किसानों की फसलों में सीमेंट डस्ट से पडने वाले दुष्प्रभाव और निदान के संबंध में केजेएस सीमेंट प्रबंधन और अधिकारियों से चर्चा की।

## राज्यमंत्री आज सतना आयेंगी

**जागरण सतना।** प्रदेश की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी 22 अगस्त को प्रातः 9.50 बजे रीवा एक्सप्रेस से सतना आयेंगी।

## हिट एण्ड रन के लंबित 21 प्रकरणों को अगली बैठक में रखें : कलेक्टर



**जागरण सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने गुरूवार को एसडीएम, ट्रैफिक, पुलिस, आरटीओ की संयुक्त बैठक लेकर हिट एण्ड रन के प्रकरणों के निराकरण तथा राहवीर योजना की समीक्षा की। हिट एण्ड रन के प्रकरणों में अज्ञात वाहन से दुर्घटना होने की स्थिति में मृत्यु पर 2 लाख और गंभीर रूप से घायल होने पर प्रभावितों और परिजनों को 50 हजार रूपये तक की आर्थिक सहायता स्वीकृत की जाती है। डीएसपी ट्रैफिक संजय खरे ने बताया कि वर्ष 2025 में हिट एण्ड रन के 15 प्रकरण दर्ज हुए है। जिनमें 6 मृत्यु और 9 गंभीर रूप से घायल हुए है। डैशबोर्ड के अनुसार थानों में कुल 112 प्रकरण दर्ज हुए। जिनमें 71 घायल और 41 मृत्यु के प्रकरण है। थानों से तहसीलों में परीक्षण कर हिट एण्ड रन के कुल 55 प्रकरण भेजे गये है। जिनमें 21 मृत्यु और 23 घायलों के प्रकरण मिले हैं। इन प्रकरणों में 14 मृत्यु के प्रकरण और 3 घायल के प्रकरणों में स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। जबकि 6 मृत्यु और 16 घायलों के प्रकरण निरस्त कर दिये गये हैं। एक मृत्यु का प्रकरण और 4 घायलों के प्रकरण प्रक्रियाधीन है। इन प्रकरणों में 5 अज्ञात मौते भी शामिल है। कलेक्टर ने कहा कि रघुराजनगर सिटी के पास 21 और मझगवां के 3 प्रकरण लंबित है। इनके निराकरण के लिए समस्त दस्तावेजों के साथ अगली बैठक में उपस्थित रहे। इस मौके पर अपर कलेक्टर विकास सिंह, एसडीएम एलआर जांगडे, राहुल सिलाडिया, आरटीओ संजय श्रीवास्तव, जिला लोक अभियोजक रमेश मिश्रा भी उपस्थित थे।

## कृषि विकास समिति के सदस्यों का मैहर में हुआ स्वागत

**जागरण सतना।** म.प्र. विधानसभा की कृषि विकास समिति का रीवा संभाग का अध्ययन दौरा 20 से 24 अगस्त तक प्रस्तावित है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गुरूवार को कृषि विकास समिति के सभापति एवं सदस्य मैहर पहुंचे। समिति के सभी सदस्यों ने मैहर पहुंचकर मां शारदा देवी के दर्शन किये।

























जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**

**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com